शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 339 | गुवाहाटी | शनिवार, 8 जुलाई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/



आप ने असम के निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण मसौदे पर जताई आपत्ति पेज 3
कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी, तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की ... पेज 4
विकास और विरासत की धरोहर है गीताप्रेस : प्रधानमंत्री पेज 5
प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा भव्य और ऐतिहासिक होगी : भाजपा पेज 8



पूर्वाঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


सुप्रभात

*व्यसनी व्यक्ति कभी सफल नहीं हो सकता।*

- आचार्य चाणक्य

# आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारने के लिए बनाई योजनाएं : पीएम



**वाराणसी/नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी में सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 12,100 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 9 वर्षों में केंद्र सरकार ने एक परिवार और एक पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि आने वाले पीढ़ियों का भविष्य सुधारने पर ध्यान रखते हुए योजनाएं बनाई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत में भ्रष्ट और नाकाम सरकारें चलाने वाले आज के लाभार्थियों के नाम सुनकर तिलमिला जाते हैं। आजादी के इतने साल बाद लोकतंत्र का लाभ अब सही मायने में सही लोगों तक पहुंच रहा है। भाजपा सरकार में लाभार्थी वर्ग सच्चे सामाजिक न्याय और सच्ची धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण बन गए हैं। उत्तर प्रदेश में मुद्रा योजना के ज्यादातर लाभार्थी गरीब दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक परिवार से जुड़े पुरुष एवं महिलाएं उद्यमी हैं। उनकी सरकार में भेदभाव और भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। अब कमीशन खाने वालों, दलाली करने वालों और घोटाला करने वालों की दुकानें बंद हो गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बनारस आकर वे धन्य हो जाते हैं। उन्होंने काशी वासियों की प्रशंसा की और कहा कि बाबा विश्वनाथ के मंदिर को इतना भव्य बना दिया गया है कि यहां आने वाला हर व्यक्ति खुद को गदगद महसूस करता है। यह सब बाबा की कृपा है। काशीवासी इसी तरह से बनारस को संभाले रखें और बाबा के आशीर्वाद से वाराणसी की तेज विकास यात्रा चलती रहेगी। विकास परियोजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने काशी की आत्मा बनाए रखते हुए नूतन कायाकल्प का संकल्प लिया है। आज की योजनाएं इसी का विस्तार हैं। इनमें रेल, रोड, पानी, शिक्षा और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाएं हैं। घाटों से जुड़ी परियोजनाएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज गरीब कल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े बजट में कोई कमी नहीं है। करदाता वही है, सिस्टम वही है, सरकार बदली है, नीयत बदली है तो परिणाम भी बदलते दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-सोन नगर रेलवे लाइन के बीच समर्पित फ्रेट कॉरिडोर का लोकार्पण किया। 6760 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित, नई लाइन वस्तुओं की तीव्र और कुशल आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री तीन रेलवे लाइनों का भी लोकार्पण किया, जिनका विद्युतीकरण या दोहरीकरण 990 करोड़ से अधिक की लागत से पूरा किया गया है। इनमें शामिल हैं- गाजीपुर शहर-औंरिहार रेल लाइन, औंरिहार-जौनपुर रेल लाइन और भटनी-औंरिहार रेल लाइन। ये उत्तर प्रदेश में रेलवे लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के पूरा होने का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने एनएच-56 के वाराणसी-जौनपुर खंड की चार-लेन वाली सड़क का भी लोकार्पण किया, जिसे 2,750 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पूरा किया गया है। इससे वाराणसी से लखनऊ के बीच यात्रा आसान और तेज हो जाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में जिन विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें शामिल हैं - 18 पीडब्ल्यूडी सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण; बीएचयू परिसर में अंतर्राष्ट्रीय गर्ल्स हॉस्टल भवन का निर्माण; ग्राम करसरा में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) - व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र; पुलिस स्टेशन सिंधौरा, पीएसी भुल्लनपुर, फायर स्टेशन पिंडरा और सरकारी आवासीय विद्यालय तरसदा में आवासीय भवन और सुविधाएं; आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन भवन; मोहन कटरा से कोनिया घाट तक सीवर लाइन और रमना गांव में आधुनिक सेप्टेज प्रबंधन प्रणाली; 30 दो तरफ वाले बैकलिट एलईडी स्तम्भ; एनडीडीबी मिल्क प्लांट, रामनगर में गाय के गोबर पर आधारित बायो-गैस संयंत्र और दशाश्वमेध घाट पर एक अनूठा तैरता हुआ चेंजिंग रूम जेटी, जो भक्तों को गंगा नदी में स्नान करने की सुविधा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री चौखंडी, कादीपुर और हरदत्तपुर रेलवे स्टेशनों के पास 3 दो-लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण; व्यासनगर का निर्माण-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन रेल -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय में हिंसक झड़प, भीड़ ने थाने में फूंका पुलिस का वाहन



**शिलांग (हि.स.)।** मेघालय के लैतुमख्राह में आज तड़के दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिससे अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस हिंसा में व्यापक स्तर पर क्षति हुई। विवाद इस हद तक बढ़ गया कि भीड़ ने पुलिस स्टेशन परिसर में एक पुलिस वाहन को आग लगा दी। समाचार लिखे जाने तक इस घटना के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं हो पाया है। बीती मध्य रात्रि लगभग 12.30 से 01 बजे के बीच लैतुमख्राह में दो समूहों के बीच हिंसक विवाद शुरू हो गया। इससे क्षेत्र में अशांति की स्थिति पैदा हो गई। टकराव तेजी से बढ़ गया। पथराव किया गया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। कथित तौर -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : गोलीबारी में दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत



**इंफाल (हि.स.)।** मणिपुर में हिंसा की स्थिति के चलते उथल-पुथल का दौर जारी है। शुक्रवार को सुबह चुराचांदपुर में ताजा गोलीबारी हुई, जिसमें दो ग्रामीण स्वयंसेवकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सूत्रों के मुताबिक गोलीबारी की घटना सुबह करीब 4.30 बजे हुई, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चिंताएं बढ़ गईं हैं। गोलीबारी का सटीक कारण और इसमें शामिल पक्ष के बारे में स्थिति साफ नहीं हो पायी है। तड़के शुरू हुई गोलीबारी से लोगों में अशांति की स्थिति पैदा हो -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### बालासोर ट्रेन हादसा : तीन रेल कर्मचारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे पर केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कार्रवाई की है। इस दुर्घटना के मद्देनजर तीन रेल कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआइ ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरुण कुमार मोहंता, सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद अमीर खान और टेक्नीशियन पप्पू कुमार को आईपीसी की धारा 304 और 201 के तहत गिरफ्तार किया गया। ओडिशा में 2 जून 2023 को एक मालगाड़ी, 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 बेंगलुरु-हावड़ा एसएफ एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों की टकुर हुई। इस घटना में 280 लोगों की मौत हुई है और करीब 900 -शेष पृष्ठ दो पर

### भाजपा ने चार राज्य में किया चुनाव प्रभारियों का एलान

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को केंद्रीय प्रभारियों व सह-प्रभारियों की नियुक्ति की। इन राज्यों में इस साल के अंत तक चुनाव होने हैं। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को राजस्थान, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, -शेष पृष्ठ दो पर

### म्यांमार के गांव पर हमले में 15 लोगों की मौत

**यंगून।** म्यांमार की सेना नियंत्रित सरकार ने लोकतंत्र समर्थक पीपल्स डिफेंस फोर्सेज के लड़ाकों पर अशांत मध्य क्षेत्र में मोर्टार से हमला कर 15 नागरिकों की हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि गुरिल्ला समूह ने इन आरोपों से इनकार कर दिया। म्यांमार के सरकारी अखबार म्यांमार ऐलिन में गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तथाकथित पीपल्स डिफेंस फोर्सेज (पीडीएफ) ने बुधवार सुबह चार -शेष पृष्ठ दो पर

## असम की 11 पार्टियों ने ईसी को लिखा पत्र, 2001 की जनगणना के इस्तेमाल पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** कांग्रेस सहित असम के ग्यारह विपक्षी दलों ने राज्य में किए जा रहे परिसीमन अभ्यास के खिलाफ चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा है, और इस मामले पर व्यापक परामर्श की मांग की है। 11 पार्टियों के नेताओं ने परिसीमन प्रक्रिया पर अपने सामूहिक विरोध पर एक अभ्यावेदन साझा करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। उन्होंने चुनाव आयोग को अपना ज्ञापन देने से पहले शुक्रवार को जंतर-मंतर पर धरना दिया। कांग्रेस के अलावा, जो दल परिसीमन प्रक्रिया का विरोध करने के लिए एक साथ आए हैं, उनमें रायजोर -शेष पृष्ठ दो पर

## *डिब्रूगढ़ को ब्रह्मपुत्र के कटाव से बचाना हमारी प्राथमिकता : पीयूष*



**डिब्रूगढ़ (हि.स.)।** राज्य के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि डिब्रूगढ़ शहर की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। जिस प्रकार से ब्रह्मपुत्र नद द्वारा इन दिनों तट-कटाव चल रहा है, वह निश्चित ही चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस कटाव को रोकने के लिए तत्कालिक रूप से उपक्रम किए जा रहे हैं। जबकि, स्थाई समाधान के लिए वृहद कार्य योजना की तैयारियां चल रही है। ये बातें आज मंत्री हजारिका ने डिब्रूगढ़ में ब्रह्मपुत्र नद द्वारा किए जा रहे तेजी से कटाव का निरीक्षण करने के बाद स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि डिब्रूगढ़ शहर को बचाने के लिए किस तरह उसके उपाय किए जा सकते हैं, इसका अध्ययन आईआईटी गुवाहाटी को करने के लिए कहा गया है। आईआईटी गुवाहाटी द्वारा 15 अगस्त से पहले -शेष पृष्ठ दो पर

## मनीष सिसोदिया समेत कई आरोपियों की संपत्ति ईडी ने की कुर्क



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों की संपत्ति कुर्क कर ली गई है। संपत्ति की कीमत 52.24 करोड़ रुपए है। संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कुर्क किया गया है। मनीष सिसोदिया के अलावा उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया, अमनदीप सिंह ढल्ल, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा सहित अन्य आरोपियों की भी संपत्ति शामिल है है। ईडी ने यह कार्रवाई दिल्ली आबकारी नीति से -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा विस में विपक्ष का हंगामा पांच विधायक निलंबित

**अगरतला (हि.स.)।** त्रिपुरा विधानसभा का बजट सत्र हंगामे के बीच शुक्रवार से शुरू हुआ। तिपरा मोथा, कांग्रेस और सीपीआईएम सहित विपक्षी दल भाजपा विधायक यादव लाल नाथ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सदन में हंगामा करने लगे। आखिरकार बाध्य होकर अध्यक्ष ने विपक्ष के पांच विधायकों को दिनभर के लिए सदन से निलंबित कर दिया, लेकिन मुख्यमंत्री के आग्रह पर निलंबन वापस ले लिया गया। दरअसल, पिछले विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा विधायक जादब लाल नाथ को अश्लील वीडियो देखते हुए पाया गया था, जिसकी व्यापक निंदा हुई थी। विपक्षी नेताओं ने कथित कदाचार के लिए तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए आज बजट भाषण को बाधित -शेष पृष्ठ दो पर

### 27654.4 करोड़ का बजट पेश, 13 नई परियोजनाओं की घोषणा

**अगरतला (हि.स.)।** त्रिपुरा के वित्त मंत्री प्राणजीत सिंह रॉय ने त्रिपुरा विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 27654.4 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसमें से बजट में 611.3 करोड़ रुपए का घाटा दर्शाया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय 5358.70 करोड़ रुपए अनुमानित है। -शेष पृष्ठ दो पर

## प. बंगाल : पंचायत चुनाव के लिए मतदान आज



**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में शनिवार को राज्य की 73 हजार से अधिक सीटों पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान होगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार राज्य और केंद्रीय बलों की निगरानी में चुनाव होंगे। सेंट्रल फोर्स के करीब 83 हजार जवान बंगाल में हैं और प्रत्येक मतदान केंद्र पर इनकी तैनाती होनी है। इनके साथ 19 राज्यों की सशस्त्र पुलिस भी बंगाल पहुंच चुकी है, जिन्हें चुनावी ड्यूटी सौंपी गई है। शुक्रवार रात से ही मतदान कर्मी राज्य भर के मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं और बैलेट पेपर की -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल गांधी की सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाएगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की *मोदी उपनाम* संबंधी टिप्पणी को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से गुजरात हाईकोर्ट के इनकार पर नाखुशी जताते हुए विपक्षी दल ने शुक्रवार को कहा कि वह राहत पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा। गुजरात कांग्रेस के नेताओं ने दावा किया है कि यह संसद में राहुल गांधी को, असहज करने वाले मुद्दे उठाने से रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक साजिश है। मानहानि का मामला दायर करने वाले सत्ताधारी दल के नेता पूर्णेश मोदी ने कहा कि अयोग्य ठहराए गए लोकसभा सदस्य को दूसरों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने कहा कि हमारी विधिक टीम इस मामले को उच्चतम न्यायालय में ले जाएगी। चूंकि गांधी ने (वर्ष 2019 के दौरान) कर्नाटक में बयान दिया था, अत: यह सूरत की अदालत के न्यायिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता जहां मामला दर्ज किया गया है। यदि कुछ गलत होता है तो इसके खिलाफ बोलना राजनेताओं की जिम्मेदारी और उनका अधिकार है। देश का धन लूटकर -शेष पृष्ठ दो पर

## मुंबई में रहता है दुनिया का सबसे अमीर भिखारी, कुल संपत्ति 7.5 करोड़ रुपए



**मुंबई।** रोजमर्रा की जिदंगी में आप सड़क, फुटपाथ, बस अड्डा और रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर भिखारियों को देखते हैं जोकि भीग मांगकर अपना जीवन यापन करते हैं। दो वक्त की रोटी के लिए मेहनत कर रहे इन भिखारियों को देखकर कुछ लोग इन्हें पैसे देकर मदद भी करते हैं। लेकिन आपको यह बात जानकर बड़ी हैरानी होगी कि कुछ लोगों ने भीख मांगने के फायदे को अपना पेशा बना लिया है। क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे अमीर भिखारी कौन है और कहां रहता है? आज हम आपको बताने जा रहे हैं दुनिया के इस अमीर भिखारी के बारे में... दुनिया के सबसे अमीर भिखारी का नाम भरत जैन है जोकि मुंबई में रहता है। यह मुंबई की सड़कों पर भीख मांगता है। गरीबी के कारण बचपन में भरत जैन की पढ़ाई पूरी न हो पाई और वह मुंबई में भीख मांगने का काम शुरू कर दिया। दुनिया का अमीर भिखारी शादीशुदा है और उसके परिवार में पत्नी, दो बच्चे, एक -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

### *एनसीपी के सियासी संकट के बीच गडकरी की चुटकी, कहा–*

# मंत्री पद के दावेदार दुखी हैं... अब वहां भीड़ हो गई है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जाहिरा तौर पर महाराष्ट्र की मौजूदा राजनीतिक स्थिति को लेकर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को कहा कि मंत्री पद की चाह रखने वाले लोग अब दुखी हैं क्योंकि इसके लिए *भीड़* है। इसके साथ ही गडकरी ने कहा कि ऐसे लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि (मंत्री बनने पर पहनने के लिए) *सिलाए गए सूट* का क्या करें। नागपुर विद्यापीठ शिक्षण मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने भूटान के प्रधानमंत्री द्वारा दिए *घरेलू मानव खुशी सूचकांक* का संदर्भ दिया और कहा कि अधिकतर लोग कभी खुश नहीं होते। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी ने कहा कि अगर व्यक्ति स्वीकार कर ले कि वह जितने का हकदार है, उसे उससे अधिक मिला है तो वह व्यक्ति खुश और संतुष्ट रह सकता है। उन्होंने कहा कि अन्यथा पार्षद नाखुश हैं कि वे विधायक नहीं बन सके, विधायक नाखुश हैं कि वे मंत्री नहीं बन सके और मंत्री इसलिए नाखुश रहते हैं कि उन्हें अच्छा मंत्रालय नहीं मिला है। कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं की तालियों के बीच उन्होंने कहा कि ... अब जो मंत्री बनने जा रहे हैं, वे यह सोचकर नाखुश हैं कि उनकी बारी कभी आएगी भी या नहीं, यहां बहुत भीड़ हो गई है। गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा कि वे लोग सूट (शपथ ग्रहण समारोह के लिए) सिलाकर तैयार थे। अब सवाल यह है कि उस सूट का क्या करें क्योंकि (मंत्री पद के आकांक्षियों की) भारी भीड़ है। गडकरी ने कहा कि इस कार्यक्रम को जिस सभागार में आयोजित किया जा रहा है, उसकी क्षमता 2200 है तथा इसमें और भी बहुत लोग समा सकते हैं लेकिन मंत्रिमंडल का आकार नहीं बढ़ाया जा सकता है।

# 30वां अंतर–जिला असम एक्वाटिक चैम्पियनशिप शुरू

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के सोरूसजाई में तैराकों के जमावड़े से माहौल में रौनक आ गई है। असम तैराकी संघ की पहल पर 30वां अंतर जिला असम एक्वाटिक चैम्पियनशिप शुरू की गई है। 30वीं असम एक्वाटिक चैंपियनशिप का आयोजन आज से 9 जुलाई तक तीन दिनों के लिए किया जा रहा है। अखिल असम स्तर पर आयोजित अंतर–जिला प्रतियोगिता डॉ. जाकिर हुसैन एक्वाटिक कांप्लेक्स, सोरूसजाई, गुवाहाटी में शुरू हुई। असम के सभी जिलों के 500 से अधिक एथलीट इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। इसकी शुरुआत अखिल भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष और असम तैराकी संघ के सचिव भास्कर रंजन दास ने दीप प्रज्वलित कर की। असम तैराकी संघ के अध्यक्ष रंजीत बोरगोहाईं ने असम तैराकी संघ का झंडा फहराया। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों में आयोजित की जा रही है। 144 स्पर्धाओं में 520 प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। गोताखोरी और वाटर पोल प्रतियोगिताएं भी होंगी।

## कांग्रेस विधायक ने गंगाजल छिड़ककर विस को किया पवित्र

**अगरतला (हिंस)।** त्रिपुरा विधानसभा के इतिहास में शुक्रवार को एक अभूतपूर्व घटना देखने को मिली है। कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने गंगा जल छिड़ककर विधानसभा में प्रवेश किया। त्रिपुरा विधानसभा का बजट सत्र आरंभ हुआ है। कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने विधानसभा में प्रवेश करते ही कमरे के चारों ओर गंगा जल छिड़ककर उन्होंने विधानसभा में मौजूद सदस्यों को आश्चर्यचकित कर दिया। उनका कहना है कि विधायक यादव लाल ने त्रिपुरा विधानसभा को अपवित्र किया है।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**कामरूप (हिंस)।** ड्रग्स के खिलाफ हाजो पुलिस ने छापामारी अभियान जारी रखा है। प्लास्टिक के छोटे–छोटे 13 कंटेनर हेरोइन के साथ दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया है कि बीती देररात को रामदिया पुलिस की मदद से हाजो पुलिस द्वारा की गई छापामारी में दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। हिरासत में लिए गए दोनों तस्करों की पहचान बंकिम मेधी उर्फ पापू (रामदिया, नामपारा निवासी) और शामसुल हक (दामपुर, माजरचुपा निवासी) के रूप में की गई है। तस्करों के पास से एक दोपहिया वाहन (एएस–01डीए–1452) को 13 ड्रग्स भरे कंटेनरों के साथ जब्त किया गया।

## डबका में पत्नी की गला दबाकर हत्या, पति फरार

**होजाई (हिंस)।** जिले के डबका में एक महिला की उसके पति ने कथित तौर पर गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति घर से फरार हो गया। पुलिस आरोपी पति को तलाश रही है। बताया गया कि शुक्रवार सुबह डबका उप–मंडल के तहत बेलोगुरी गांव में घर से एक महिला का शव मिलने की जानकारी पर पुलिस गांव पहुंची। महिला का शव गमोछे से गले में लगे फंदे से लटक रहा था।

## पीएम पोषण स्कीम में मिली आर्थिक अनियमितताओं पर केंद्र सख्त, बंगाल को फटकार

**नई दिल्ली।** बंगाल में स्कूली बच्चों को पीएम पोषण स्कीम के तहत मुहैया कराए जाने वाले मिड–डे मील में गड़बड़ियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुछ समय पहले ऐसी ही गड़बड़ियों की जांच के लिए केंद्र ने एक संयुक्त दल का भी गठन किया था। इस बीच केंद्र सरकार ने बंगाल में मिड–डे मील से जुड़ी एक और बड़ी आर्थिक गड़बड़ी को उजागर किया है। इसमें स्कीम के फंड में पहले एक बड़ी धनराशि डाली गई। बाद में उस राशि को कई संदिग्ध खातों में ट्रांसफर किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस अनियमितता के सामने आने के बाद राज्य सरकार को फटकार लगाई है। साथ ही इसे लेकर जल्द ही रिपोर्ट देने को भी कहा है। आशंका यह भी है कि राज्य सरकार की ओर से काले धन को सफेद बनाने के लिए यह हथकंडा अपनाया जा रहा है। इस बीच केंद्रीय स्कूली शिक्षा सचिव के निर्देश पर राज्य के प्रमुख सचिव शिक्षा को एक कड़ा पत्र लिखा गया है। इसके साथ प्रमाण के तौर पर पीएम पोषण स्कीम में की गई आर्थिक गड़बड़ियों के दस्तावेज भी भेजे गए हैं। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, यह आर्थिक अनियमिताएं तब उजागर हुईं जब बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में कुछ ऐसे बैंक से जुड़े लेन–देन के दस्तावेज मंत्रालय के हाथ लगे, जिसे पीएम पोषण स्कीम के नाम पर ट्रांफसर किया गया था। हालांकि, पड़ताल की गई तो पता चला यह राशि पीएम पोषण स्कीम के फंड से भेजी गई है। इसके बाद तो मंत्रालय ने पीएम पोषण स्कीम के फंड की जांच की तो इनमें बड़े पैमाने पर ऐसी राशि के जमा होने का पता चला जो कहां से आयी इसका कोई लेखाजोखा नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह राशि तीन हजार करोड़ से अधिक की है। गौरतलब है कि बंगाल को लेकर लंबे समय से यह शिकायत मिल रही है कि वह केंद्र से मिलने वाली राशि का दूसरे मद में इस्तेमाल कर रहा है।

## पूसीरे चलाएगी साप्ताहिक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन

**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रंगापाड़ा नॉर्थ और विशाखपट्टनम के बीच चार ट्रिपों के लिए जुलाई से दोनों तरफ से एक साप्ताहिक विशेष ट्रेन के परिचालन करने का निर्णय लिया है। पूसीरे के सीपीआरओ सब्यसाची दे ने शुक्रवार को बताया है कि ट्रेन संख्या 08561 (रंगापाड़ा नॉर्थ–विशाखपट्टनम) जनसाधारण साप्ताहिक स्पेशल की सेवाएं 11 जुलाई, 18 जुलाई, 25 जुलाई और 1 अगस्त को प्रति मंगलवार रंगापाड़ा नॉर्थ से 05.15 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी और अगले दिन विशाखपट्टनम 15.35 बजे पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 08562 (विशाखपट्टनम– रंगापाड़ानॉर्थ) जनसाधारण साप्ताहिक स्पेशल 9 जुलाई, 16 जुलाई, 23 जुलाई और 30 जुलाई को प्रति रविवार विशाखपट्टनम से 00.10 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी और अगले दिन रंगापाड़ा नॉर्थ 10.00 बजे पहुंचेगी। यह साप्ताहिक विशेष ट्रेन दोनों तरफ से वाया विजयनगरम, पलासा, ब्रह्मपुर, भुवनेश्वर, कटक, खड़गपुर, डानकुनी, बर्द्धमान, मालदा टाउन, बारसोई, न्यू जलपाईगुड़ी, माथाभांगा, न्यू कोचबिहार, कोकराझाड़, न्यू बंगाईगांव, रंगिया और उदालगुड़ी स्टेशनों से होकर अपने निर्धारित गंतव्यों को पहुंचेगी। इस ट्रेन में 17 जनरल सिटिंग कोचे होंगे।

## दलगांव में आत्महत्या से फैली सनसनी

**दरंग (हिंस)।** दरंग जिलांतर्गत दलगांव में आज सुबह हुई एक आत्महत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। गरीबी का बोझ सहन नहीं कर पाने के कारण 70 वर्षीय एक व्यक्ति ने शुक्रवार सुबह अपने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि बूढ़े पिता ने अपने बेटे की शादी की तारीख नजदीक आने और शादी के खर्चों को पूरा करने में असमर्थ होने से घबराकर अंतिम समय में आत्महत्या का रास्ता ही चुन लिया। आत्महत्या करने वाले बुजुर्ग की पहचान दलगांव विधानसभा क्षेत्र के कसारीपारा गांव निवासी अब्बुल मालेक के रूप में हुई है।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *आने वाली पीढ़ियों ...*

फ्लाईओवर का निर्माण और 15 पीडब्ल्यूडी सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण से जुड़ी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं को लगभग 780 करोड़ रुपए की कुल लागत से विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत 550 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली 192 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी शिलान्यास किया। इनसे 192 गांवों के 7 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट के फिर से डिजाइन तैयार करने और इनके पुनर्विकास की आधारशिला भी रखी। पुनर्विकास किए जाने वाले घाटों में सार्वजनिक सुविधाएं, प्रतीक्षा क्षेत्र, लकड़ी भंडारण, अपशिष्ट निपटान और पर्यावरण के अनुकूल दाह संस्कार की व्यवस्था होगी। आधारशिला रखी जाने वाली अन्य परियोजनाओं में शामिल हैं – वाराणसी में गंगा नदी तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट के तैरते हुए चेंजिंग रूम जेटी की तर्ज पर छह धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण स्नान घाटों पर तैरते हुए चेंजिंग रूम जेटी का निर्माण और सिपेट परिसर करसरा में छात्रावास निर्माण आदि। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के लाभार्थियों को पीएमस्वनिधि के ऋण, पीएमएवाई ग्रामीण घरों की चाबियां और आयुष्मान भारत कार्ड भी वितरित किए।

### *मेघालय में हिंसक ...*

पर झड़प डीएचएस कार्यालय के पास शुरू हुई। इन लोगों की गुस्साई भीड़ बाद में स्थानीय पुलिस स्टेशन के बाहर एकत्र हो गई। उन्होंने थाना परिसर के भीतर खड़े एक पुलिस वाहन में आग लगा दी। फिलहाल इसे लेकर पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। व्यापक पैमाने पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। स्थिति नियंत्रण में बताई गई है।

### *मणिपुर : गोलीबारी में ...*

गई है। गोलीबारी जारी रहने से तनाव बढ़ गया है। मणिपुर पुलिस ने 6 जुलाई को केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कांगपोकपी, इंफाल पश्चिम और चुराचांदपुर जिलों में बंकरों को नष्ट करने के लिए एक अभियान शुरू किया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से किए गए इस संयुक्त अभियान में चार बंकर नष्ट कर दिए गए। इसके अलावा अन्य जिलों के भी बाहरी इलाकों में इसी तरह की संरचनाओं को नष्ट करने के उपाय कर रहे हैं। हालांकि, पिछले 24 घंटों में गोलीबारी की छिटपुट घटनाओं और अनियंत्रित भीड़ के जमा होने से कुछ इलाकों में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, लेकिन अधिकांश जिलों में स्थिति सामान्य होने की सूचना है। इन चुनौतियों के जवाब में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया है।

### *असम की 11 पार्टियों ने ...*

दल, असम जातीय परिषद, जातीय दल, तृणमूल कांग्रेस की राज्य इकाइयां, एनसीपी, सीपीआई, सीपीआई (एम), सीपीआई (एम–एल) लिबरेशन शामिल हैं। राजद और जद(यू) इससे पहले, इनमें से अधिकांश पार्टियों ने राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक अनौपचारिक गठबंधन की घोषणा की थी। 20 जून को जारी एक मसौदा परिसीमन दस्तावेज़ में, चुनाव आयोग ने असम में विधानसभा सीटों की संख्या 126 और लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 14 बरकरार रखते हुए – विधानसभा और लोकसभा दोनों, अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों की भौगोलिक सीमाओं में बदलाव का संकेत दिया। इसका मतलब है कि कई सीटें अब खत्म हो सकती हैं, जबकि नई सीटें तैयार की गई हैं। मसौदा दस्तावेज सामने आने के बाद राज्य में विपक्षी दलों के साथ–साथ भाजपा के सहयोगियों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। चुनाव आयोग को लिखे अपने पत्र में 11 विपक्षी दलों ने कहा कि वे परिसीमन का विरोध करने के कारणों का विवरण देते हुए पहले ही चुनाव आयोग को कई ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसने चुनाव आयोग से इस मामले पर बहुत गहनता से विचार करने और उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

### *डिब्रूगढ़ को ब्रह्मपुत्र के ...*

इस पर रिपोर्ट सौंपा जाएगा। तदनुसार सरकार नवंबर–दिसंबर से इस पर काम शुरू करेगी। पत्रकारों के सवाल पर मंत्री हजारिका ने कहा कि उनकी सरकार डिब्रूगढ़ शहर के बचाव को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। अस्थाई तौर पर फिलहाल जो भी संभव है वह किया जा रहा है। वे पहले भी आकर स्थिति का निरीक्षण कर चुके हैं। मंत्री हजारिका के साथ स्थानीय विधायक विनोद हजारिका, असम पर्यटन निगम के अध्यक्ष ऋतुपर्ण बरुवा, युवा क्लायण सदस्य भास्कर पापूकन गोगोई तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर डिब्रूगढ़ से धेमाजी की ओर जाते समय विधायक भुवन पेगु के साथ मंत्री हजारिका ने बगीबिल पुल से ब्रह्मपुत्र नद के किनारे हो रहे तट–कटाव का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जल संसाधान विभाग से इस पर आवश्यक कदम उठाने का हजारिका ने निर्देश दिया। मंत्री हजारिका ने धेमाजी जिला के जोनाई विधानसभा अंतर्गत सीसी मिलन नामक स्थान पर निर्माणाधीन तटबंध और स्लूइस गेट का निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तटबंध के कटाव को रोकने के लिए बगीबिल के किनारे पर्कूपाइन का उपयोग किए जाने से तटबंध को पानी से कम खतरा होने की बात कही। उन्होंने तटबंध को और अधिक मजबूत बनाने का विभाग से आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर स्लूइस गेट का निर्माण तेजी से करने का विभाग को निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय सांसद प्रदान बरुवा, विधायक भुवन पेगु, जिला उपायुक्त, जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता बरसिंग रंगपी तथा जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### *मनीष सिसोदिया समेत...*

जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत अन्य अचल संपत्तियों (7.29 करोड़ रुपए मूल्य) को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया, जिसमें मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया की दो संपत्तियां शामिल हैं। अन्य आरोपी राजेश जोशी (चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक) का जमीन/फ्लैट शामिल है। इसके अलावा आरोपी गौतम मल्होत्रा की जमीन/फ्लैट भी शामिल है। ईडी ने अपने बयान में कहा कि कुर्की में 44.29 करोड़ रुपए की चल संपत्ति भी शामिल है, जिसमें मनीष सिसोदिया का 11.49 लाख रुपए का बैंक बैलेंस है। ब्रिंडको सेल्स प्रा. लिमिटेड (16.45 करोड़ रुपए की राशि) और अन्य संपत्ति शामिल है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री सिसोदिया को इस मामले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी और सीबीआई का आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021–22 की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी की अनुमति दी। उन्होंने कुछ डीलरों का पक्ष लिया, जिन्होंने इसके लिए कथित तौर पर रिश्वत दी थी, इस आरोप का दिल्ली सरकार ने इसका जोरदार खंडन किया। ईडी ने आबकारी नीति में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अभी तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 13वें आरोपी व्यवसायी दिनेश अरोड़ा की गिरफ्तारी गुरुवार रात (6 जुलाई) की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 जुलाई को ईडी केस में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

### *त्रिपुरा विस में ...*

किया। त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्ष के नेता अनिमेष देबबर्मा ने भाजपा विधायक जादब लाल नाथ से संबंधित पुराना मुद्दा उठाया। इस पर विपक्षी नेताओं ने अपना असंतोष व्यक्त किया और मामले के समाधान के लिए त्वरित प्रतिक्रिया की मांग की। विपक्षी नेता की टिप्पणी के जवाब में अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि उठाए गए मुद्दे के संबंध में जवाब दिया जाएगा, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं होने से असंतुष्ट विपक्षी दलों ने सदन के वेल में उतरकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उन्होंने भाजपा विधायक जादब लाल नाथ के कथित कदाचार के लिए तत्काल और संतोषजनक प्रतिक्रिया की मांग की। हंगामे के कारण विधानसभा की कार्यवाही बाधित हुई और तनाव एवं असंतोष का माहौल बन गया।

### *27654.4 करोड़ का...*

त्रिपुरा सरकार के बजट में कुल 13 नई परियोजनाओं की घोषणा की गई है। त्रिपुरा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ। पहले दिन वित्त मंत्री ने बजट पेश करते हुए कहा कि इस बार त्रिपुरा सरकार ने त्रिपुरा राज्य के सभी हिस्सों के लोगों के अवसरों और लाभों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2023–24 के लिए समावेशी, भविष्योन्मुखी और विकासोन्मुख बजट पेश किया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में त्रिपुरा की जीएसडीपी 8.80 फीसदी थी, जो राष्ट्रीय स्तर पर 7.20 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि चालू वित्तीय वर्ष में त्रिपुरा की अर्थव्यवस्था करीब 8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि इस साल के बजट में 13 नई योजनाओं का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या आत्मनिर्भर योजना भी शामिल है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए के लिए भी बड़ी धनराशि आवंटित की गई है। प्रस्तावित नई योजना बजट में शामिल किया गया है। इस योजना में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली 100 छात्राओं को एक–एक स्कूटी दी जाएगी। इसके अलावा, वित्त मंत्री प्राणजीत सिंह रॉय ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए मुख्यमंत्री दक्षिण विकास योजना के लिए 50 करोड़ रुपए और मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के लिए 120 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

### *प. बंगाल : पंचायत...*

सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। 22 जिला परिषदों, 9,730 पंचायत समितियों और 63,229 ग्राम पंचायतों की सीटों के लिए मतदान होना है। करीब 5.67 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। दो लाख से अधिक उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। आठ जून को चुनावों की घोषणा के दिन से ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में व्यापक हिंसा की घटनाएं हो रही हैं, जिनमें अब तक एक किशोर सहित 20 लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का नेतृत्व किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने चुनाव प्रचार अभियान का नेतृत्व किया जबकि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और सीपीआई (एम) के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने अपनी पार्टियों के संबंधित चुनाव अभियान का नेतृत्व किया है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में अपनी सीमित उपस्थिति के साथ इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) ने भी सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि इसके नेता और एकमात्र विधायक नौसाद सिद्दीकी ने पार्टी के अभियान का नेतृत्व किया। पहली बार राजभवन ने चुनावी हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने में सक्रिय भूमिका निभाई। राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने आम आदमी की शिकायतों के समाधान के लिए राजभवन में *शांति गृह* खोला है। राज्यपाल डॉ सी वी आनंद बोस पीड़ितों और उनके परिवारों को सांत्वना देने के लिए हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में गए, जिसे भाजपा की ओर से सराहना और सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना का सामना करना पड़ा है। सत्तर के दशक के अंत में बंगाल में पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत के बाद से दूसरी बार ग्राम परिषदों के प्रतिनिधियों को चुनने के लिए केंद्रीय बलों की निगरानी में चुनाव होंगे।

### *राहुल गांधी की...*

भागने वाले कारोबारी ललित मोदी और नीरव मोदी के बारे में बोलना कोई अपराध नहीं है। हाईकोर्ट के फैसले पर गोहिल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मामलों में आरोपी को राहत प्रदान की है। उन्होंने कहा कि यह मामला (मानहानि केस) सुप्रीम कोर्ट तक जरूर जाएगा। गोहिल ने कहा कि वर्ष 2016 में, अमरेली की एक अदालत ने तत्कालीन सांसद नाराण कछाड़िया को एक दलित चिकित्सक से मारपीट के मामले में दोषी ठहराया था। बाद में शीर्ष अदालत ने उन्हें राहत देते हुए कहा था कि यह एक गंभीर अपराध था, लेकिन सजा के कारण उन्हें एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाने से नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने एक और उदाहरण देते हुए कहा कि केरल की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में एक सांसद को राहत दी थी। राज्यसभा सदस्य गोहिल ने कहा कि मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि इसी तरह सुप्रीम कोर्ट राहुल गांधी को भी राहत देगा। कांग्रेस विधायक अमित चावड़ा ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से लोकतंत्र और संविधान में आस्था रखने वाले लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। चावड़ा ने कहा कि जैसे ही राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके निरंकुश शासन पर सवाल उठाना शुरू किया, चाहे वह भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ पर हो या अडाणी की कंपनियों में काला धन का निवेश हो, भाजपा ने हमारे नेता को संसद से बाहर निकालने की साजिश रची ताकि वह उन मुद्दों को न उठा न सकें। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने से रोकने के लिए गांधी की टिप्पणियों के आधार पर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज कराए गए। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कहा कि राहुल गांधी को संसद में मुद्दे उठाने से रोकने के लिए, भाजपा द्वारा एक साजिश के तहत देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई मामले दर्ज कराए गए। जिस तरह से अदालतें प्रतिकूल फैसले दे रही हैं, ऐसा लगता है कि देश के लोकतंत्र पर निरंकुशता हावी हो जाएगी। हम न्यायपालिका पर भरोसा करते हैं और हम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को अब आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और उन्हें दूसरों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। पूर्णेश की शिकायत पर सूरत मेट्रोपॉलिटन अदालत ने गांधी को दोषी ठहराया था और उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई थी, जिसके कारण उन्हें लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया था। वर्ष 2019 में केरल के वायनाड से लोकसभा के लिए चुने गए गांधी ने हाईकोर्ट से दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

### *बालासोर ट्रेन हादसा...*

लोग घायल हुए हैं। रेलवे ने मृतकों के परिवारों के लिए 10 लाख, गंभीर रूप से घायलों के लिए 2 लाख और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 50,000 के मुआवजे की घोषणा की है। इसके अलावा, पीएमएनआरएफ से 2 लाख की अनुग्रह राशि मृतक के परिवारों को और 50,000 घायलों को दी जाएगी।

### *मुंबई में रहता है ...*

भाई और उनके पिता हैं। भरत जैन चाहते थे कि उनके बच्चे एजुकेशन प्राप्त करें और उनके दोनों बच्चों ने सफलतापूर्वक अपनी शिक्षा पूरी कर ली है। भारत जैन की कुल संपत्ति 7.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। वह भीख मांगकर प्रतिमाह 60,000 से 75,000 रुपए कमाता है। रिपोर्ट्स की मानें तो, भरत जैन के पास मुंबई में 1.4 करोड़ रुपए के दो फ्लैट हैं। उन्होंने ठाणे में दो दुकानें भी खरीदी हैं, जिससे उन्हें 30,000 रुपए की मासिक किराए की इनकम होती है। भरत जैन मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस या आजाद मैदान इलाके में भीख मांगता है। एक ओर जहां आदमी 12 से 14 घंटे भी काम करते हैं, इसके बाद उन्हें महीने के 8 से 10 हजार रुपए मिलते हैं तो वहीं भरत जैन अपने भीख मांगने के इस काम से एक ही दिन में दो से ढाई हजार रुपए कमा लेते हैं। भरत जैन और उनका परिवार परेल में 1बीएचके डुप्लेक्स निवास में अच्छी तरह से रहते हैं। परिवार वाले भरत जैन को भीख न मांगने की सलाह देते हैं, लेकिन वह मानते नहीं है और भीख मांगने का काम जारी रखे हुए हैं।


### *भाजपा ने चार राज्य...*

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल और हरियाणा के कुलदीप बिश्नोई को राजस्थान का सह–प्रभारी बनाया गया है, जबकि केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को छत्तीसगढ़ का सह–प्रभारी नियुक्ति किया गया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को मध्य प्रदेश का और भाजपा महासचिव सुनील बंसल को तेलंगाना का सह–प्रभारी नियुक्त किया है। प्रत्येक राज्य के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा केंद्रीय प्रभारी और सह–प्रभारियों की नियुक्ति करती है। प्रभारी व सह प्रभारी चुनावी राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें करते हैं और चुनावी रणनीति को धार देने में भूमिका निभाते हैं। चुनाव के दौरान उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी अहम भूमिका होती है। प्रभारी और सह–प्रभारी राज्य नेतृत्व व केंद्रीय नेतृत्व के बीच सेतु का काम भी करते हैं।

### *म्यांमार के गांव ...*

बजे सागेंग क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में नगवे ट्विन गांव पर मोर्टार हमला किया, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई और तीन भिक्षुओं सहित सात अन्य घायल हो गए। एक फरवरी 2021 को लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित *आंग सान सू की* से सेना द्वारा सत्ता छीनने के बाद देश भर में पीडीएफ समूह एक संगठन के रूप में उभरा। एनयूजी ने हमले पर टिप्पणी के अनुरोध का शुक्रवार को तुरंत जवाब नहीं दिया। सेना द्वारा सत्ता हथियाए जाने के बाद से म्यांमार में सैन्य शासन का शांतिपूर्ण विरोध देश के कई हिस्सों में सशस्त्र प्रतिरोध में बदल गया है और पीडीएफ समूहों ने खुद को कई सशस्त्र जातीय अल्पसंख्यक समूहों के साथ जोड़ लिया है जो दशकों से देश में अधिक स्वायत्तता की लड़ाई लड़ रहे हैं। उसके जवाब में, सेना ने ग्रामीण इलाकों में आतंकवाद विरोधी बर्बर अभियान चलाया, जिसमें गांवों को जलाना और हजारों लोगों को उनके घरों से खदेड़ना शामिल है। म्यांमार का ऐतिहासिक गढ़ सेगांग सत्तारूढ़ सेना के सशस्त्र प्रतिरोध का गढ़ है लेकिन नगवे ट्विन ऐसे कुछ एक गांवों में से एक है जिसे सरकार समर्थक के रूप में देखा जाता है जहां ग्रामीण सेना के आतंकवाद विरोधी अभियान में मदद कर रहे थे। सेना की ओर से बदले की कार्रवाई के डर से नाम न छापने की शर्त पर एक लड़ाके ने कहा कि मारे गए सभी 15 लोग सेना समर्थक मिलिशिया के सदस्य थे। हमले में शामिल एक अन्य पीडीएफ समूह (पीपुल्स सर्वेंट रिवोल्यूशन–वेटलेट) ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि सेना और उससे संबद्ध मिलिशिया के 19 सदस्य मारे गए और 20 अन्य घायल हैं। हालांकि, हमले में अपने 14 वर्षीय भाई को खोने वाले एक व्यक्ति ने एपी को बताया कि बौद्ध मठ के परिसर में शरण लिए हुए 11 ग्रामीण मारे गए।

### *स्वर्वेद भाष्य*




**पंचम मंडल** **प्रथम अध्याय**

**(विविध योग)**

**सहज योग एक योग है, अवर योग सब रोग।**
**वेद आदि गुरु सन्त हैं, गुप्त धार चल लोग॥ 09॥**

**शब्दार्थ :** (रोग) व्याधि (गुप्त धार) अन्तर्प्रवाह।

**भाष्य :** सहज योग एक योग है, जिसकी धार पकर अनुभव–मार्ग से अनुरागी जीव चलते हैं। जिसके आदि आचार्य वेद में संत बतलाये गए हैं। सहज योग के अतिरिक्त और सब योग प्राकृतिक दु:ख के मार्ग हैं, इनके द्वारा प्रभु की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि आत्मा की शक्ति को लेकर प्रकृति–मंडल में मन, प्राण और भौतिक शक्तियों का विकास होता है।

**ब्रह्मविद्या अरु योग का, आदि गुरु हैं सन्त।**
**वेद चार गुण गावहीं, बोधित भेद अनन्त॥ 10॥**

**शब्दार्थ :** (अनन्त) महाप्रभु (भेद) मर्म (बोधित) ज्ञान से सन्तुष्ट (गुण महिमा।

**भाष्य :** ब्रह्मविद्या और योग के आदि गुरु सन्त हैं, जिसकी महिला चारों वेद गाते हैं एवं जिसके मार्ग द्वारा अनन्त महाप्रभु की प्राप्ति कर ज्ञान–विज्ञान से जीवन सन्तुष्ट हो जाता है।।

# आप ने असम के निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण मसौदे पर जताई आपत्ति

## आप के असम प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय पर्यवेक्षक ने दिल्ली में चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली/गुवाहाटी ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी (आआपा) की असम प्रदेश इकाई ने असम के निर्वाचन क्षेत्रों के पुनः निर्धारण के खिलाफ दिल्ली में चुनाव आयोग मुख्यालय को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर तैयार किए गए मसौदे का विरोध जताया और इस पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह रोकने की मांग की। शुक्रवार को नई दिल्ली में आआपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भाबेन चौधरी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय पर्यवेक्षक राजेश शर्मा ने केंद्रीय चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा। आआपा ने ज्ञापन में चुनाव आयोग को बताया कि चूंकि हमारे पास 2011 की जनगणना के आंकड़े हैं और 2011 की जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्र पुनर्निर्धारण आयोग ने जम्मू-कश्मीर के निर्वाचन क्षेत्रों को पहले ही पुनर्निर्धारित किया है। इसलिए वर्ष 2011 को असम में भी आधार वर्ष के रूप में लिया जाना चाहिए। आआपा नेता ने कहा कि असम के लोगों को निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण में कोई लाभ नहीं मिलेगा, जो केवल कुछ वर्षों के लिए प्रभावी होगा। इसलिए, चुनाव आयोग को वर्ष 2026 से देशभर में शुरू होने वाले निर्वाचन क्षेत्रों को पुनर्निर्धारित करने के साथ असम में निर्वाचन क्षेत्र को फिर से निर्धारित करने के लिए चुनाव आयोग पर छोड़ देना चाहिए। आआपा ने चुनाव आयोग को बताया है कि इस मसौदे में कुछ ऐतिहासिक चुनाव क्षेत्र हैं, जिन्हें समाप्त कर दिया गया है या ऐतिहासिक महत्व को कम कर दिया गया है। चुनाव आयोग की कार्रवाई ने कई लोगों को नाराज कर दिया है। आआपा ने मांग की कि इसमें नागरिकों की भावनाएं शामिल किया जाना चाहिए। आआपा ने कहा है कि मसौदे में प्रस्तावित निर्वाचन क्षेत्रों की भौगोलिक निरंतरता की भी अनदेखी की गई है। एक पंचायत को कई हिस्सों में बांटकर उसे तीन निर्वाचन क्षेत्रों में जोड़ने का कृत्य प्रशासनिक दृष्टि से कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता। यहां तक कि यह भी किया गया है कि मुख्य निर्वाचन क्षेत्र से 50 किमी दूर एक या दो गांवों को मिला दिया गया है। आआपा ने आरोप लगाया कि इस तरह की कार्रवाई आचार संहिता के तहत नहीं है।

# शराब के विरुद्ध प्रदेश महिला कांग्रेस ने किया विरोध-प्रदर्शन




**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश महिला कांग्रेस की पहल पर आज असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) मुख्यालय गुवाहाटी के राजीव भवन में एक विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बरठाकुर गोस्वामी के नेतृत्व में राजीव भवन में असम सरकार के शराब लाइसेंस को फिर से देने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया गया। बरठाकुर ने आरोप लगाया कि गांव-गांव, पंचायतों में विदेशी शराब की दुकान, असम आबकारी नियम, 2016 में संशोधन कर 30 जून को गजट अधिसूचना जारी की गई है। तदनुसार, जिला उपायुक्त गांवों, पंचायतों, नगर समितियों और नगरपालिका क्षेत्रों में शराब की दुकानों के लिए निविदा आमंत्रित करेंगे। चयन प्रक्रिया की जिम्मेदारी जिला उपायुक्तों को सौंपी गई है। उसके आधार पर आबकारी आयुक्त द्वारा लाइसेंस जारी किया जाएगा। एक व्यक्ति को केवल एक दुकान के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। आवेदक किसी आपराधिक मामले में शामिल व्यक्ति या असामाजिक व्यक्ति नहीं होना चाहिए।

## जंगली हाथी के हमले में मां-बेटे की मौत, दो अन्य घायल

**नगांव ( हिंस )।** राज्य में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक काफी अधिक हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार नगांव जिलांतर्गत जुरिया के मुस्लिम चापरी इलाके में इस बार जंगली हाथियों का झुंड लगातार आ रहा है। इसी कड़ी में जंगली हाथियों के हमले में मां-बेटे की बीती मध्य रात को मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि मृतकों की पहचान खुतेजा खातून और ज्वेल अहमद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हाथी के हमले में कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों में से दो लोगों को गंभीर हालत में नगांव सदर अस्पताल भेजा गया है। लोगों का कहना है कि हाथी भोजन की तलाश में रात में लाओखोवा अभयारण्य से बाहर आ जाते हैं। इस दौरान रिहायसी इलाके में हाथी जमकर उपद्रव मचाते हैं।

# भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल जलमार्ग से धुबड़ी टर्मिनल पहुंचा भारी मालवाहक जहाज

**धुबड़ी ( हिंस )।** भारतीय अभयन्तरीन जलमार्ग प्राधिकरण के धुबड़ी टर्मिनल में आज एक बड़े मालवाहक जहाज ने प्रवेश किया। यह जहाज भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल जलमार्ग के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-2 यानी ब्रह्मपुत्र नद के माध्यम से शुक्रवार को धुबड़ी पहुंचा। जानकारी के अनुसार इस मालवाहक जहाज से नुमलीगढ़ रिफाइनरी और इसके विस्तार परियोजना के लिए आवश्यक भारी मशीनरी पहुंची। जहाज धुबड़ी से ब्रह्मपुत्र नद के रास्ते गुवाहाटी होते हुए नुमलीगढ़ रिफाइनरी तक जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में ऐतिहासिक ब्रह्मपुत्र नद के रास्ते राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-2 को फिर से खोला गया है।



इसके जरिए बंगाल की खाड़ी से होते हुए बड़े-बड़े जहाज बांग्लादेश से होते हुए धुबड़ी के रास्ते भारत में प्रवेश करते हैं। जहां से वे पूरे असम में पहुंच सकते हैं। दरअसल, अंग्रेजों के जमाने में भी समुद्र के रास्ते असम से बड़े पैमाने पर व्यापार होता था, लेकिन आजादी के बाद यह जलमार्ग पूरी तरह से बंद हो गया था। भाजपा नीत केंद्र सरकार के निर्णय के बाद इसे खोला गया है। माना जाता है कि जलमार्ग से यातायात व्यय काफी कम होता है, जिससे आम उपभोक्ताओं को सामान सस्ता मिलता है।

## अगरतला रेलवे स्टेशन पर आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला ( हिंस )।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर त्रिपुरा से दिल्ली जा रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें पांच पुरुष और तीन महिलाएं हैं। यह लोग बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में घुसे थे। रेलवे पुलिस ने शुक्रवार को बताया है कि बांग्लादेश के आठ को नागरिक त्रिपुरा में सोनामुरा बांग्लादेश सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया थे। अगरतला रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने शक के आधार पर त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे बांग्लादेशियों को उतार कर पूछताछ की। उनके बांग्लादेशी नागरिक होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी के अनुसार गिरफ्तार बांग्लादेशियों ने अवैध रूप से भारत में घुसने और काम की तलाश में दिल्ली जाने की बात कबूल की है।

# एसएसबी ने भारी मात्रा में अवैध लकड़ी समेत ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( विभास )।** छठीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) रानीघुली के कार्यवाहक कमाडेंट लोकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन व संजीव कुमार, उप-कमाडेंट के नेतृत्व में सीमा चौकी दादागिरी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय भारत-भूटान सीमा के पिलर संख्या 169 / 5 से लगभग 08 किलोमीटर दूर देवदंगी के पास गस्ती के दौरान 01 भूटानी ट्रक (नं. बीपी 3ए 0009) में लदे इमारती लकड़ी को ले जाया जा रहा था। इस बीच एसएसबी की गस्ती दल ने ट्रक में लदे भारी मात्रा में इमारती लकड़ी सहित जब्त कर लिया। ट्रक चालक से पूछताछ के दौरान उनसे दस्तावेज मांगे गए जो चालक ने नहीं




दे पाया। चालक की पहचान निरीपेन नार्जारी, उम्र 50 बताई जा रही है। जब्त की गई लकड़ी एवं ट्रक की कीमत लगभग (रु-50,00,000/-) आंकी गई है। जब्त किए गए सामग्री के साथ ट्रक चालक को वन विभाग ने रूनीखाता को सौंप दिया गया। जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लायंस क्लब गुवाहाटी अर्पण का शपथ ग्रहण और चार्टर नाइट संपन्न

**गुवाहाटी ( विभास )।** लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी अर्पण के साल 2023-2024 के कार्यक्रम का शपथ ग्रहण समारोह और 12वें चार्टर नाइट दीप प्रज्ज्वलित और केक काटकर मनया गया। इस कार्यक्रम में लायंस पुर्व जिलापाल मंदिरा चंदा, निवर्तमान लायंस जिलापाल बीएस राठौड़, लायंस जिला उपाध्यक्ष (द्वितीय) पंकज पोद्दार, पुर्व जिलापाल डॉ. एसएस हरलालका, राधा अग्रवाल, एमएल अग्रवाल, एलएन अग्रवाल के साथ अन्य कई सदस्य मौजुद थे। इस नए साल 2023-2024 में लायंस अर्पण की अध्यक्ष पायल भरतिया, सचिव संगीता अग्रवाल, एवं कोषाध्यक्ष ममता सिकारिया ने शपथ




ग्रहण किया। 2022-2023 के अध्यक्ष मंजू चौधरी, सचिव मधु पटवारी और कोषाध्यक्ष रितु सरावगी के साथ-साथ क्लब के सभी सदस्य मौजुद थे। और वहा मौजुद सभी लोगों ने क्लब के कामों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। क्लब की जन संपर्क अधिकारी गौरी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजिका कनक मोदी थीं और कार्यक्रम का संचालन वंदना बागरिया ने किया। गुवाहाटी के अन्य लायंस क्लब से भी सदस्य भी मौजुद थे।

## फूड प्वाइजनिंग से 72 बीमार

**धेमाजी ( हिंस )।** धेमाजी जिले में विषाक्त भोजन करने के कारण पुरुषों, महिलाओं और किशोरों सहित 72 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने आज बताया है कि जोनाई के अवमानोला गांव के शांतिपुर नामघर में प्रसाद खाने के कारण लोगों को फूड पॉइजनिंग हुई। खबरों के मुताबिक, बुधवार को गांव में एक धार्मिक सभा का आयोजन किया गया था। सभा में प्रसाद ग्रहण करने के बाद देर शाम से लोगों ने बुखार, सिरदर्द, पेट दर्द, उल्टी और शरीर में दर्द जैसी समस्याओं के शिकार हो गए। खबरों के मुताबिक, डॉक्टरों की एक टीम गांव में अस्थायी कैंप लगाकर प्रभावित लोगों का इलाज कर रही है।

# शिशु सारथी के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** बिरुबाड़ी स्थित शिशु सारथी के विशेष बच्चों के लिए लायंस क्लब ऑफ गौहाटी उमंग की ओर से ग्रीष्मकालिन शिविर आयोजन किया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष कंचन पोद्दार के नेतृत्व में आयोजित ग्रीष्मकालिन शिविर में प्रशिक्षक के रूप में नीलम बग्गा मौजूद थी। इस दौरान शिशु सारथी के विशेष बच्चों को कई तरह के खेल व अन्य मनोरंजन से जुड़े गतिविधी कराई गई। कार्यक्रम संयोजिका ज्योति खेमका की देख-रेख में आयोजित शिविर में बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री सहित जुस, स्नेक्स आदि का भी वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर शराबभट्टी स्थित शिव-शितला-हनुमान मंदिर के सामने क्लब की ओर से हंगर रिलिफ कैंप के तहत भोजन का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजिका सुखविंदर कौर ने बताया कि इस दौरान बड़ी संख्या में कमजोर वर्ग के लोगों ने इसका लाभ उठाया। क्लब की ओर से आयोजित



दोनों परियोजनाओं को सफल बनाने में अध्यक्ष कंचन पोद्दार, सचिव संगीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्वाती चौधरी, सुनिता मित्तल, निभा सराफ, संगीता बड़जात्या, सुखविंदर कौर, सुंदर पारीक, अनिता चौधरी, ज्योति खेमका सहित सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## पुलिस को रिश्वत देने गया सुपारी माफिया गिरफ्तार

**कछार ( हिंस )।** पुलिस को रिश्वत देने की कोशिश के आरोप में सुपारी माफिया गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार सुपारी माफिया की पहचान कलाइन के टिकरपार निवासी शहीदुर रहमान चौधरी के रूप में की गई है। शाहिदुर सुपारी से भरे दो ट्रकों को छोड़ने के नाम पर पुलिस को पैसे देने गया था। गोमरा पुलिस को रिश्वत के रूप में 1.30 लाख रुपए की पेशकश की गई थी। ज्ञात हो कि मिजोरम से बाहर जा रहे दो ट्रकों को दिगारखाल में जब्त कर लिया गया था। दोनों ट्रकों के चालक एनाम उद्दीन और सैदुर रहमान बरभुइयां को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। इन्हें छुड़ाने के लिए ही रिश्वत की पेशकश की गई थी। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ड्रग्स के साथ चार महिलाएं गिरफ्तार

**तिनसुकिया ( हिंस )।** तिनसुकिया में पुलिस का ड्रग्स विरोधी अभियान जारी है। आज तिनसुकिया रेलवे स्टेशन से करीब 300 ग्राम ड्रग्स जब्त किया गया। चार महिलाओं की ली गई तलाशी के दौरान यह ड्रग्स बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि ड्रग्स के साथ महिलाएं विवेक एक्सप्रेस और राजधानी एक्सप्रेस में सवार थी। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब 60 लाख रुपए है। ड्रग्स डिमापुर से लाए गए थे। गिरफ्तार महिलाओं से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# यूबीआई ने महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023 का किया शुभारंभ

**गुवाहाटी।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आधिकारिक तौर पर 30 जून, 2023 को पूरे भारत में अपनी शाखाओं में महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र (एमएसएससी), 2023 योजना की शुरुआत की गई। बैंक ने अब तक 5,653 एमएसएससी लाभार्थी खातों में रु.17.58 करोड़ जुटाए हैं. एमएसएससी, 2023 वित्त मंत्रालय की एक प्रमुख लघु बचत योजना है, जिसे 1 फरवरी, 2023 को हमारे माननीय वित्त मंत्री द्वारा वित्त वर्ष 2023-2024 के बजट भाषण के दौरान महिलाओं और लड़कियों के लिए शुरू किया गया था। योजना के तहत, प्रत्येक लड़की या स्त्री महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र या किसी नाबालिग लड़की की ओर से कोई अभिभावक खाता खोल सकती हैं। आवश्यक न्यूनतम निवेश रु. 1,000/- और रु. 100/- के गुणकों में कोई भी राशि रु. 2,00,000/- की अधिकतम सीमा तक जमा की जा सकती है. ग्राहक प्रत्येक खाते के बीच तीन महीने के अंतराल पर कई खाते खोल सकता है, बशर्ते कुल निवेश सीमा रु. 2,00,000/- तक होनी चाहिए. इस योजना के तहत जमा राशि पर प्रति वर्ष 7.5 प्रतिशत का आकर्षक ब्याज दर मिलेगा और यह त्रैमासिक रूप से चक्रवृद्धि होगा। महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र के तहत सभी अर्जित ब्याज मौजूदा आयकर प्रावधानों के अनुसार कर योग्य होगा। हालांकि, योजना के तहत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) नहीं काटा जाएगा। खाता खुलने की तारीख से दो साल बाद खाता परिपक्व होगा। इस योजना के तहत खाते 31/03/2025 तक खोले जा सकते हैं। यह योजना नामांकन सुविधा भी प्रदान करती है। खाताधारक खाता खोलने की तारीख से एक वर्ष के बाद पात्र शेष राशि के 40 प्रतिशत तक की आंशिक निकासी भी कर सकते हैं।

## बोरझाड़ में सड़क हादसे में 20 घायल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** नगर के बोरझाड़ इलाके में बोरझाड़ हवाई अड्डे के पास बंगारा गांव में यात्रियों को लेकर जा रही एक अंतर-जिला बस और कार के बीच टक्कर में 20 लोग घायल हुए हैं। जिनमें से आठ की हालत गंभीर बताई गयी है। अजारा पुलिस थाने के अनुसार दोनों वाहन गुवाहाटी से ग्वालपाड़ा की ओर जा रहे थे। बंगारा गांव में बस और कार में टक्कर में 20 यात्री घायल हो गए। घायलों में से कुछ यात्रियों की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद काफी देर तक सड़क मार्ग पर यातायात बाधित रहा। हादसे की वजह से सड़क पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

# अज्ञात व्यक्ति के शव को शिनाख्त के लिए परिजनों से अपील



**गुवाहाटी।** गुवहाटी मेडिकल कॉलेज में इलाजरत एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यक्ति के शव को जीएमसीएप में 72 घंटे के लिए लखा गया। फिलहाल मृत व्यक्ति की किसी रिश्तेदार अब तक नहीं सामने आई है। व्यक्ति की उम्र करीब 51 बताई जा रही है। हाफ पेंट व सफेद बाल परिधान में हैं। अगर व्यक्ति के जान-पहचान वाले चाहें तो जीएमसीएच में जाकर संपर्क कर शव को ले सकते हैं।

# सेठ सांवरिया सत्संग समिति की कार्यकारिणी सभा आयोजित

## श्री राम चरित्र मानस कथा एवं शिव चरित्र के आयोजन को लेकर हुई चर्चा



**गुवाहाटी ( विभास )।** महानगर की धार्मिक संस्थाओं में से एक सेठ सांवरिया सत्संग समिति की कार्यकारिणी बैठक वृहस्पतिवार को आयोजित की गई। एसआरसीबी रोड के श्रद्धांजलि कॉम्प्लेक्स स्थित मारवाड़ी सम्मेलन गुवाहाटी शाखा के कार्यालय में आयोजित सभा में आगामी पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर नौ दिवसीय *श्री राम चरित्र मानस कथा एवं शिव चरित्र* आयोजन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि 9 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 24 जुलाई से आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला के वृंदावन गार्डन में होगा। कार्यक्रम का समापन 1 अगस्त, को पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद के साथ होगा। इस मौके पर मुख्य कथावाचक के रूप में परम् मनीषी, विद्वान पूज्य आचार्य श्री गौरव जी व्यास (श्री गोपाल जी) व्यास पर विराजमान रहेंगे, जो रोजाना दोपहर 2.30 बजे से शाम 6 बजे तक अपने श्रीमुख से कथा का रसपान श्रोताओं को कराएंगे। इससे पूर्व आगामी 24 जुलाई सुबह 7 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। कलश यात्रा के पश्चात श्री सुंदरकांड पाठ का का आयोजन भी किया जाएगा। वहीं 25 जुलाई की सुबह 9 बजे से श्री गोपाल सहस्त्रार्चन, 26 जुलाई से 1 अगस्त तक रोजाना सुबह 9 बजे से श्री शिव रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय पाठ किया जाएगा। वहीं 1 अगस्त को पूर्णाहुति हवन संध्या 6:30 बजे से तथा महाप्रसाद का आयोजन रात्रि 8 बजे से किया जाएगा। आज आयोजित बैठक में मारवाड़ी महिला एकता मंच की सदस्याओं ने भी उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। आयोजकों ने बताया कि सेठ सांवरिया सत्संग समिति, गुवाहाटी के सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति के सचिव शंकर बिड़ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

No.SHTO/Egpt/35/Pt-I/04-06/1078

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable Court Fee Stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and paisa twenty five) only are invited from intending Bidder for disposal of unserviceable condemned scrap materials (equipments, machineries & iron scraps) of Health and F.W. Department **"AS IS WHERE IS"** basis.

The Tender documents along with Terms and conditions and other details may be obtained from the O/o the Joint Director of Health Services (T), SHTO, Assam, Narengi, Guwahati-71 and bidder can also inspect the scrap materials during office hours upto 15/07/2023.

The tenders will be received from 11 A.M. upto 1 P.M. on 17/07/2023 and will be opened on the same day at 1.30 PM in presence of participating tenderer or their one authorised representative.

***-- Janasanyog /C/ 6510 /23***

Joint Director of Health Services (T),
SHTO, Assam, Narengi, Guwahati - 71.

# अपना दल (एस) समाज के सभी वर्गों को दिलाएगा उनका अधिकार, मिशन 2024 की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

**– राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ पटेल ने अपना दल के संस्थापक की जयंती कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पार्टी प्रमुख व कार्यकर्ताओं का जताया आभार**



**मीरजापुर, (हि.स.)।** अपना दल के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल की जयंती पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं समेत अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री व मीरजापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल का आभार।अब मिशन 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ता व पदाधिकारी जनता के बीच जाकर विकास कार्य व उपलब्धियां गिनाएं और मिशन 2024 का लक्ष्य हासिल करेंगे। यह बातें शुक्रवार को अपना दल (सोनेलाल) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ पटेल ने सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय पर शुक्रवार को पार्टी की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों को उनका अधिकार दिलाना है। मुख्य अतिथि मेघनाथ ने सांसद अनुप्रिया पटेल द्वारा संसदीय क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों यथा राष्ट्रीय राजमार्ग सात व 76, पटेल चौराहा, अटल चौराहा, बीएचयू पशु चिकित्सा केंद्र, हीमोडायलिसिस केंद्र, पासपोर्ट कार्यालय, ट्रामा सेंटर, मेडिकल कालेज, मंडलीय चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लांट, भटौली व चुनार पक्का पुल, जनजातीय संग्रहालय जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाने के लिए जमीन पर उतरकर काम करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष इं. रामलौटन बिंद की अध्यक्षता में पार्टी की बैठक सम्पन्न हुई। संचालन युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहें।

# विकास और विरासत की धरोहर है गीताप्रेस : प्रधानमंत्री



**गोरखपुर, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समापन समारोह में कहा कि गीताप्रेस विकास और विरासत की धरोहर है। गीताप्रेस एक जीवंत आस्था है। इनके नाम और काम दोनों में गीता है। जहां गीता है वहां कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं, वहां करुणा है। जहां वासुदेव हैं वहीं सबकुछ है। गीताप्रेस की आध्यात्मिक ज्योति से मानव जाति का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर गीताप्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिया गया है। गांधी जी का इससे बहुत लगाव था। उन्होंने ही यह सुझाव दिया था कि कल्याण पत्रिका में विज्ञापन न छापा जाय। इसका आज भी ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि करोड़ों में छपने वाली यहां की पुस्तकें न सिर्फ लागत से आधे मूल्य में मिलती हैं बल्कि घर पहुंचाई जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि गीताप्रेस भारत को जोड़ती है। देश के हर कोने तक इसकी पहुंच है। यह भारतीय विचारों के मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाली संस्था है। गीताप्रेस, एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रेरणा देती है। इस प्रकार का योग केवल संयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि गीताप्रेस की स्थापना ने गुलामी के समय में समाज को जगाया। लुप्तप्राय ज्ञान और विरासत को बचाने को प्रेरित किया। मूल्यों और आदर्शों के सूखते स्रोतों को बचाया। गीता का श्लोक "यदा यदा हि धर्मस्य" को पढ़कर उसके मायने बताये। प्रधानमंत्री ने कहा कि गीताप्रेस ने अपने प्रयासों से युवाओं को भारतीय मूल्यों को समझाया और बताया है। गीताप्रेस ने सामाजिक मूल्यों को हमेशा स्थापित किया है। लोगों को कर्मपथ का रास्ता दिखाया है। भारतीय जीवन शैली से परिचित कराने की दिशा में भी गीताप्रेस ने महती भूमिका निभाई है। यह हमें बताता है कि अब गुलामी के प्रतीकों को भुलाने का समय है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आधुनिक और सांस्कृतिक भारत की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत के संतों, मनीषियों का मार्गदर्शन हमें सदैव आगे बढ़ने को प्रेरित करता रहेगा।

# किसानों-बागवानों के साथ योगी सरकार कर रही बेजुबानों की भी फिक्र



**लखनऊ, (हि.स.)।** योगी सरकार किसानों-बागवानों के साथ बेजुबानों की भी बराबर चिंता कर रही है। खेतीबाड़ी के साथ बेजुबान भी सुरक्षत रहें, इसके लिए अपने पहले कार्यकाल से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खासे फिक्रमंद रहे हैं। यही वजह है कि इस बाबत लगातार कदम उठाए जाते रहे हैं। बड़े पैमाने पर निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं। उनके लिए छाजन एवं भूसे के लिए प्रति गोवंश के हिसाब से प्रति माह नियमित राशि दी जा रही है। प्रदेश के ऐसे 6781 गोआश्रय स्थलों में 1188875 गोवंश रखे गये हैं।

**प्रजाति उन्नयन से स्थायी हल निकालने का प्रयास –** इस अस्थायी समाधान के साथ प्रजाति के उन्नयन के लिए पूरे प्रदेश में कृत्रिम गभार्धान का भी अभियान चल रहा है। इसके जरिए जिन बछियों या गायों का गभार्धान होगा, उनसे पैदा होने वाली संतति बछिया ही होंगी। इसकी संभावना 90 फीसद से अधिक होती है। इसमें कुछ समय लगेगा पर छुट्टा पशुओं की समस्या का स्थायी हल मिलने के साथ प्रदेश के पूरे डेयरी क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।

**बुंदेलखंड में लागू होगी सोलर फेंसिंग योजना –** इसी क्रम में सरकार मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना के तहत बुंदेलखंड के सभी जिलों में सोलर फेंसिंग योजना शुरू करने का विचार कर रही है। इसके तहत किसान अपने खेतों के किनारे सोलर फेंसिंग लगा सकेंगे। इसमें मात्र 12 बोल्ट का करंट प्रवाहित होगा। इससे सिर्फ पशुओं को झटका लगेगा, उन्हें कोई क्षति नहीं होगी। हल्के करंट के साथ सायरन की आवाज भी होगी। इससे छुट्टा या जंगली जानवर मसलन नीलगाय, बंदर, सुअर आदि खेत में खड़ी फसल को क्षति नहीं पहुंचा सकेंगे। इसके लिए सरकार लघु-सीमांत किसानों को प्रति हेक्टेयर लागत 60 फीसद या 1.43 लाख रुपये का अनुदान भी देगी। कृषि विभाग इस योजना का ड्राफ्ट तैयार कर चुका है। शीघ्र ही इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद मॉडल के तौर पर इसे बुंदेलखंड में लागू किया जाएगा।

**गोचर भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए 11 जुलाई से अभियान –** पशु खेत में खड़ी फसल का नुकसान तब अधिक करते हैं जब उनको पास में कुछ खाने को नहीं मिलता। गोचर भूमि इसके लिए जरूरी है। गोचर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग 11 जुलाई से 25 अगस्त तक ऐसी जमीनों को कब्जामुक्त कराने का अभियान चलाने जा रहा है।

**वानर वन भी अच्छी पहल –** अमूमन बंदरों से होने वाले नुकसान के बाबत कोई बोलता नहीं। पर यह सच है कि कुछ खड़ी फसलों, फलदार पौधों एवं पौधरोपण के दौरान लगाए गए नए पौधों को ये खासी क्षति पहुंचाते हैं। इससे बचने के लिए लखनऊ प्रशासन से भी एक सराहनीय पहल की है। इसके तहत आबादी से दूर वानर वन बनाने की योजना है। इसमें इस तरह के मिश्रित पौधे लगाए जाएंगे जिनसे साल भर फल मिलते रहें। साथ ही पेयजल की भी व्यवस्था हो। बंदरों को आबादी से दूर रखकर खेत और बाग को बचाने के यह योजना भी चर्चा में है।

## ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितम्बर तक होगी मोटो जीपी रेस



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में मोटो जीपी रेस के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि भारत में पहली बार मोटो जीपी रेस 22 से 24 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में प्रस्तावित है। इस आयोजन की 195 देशों में लाइव स्ट्रीमिंग होगी। यह आयोजन विश्वस्तर पर उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिये आयोजकों के साथ समन्वय करते हुये सभी तैयारियों को समय से पूरा कराया जाये। मुख्य सचिव ने कहा कि मोटो जीपी रेस के दौरान ट्रैक के किनारों पर यूपी की ब्रांडिंग की जाये। आयोजन के दौरान प्रदेश की कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाये। विश्व भर से आने वाले प्रतिष्ठित अतिथियों व प्रेस-प्रतिनिधियों को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग को मोटो जीपी के लिये प्रदेश के प्रमुख सांस्कृतिक, पौराणिक, ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराने के लिये पैकेज तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल होने के कारण दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। प्रदेश सरकार इच्छुक निवेशकों को सभी जरूरी सुविधायें व प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। मोटो जीपी से सम्बन्धित उद्योगों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिये अनुकूल समय है, उत्तर प्रदेश सरकार उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करायेगी। उन्होंने इनवेस्ट यूपी को मोटो जीपी के लिये डेडीकेटेड टीम लगाने के निर्देश दिये। बैठक में मोटो जीपी रेस के आयोजकों ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश मोटो जीपी रेस के आयोजन को लेकर बहुत उत्सुक हैं। प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि मोटो जीपी से सम्बन्धित उद्यमी उत्तर प्रदेश में निवेश के लिये उत्सुक हैं। आयोजन के दौरान बाइक के पार्टस को लाकर उत्तर प्रदेश में एसेम्बल करेंगे और टेक्नोलॉजी को शेयर करेंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत कुमार सहगल, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, आयुक्त वाणिज्य कर मिनिस्ती एस0, सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा मोटो जीपी के अन्य उपस्थित थे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ0 अरुणवीर सिंह, मोटो जीपी आयोजन के सीईओ कामेलो वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

# पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक : डॉ.आनन्द सिंह



**कानपुर, (हि.स.)।** पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है। पौधरोपण कार्यक्रम को आज के परिवेश में जनांदोलन बनाने की जरूरत है। यह बातें शुक्रवार को पौधरोपण साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन के मौके पर संबोधित करते हुए चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि जितनी ज्यादा हरियाली होगी उतना ही अधिक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण होगा। पेड़ों से हमें विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों की प्रचुरता प्रदान होती है। पौधे वातावरण में नमी के स्तर को नियंत्रित करते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक है। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है। डॉ सिंह ने वृक्ष पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक पेड़ लगाने और जंगलों के निर्माण या कम से कम शेष जंगलों को जीवित रखने की अपील की है। वृक्षारोपण सुनिश्चित करता है कि वन्यजीवों के लिए पर्याप्त वन विकसित किए जाएं ताकि वन्य जीव विलुप्त न होने पाए। विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा लगातार जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में वृहद पौधरोपण किया गया। यह अभियान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अपील को देखते हुए के विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एक से सात जुलाई तक पौध रोपण साप्ताहिक कार्यक्रम की श्रृंखला में वि. वि.के केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रभारी केंद्रीय पुस्तकालय डा. सीमा सोनकर सहित संकाय के सदस्यों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएम की सुरक्षा : 22 संदिग्धों पर नजरें गड़ाये रही एलआईयू

**गोरखपुर, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। सड़कों के दोनों किनारे लगे बैरिकेडिंग के बीच प्रधानमंत्री का काफिला गुजरा। इसे देखते हुए स्कूलों की छुट्टी सुबह साढ़े दस बजे ही कर दी गयी। इतना ही नहीं, एलआईयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) ने पीएम की सुरक्षा के निमित्त 22 संदिग्धों पर अपनी नजरें गड़ाये रखीं। गोरखपुर शहर में घोष कंपनी से गीताप्रेस रोड के दोनों तरफ बैरिकेडिंग के बीच पीएम मोदी का काफिला गुजरा। यह काफिला भारी सुरक्षा के बीच गीताप्रेस पहुंचा। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम गीता प्रेस जैसे घने आबादी वाले इलाके में होने की वजह से एलआईयू ने खतरे की आशंका जताई थी। इसे देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त तैयारियां भी की थीं। गीताप्रेस के आसपास के मकान-दुकानों की छतों पर स्नाइपर तैनात कर दिये गये थे। इधर, गीताप्रेस के आसपास के 250 घरों की छतों पर से ईंट-पत्थर भी हटवा दिये गए थे। यहां पर रहने वाले सभी परिवारों की जांच की गई थी। बावजूद इसके एलआईयू ने 22 संदिग्ध लोगों पर नजर भी गड़ाये रखी थी। सुरक्षा का आलम यह रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के चलते शहर में रूट डायवर्जन था। इसके साथ ही कक्षा 12 वीं तक के सभी सरकारी व निजी स्कूल शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे तक ही खुले। कुछ निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने स्कूल बंद रखे। गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों में विधि की द्वितीय पाली की परीक्षा स्थगित कर दी गई थी।

# हाई कोर्ट में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में सुनवाई 10 जुलाई को



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में शुक्रवार को जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपित बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में 16 याचिकाकताओं की ओर से बहस पूरी हो गई। अब सोमवार को मामले में पीड़ित (सूचक) की ओर से बहस होगी। हाई कोर्ट मामले की सुनवाई की अगली तिथि 10 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता एके कश्यप ने पैरवी की। पीड़ित की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पैरवी की। पीड़ित की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेट्टा और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली गई है और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपित बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया है। मामला 19 जनवरी, 2018 का है।

पीड़ित ने अदालत में बयान दर्ज कराया था कि उसके साथ 24 लोगों ने दुष्कर्म किया है। आरोप के बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दिया गया।

## पलामू में 12 हजार रिश्वत लेते विशेष भू-अर्जन कार्यालय का प्रधान लिपिक गिरफ्तार



**पलामू, (हि.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की पलामू इकाई ने विशेष भू-अर्जन कार्यालय में शुक्रवार को प्रधान लिपिक टुनटुन कुमार उपाध्याय को 12 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। प्रधान लिपिक भूमि अधिग्रहण मुआवजा के भुगतान के लिए फाइल आगे बढ़ाने के एवज में रिश्वत ले रहा था। भू-अर्जन कार्यालय से प्रधान लिपिक को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उसके आवास पर भी गई और वहां छानबीन की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पाटन प्रखंड के किशुनपुर के ग्राम इमली के रहने वाले सुनील सिंह की 1.04 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग विशेष भू-अर्जन द्वारा बरकुड़वा वितरणी नहर में अधिग्रहण की गयी है लेकिन अभी तक मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान फाइल आगे बढ़ाने के लिए विशेष भू-अर्जन कार्यालय के प्रधान लिपिक टुनटुन उपाध्याय 12 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। सुनील के लिखित आवेदन एवं सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। टुनटुन उपाध्याय फिलहाल बारालोटा में रहता है लेकिन उसका घर बिहार में है।

# वनवासी कल्याण केंद्र प्रशासनिक सेवा के लिए 20 अगस्त से निःशुल्क कोचिंग करेगा प्रारंभ




**रांची, (हि. स.)।** वनवासी कल्याण केंद्र के संयोजक ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र प्रशासनिक सेवा के लिए 20 अगस्त से निशुल्क कोचिंग प्रारंभ करेगा। इसमें जेपीएससी और यूपीएससी के परीक्षा देने वाले आदिवासी, वनवासी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को निःशुल्क में तैयारी कराया जाएगा। अग्रवाल शुक्रवार को बरियातू स्थित आरोग्य भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की वजह से यह कोचिंग पूर्व में बंद कर दिया गया था। इसे फिर से चालू किया जा रहा है। इसके तहत 40 विद्यार्थियों , जिसमें 20 जनजातीय और 20 अन्य का लिखित और मौखिक परीक्षा के बाद चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार के बाद सितंबर माह के पहले सप्ताह से कक्षाएं शुरू होंगी। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए वनवासी कल्याण केंद्र के वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। पूरा भरा हुआ फॉर्म कार्यालय में 500 के शुल्क के साथ जमा लिया जाएगा। चयन किए हुए विद्यार्थियों का निर्धारित समय सारणी के अनुसार योग्य और अनुभवी शिक्षकों के जरिये कोचिंग दिया जाएगा। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम के जरिये किया जाएगा।

# 2024 में बनकर तैयार हो जाएगा जिला पंचायत संसाधन केंद्र



**बेगूसराय, (हि.स.)।** पंचायती राज व्यवस्था को एक जगह सभी संसाधन उपलब्ध कराने के लिए बेगूसराय में अक्टूबर 2024 तक जिला पंचायत संसाधन केंद्र बनकर तैयार हो जाएगा। कंकौल में बनने वाले इस कार्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। बेगूसराय सदर प्रखंड कार्यालय के सामने बनने वाले संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) का भूमि पूजन कर शिलान्यास शुक्रवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुशांत कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। डीडीसी ने बताया कि जिला परिषद को प्राप्त पंचम वित्त आयोग के करीब पांच करोड़ 21 लाख की राशि से जिला पंचायत संसाधन केंद्र बनेगा। इसका निर्माण कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य दो अक्टूबर 2024 तक किया गया है। पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए यहां त्रिस्तरीय पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दो मंजिला इस भवन के भूतल में सभा कक्ष, कंप्यूटर लैब, डाटा काउंटर, रिकॉर्ड रूम एवं ऑफिसर इंचार्ज का कक्ष होगा। प्रथम तल पर सभागार, कॉमन रूम, गेस्ट रूम, एमईओए सेल, एम एंड आई सेल तथा सीएफसी एवं एसएससी सेल रहेगा। दूसरी मंजिल पर पांच हॉस्टल रूम, लाइब्रेरी, किचन एवं डायनिंग रूम, रिसेप्शन काउंटर, वेटिंग रूम एवं स्टोर रूम रहेगा।

# निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र का डीडीसी ने किया उदघाटन




**नवादा, (हि.स.)।** नवादा जिले के पकरीबरामा प्रखंड मुख्यालय के खपुरा मोड़ पर शुक्रवार को निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र शुरू किया गया। सेवा केंद्र का उदघाटन प्रभारी डीएम सह उप विकास आयुक्त दीपक मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी, एसडीओ अखिलेश कुमार एवं एसडीपीओ महेश चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। अधिकारियों ने जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी एवं उनके पुत्र पंकज कुमार द्वारा शुरू किए गए निःशुल्क कांवरिया सेवा केंद्र की सराहना की। व्यवस्थापक ने बताया की बाबा नगरी जाने वालों के सेवा केंद्र में निःशुल्क भोजन, चाय, ठंडा एवं गर्म पानी, शुद्ध पेयजल, विश्राम, शौचालय, मेडिकल सुविधा आदि की व्यवस्था की गई है। कांवरियों के विश्राम करने के लिए दर्जनों बेड लगाए गए हैं। पिछले कई वर्षों से कांवरियों के यहां व्यवस्था की जा रही है। इस बीच सभी अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ नीरज कुमार, सीओ नरेंद्र कुमार, राजस्व अधिकारी गोपाल पासवान, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष रवि भूषण, प्रमुख रंजू कुमारी, उपप्रमुख धर्मराज सिंह, मुखिया विनय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अनिल यादव, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र सिंह, रोहित कुमार, पंकज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, राजस्व कर्मचारी राजेश सिन्हा, पंचायत सचिव सरोज कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# भागलपुर में दस दिवसीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार का शुभारंभ




**भागलपुर, (हि.स.)।** उद्योग विभाग बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड पटना द्वारा 10 दिवसीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार का आयोजन शुक्रवार को भागलपुर जीरोमाइल के रेशम भवन में किया गया। यह खादी मेला साह उद्यमी बाजार का आयोजन खादी एक दिन-खादी हर दिन के स्लोगन पर किया गया है। खादी मेला सह उद्यमी बाजार का उद्घाटन बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, भागलपुर सांसद अजय मंडल, बाल श्रम आयोग के अध्यक्ष चक्रपाणि हिमांशु, उपमेयर डॉ सलाउद्दीन अहसन, एडीएम के अलावा कई गणमान्य अधिकारियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलनित कर किया। कार्यक्रम के अंत में महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। उसके बाद सबों ने खादी को बढ़ावा देने को लेकर अपने-अपने विचार को व्यक्त किया। उल्लेखनीय हे कि यह कार्यक्रम 7 जुलाई से 16 जुलाई तक जीरो माइल के रेशम भवन में आयोजित की गई है। जिसमें खादी के बने चादर, साड़ी, दुपट्टे के अलावा कई चीजें के स्टॉल सजाई गई है। इस अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि खादी को लेकर बिहार सरकार विशेष पहल कर रही है।

यहां जमीन पर्याप्त है। उस पर जल्द भवन तैयार होगा और खादी का काम करने वालों के लिए उद्योग में काफी फायदा पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि लोगों को बिहार की चीजों को ज्यादा से ज्यादा खरीदना चाहिए। जिससे बिहार की अपनी एक अलग पहचान हो और यहां के उद्यमी अपने व्यापार से ज्यादा आय अर्जित कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव पूर्णरूपेण महागठबंधन की पक्ष में है। भारी बहुमत से महागठबंधन सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे भारतवर्ष में कई पहलवान हैं। लेकिन इस बार बिहार के पहलवान की ही जीत होगी। वही कुर्सी की शान बढ़ाएंगे।

## संपादकीय

# इच्छा शक्ति का प्रमाणपत्र

**सरकार** की इच्छाशक्ति का जोरदार प्रदर्शन कांगड़ा हवाई अड्डा के विस्तार के साथ नत्थी हो गया है और एक बार फिर इस आशय का प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने दिया है। कांगड़ा एयरपोर्ट अब सियासी बिसात से कहीं आगे हकीकत की जमीन पर राज्य के भविष्य को नई आवाज दे रहा है। बुधवार के वर्चुअल संबोधन में शाहपुर से पालमपुर तक के संदेश में विकास का एक नया नक्शा मुखातिब रहा, तो ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में हुआ शंखनाद परिवर्तन की दिशा में अग्रसर होने का रास्ता चुन रहा है। बहरहाल बुधवार के कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में हिमाचल के विकास की मजबूरी भी परिलक्षित हुई है या यूं कहें कि सरकार के इरादों का जोश अंततः कनेक्टिविटी की बाधाओं में विभाजित हो जाता है। ऐसे में बड़े हवाई अड्डे का ख्वाब पिछले दो दशकों से झूलता रहा है। जमीनों की पैमाइश से कहीं अधिक नाप नपाई राजनीति कर गई, लेकिन संभावनाओं के अक्स टूटते रहे। नए-नए प्रस्तावों के नगीने पेश करके समय और सपनों को बांटा गया, लेकिन यह पहली सरकार है जो पहले दिन से इस कोशिश में है कि कांगड़ा हवाई अड्डे को सियासी मुकदमा बनाने के बजाय पर्यटन की मंजिल पर खड़ा किया जाए। इसी बहाने विकास और विस्थापन की नई चर्चा हिमाचल में शुरू हुई है। यह फोरलेन परियोजनाओं से होती हुई कांगड़ा एयरपोर्ट के प्रवेश पर खड़ी है और इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री का यह आश्वासन आया है कि विस्थापित परिवारों को सरकार पूरी तरह से बसाएगी। विकास में विस्थापन मायूस जरूर करता है, लेकिन इसे योजनाबद्ध तरीके से अवसर में बदला जाए तो भविष्य के पैमाने, रोजगार की संभावना और जीवनशैली की पद्धति प्रभावशाली हो जाएगी। दरअसल हिमाचल में अबतक मुआवजा राशि और पुनर्वास का स्थायी प्रबंधन करने में नीतिगत चूक होती रही है। अगर पौंग बांध परियोजना के बदले एक सैटेलाइट एवं औद्योगिक शहर की बुनियाद रखी गई होती तो देहरा से नूरपुर के बीच बीबीएन या परवाणू जैसा शहर बस जाता। कहना न होगा कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के संकल्प के साथ न्यू गगल के विकास का मंसूबा परिलक्षित होना चाहिए ताकि आवास के बदले आवास और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। प्रदेश अगर एक मुकम्मल पुनर्वास नीति बनाए, तो यह भविष्य के शहरों, निवेश केंद्रों और आर्थिक संभावनाओं का एक खुशहाल परिदृश्य खड़ा कर सकती है। प्रदेश की चार महत्त्वपूर्ण फोरलेन परियोजनाओं और प्रमुख नेशनल हाई-वे के साथ-साथ कम से कम आधा दर्जन निवेश या पुनर्वास शहर बसा कर सरकार विस्थापितों को दर्द भुलाने का विकल्प दे सकती है। इसकी शुरुआत गगल एयरपोर्ट विस्तार से हो सकती है। यह कांगड़ा-धर्मशाला के बीच एक नया व्यापारिक, औद्योगिक केंद्र के साथ-साथ आवासीय बस्ती के निरूपण से संभव होगा। हिमाचल में हाईवे टूरिज्म की संभावनाओं में तमाम विस्थापित लोगों को रोजगार देना होगा। हिमाचल में कश्मीरी व तिब्बती शरणार्थियों के लिए सरकारी नौकरियों में अवसर आरक्षित हो सकते हैं, तो आइंदा किसी भी प्रकार के विस्थापन के बदले प्रभावित परिवारों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिलना चाहिए। बहरहाल सुक्खू सरकार ने विकास के मानदंड बदले हैं और इरादों में इच्छाशक्ति का परिचय देना शुरू किया है, लेकिन मंजिलें समयबद्ध रणनीति और इसकी पूर्णतः से ही तय होंगी। जाहिर तौर पर कांगड़ा एयरपोर्ट अगर एक तपके को विस्थापन की वजह से निराश कर रहा है, तो कहीं यह परियोजना हिमाचली विकास की सदियां भी बदल देगी। अब कोशिश हिमाचल की दूरियां मिटाकर अनावश्यक खर्च घटाने की होनी चाहिए। दो तीन शहरों और दर्जनों कस्बों-गांवों को मिलाकर विकास के केंद्रीयकरण को राहत देकर इसे हर छोर की सहभागिता में परिपूर्ण करना होगा। इस दृष्टि से नगर नियोजन की अवधारणा को व्यापक परिदृश्य में देखना होगा तथा क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों की स्थापना में आगे बढना पड़ेगा।

नए-नए प्रस्तावों के नगीने पेश करके समय और सपनों को बांटा गया, लेकिन यह पहली सरकार है जो पहले दिन से इस कोशिश में है कि कांगड़ा हवाई अड्डे को सियासी मुकदमा बनाने के बजाय पर्यटन की मंजिल पर खड़ा किया जाए। इसी बहाने विकास और विस्थापन की नई चर्चा हिमाचल में शुरू हुई है। यह फोरलेन परियोजनाओं से होती हुई कांगड़ा एयरपोर्ट के प्रवेश पर खड़ी है और इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री का यह आश्वासन आया है कि विस्थापित परिवारों को सरकार पूरी तरह से बसाएगी। विकास में विस्थापन मायूस जरूर करता है, लेकिन इसे योजनाबद्ध तरीके से अवसर में बदला जाए तो भविष्य के पैमाने, रोजगार की संभावना और जीवनशैली की पद्धति प्रभावशाली हो जाएगी। दरअसल हिमाचल में अबतक मुआवजा राशि और पुनर्वास का स्थायी प्रबंधन करने में नीतिगत चूक होती रही है। अगर पौंग बांध परियोजना के बदले एक सैटेलाइट एवं औद्योगिक शहर की बुनियाद रखी गई होती तो देहरा से नूरपुर के बीच बीबीएन या परवाणू जैसा शहर बस जाता। कहना न होगा कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के संकल्प के साथ न्यू गगल के विकास का मंसूबा परिलक्षित होना चाहिए ताकि आवास के बदले आवास और व्यापार के बदले व्यापार मिल सके। प्रदेश अगर एक मुकम्मल पुनर्वास नीति बनाए, तो यह भविष्य के शहरों, निवेश केंद्रों और आर्थिक संभावनाओं का एक खुशहाल परिदृश्य खड़ा कर सकती है। प्रदेश की चार महत्त्वपूर्ण फोरलेन परियोजनाओं और प्रमुख नेशनल हाई-वे के साथ-साथ कम से कम आधा दर्जन निवेश या पुनर्वास शहर बसा कर सरकार विस्थापितों को दर्द भुलाने का विकल्प दे सकती है।

## कुछ अलग

# अपनी-अपनी एनसीपी

**यह** बहुत बड़ा राजनीतिक उलटफेर है। यही खानदानी पार्टियों की नियति है। समाजवादी पार्टी और शिवसेना में यह उलटफेर हो चुका है। यह कुनबे के दूसरे सदस्यों की महत्त्वाकांक्षा है। एक ही परिवार या एक ही बुजुर्ग की अनंत कुंडली अब स्वीकार्य नहीं है। खानदान के दूसरे चेहरे भी अपनी सियासी पारी खेलना चाहते हैं। मुख्यमंत्री भी बनना चाहते हैं। बेशक शिवसेना में कुछ अलग घटित हुआ। वहां बाल ठाकरे के शिव सैनिकों ने बगावत की और दिवंगत पार्टी प्रमुख के 'राजकुमार' को नकार दिया। चुनाव आयोग ने भी पार्टी का नाम और निशान शिव सैनिकों को आवंटित कर उन्हें 'असली शिवसेना' की मान्यता दी। मामला फिलहाल सर्वोच्च अदालत में है। इसी तर्ज पर 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' (एनसीपी) में हुआ है। एनसीपी करीब 24 साल तक शरद पवार की थी, क्योंकि वह पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष रहे। अब उन्हीं के सगे भतीजे एवं राजनीतिक शिष्य अजित पवार ने पार्टी छीन ली और खुद को एनसीपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया। उसके बाद ही भाजपा से गठबंधन किया और शिंदे सरकार में शामिल हो गए। गठबंधन पार्टी के स्तर पर हुआ है, लिहाजा अब एनसीपी एनडीए का घटक दल है। चुनाव आयोग से मान्यता के लिए अजित गुट ने याचिका दी है। उधर शरद पवार गुट ने उन 9 विधायकों को पार्टी से बर्खास्त किया है, जिन्होंने बीती 2 जून को मंत्री पद की शपथ ली थी। चुनाव आयोग को उन विधायकों को 'अयोग्य' करार देने की भी अर्जी दी गई है। अब संघर्ष 'अपनी-अपनी एनसीपी' का है। दोनों गुटों ने विधायकों, सांसदों, नेताओं की जो अलग-अलग बैठक बुलाई थी, उनमें बहुमत अजित के पक्ष में है। अजित गुट में 31 विधायकों ने हलफनामे पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि दावा यह है कि 42 विधायकों ने हलफनामा भर कर अजित को समर्थन दिया है। अब महत्त्वपूर्ण यह नहीं है कि कौन शरद पवार का कितना करीबी था? नैतिकता और निष्ठा कहां गई? क्या शरद को यथासमय रिटायर होकर नया अध्यक्ष चुनना चाहिए था? क्या बेटी सुप्रिया सुले को 'कार्यकारी अध्यक्ष' बनाने का फैसला भी खानदानी था? यदि अजित को अध्यक्ष बनाया जाता, तो वह भी खानदान की नई पीढ़ी होते। खानदान से बाहर सोचना ऐसी पार्टियों का सरोकार ही नहीं है।

## भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से फोन पर बातचीत कर एक बार फिर से यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील की

# अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत गहरा असर डाल रहा रूस यूक्रेन युद्ध !

**सुनील कुमार महला**

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपसी बातचीत और कूटनीति के जरिए इस मामले का हल निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। पुतिन ने प्रधानमंत्री की सलाह को गंभीरता से सुना है, लेकिन यूक्रेन पर यह आरोप लगाया कि वह रूस से बातचीत और कूटनीति से साफ इनकार करता है। यह पहली बार नहीं है जब भारत के प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम को लेकर ऐसी अपील की है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की अपील की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पुतिन से आमने- सामने मिल कर उन्होंने पुतिन को जंग खत्म करने की सलाह दी थी। तब पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री को यह विश्वास दिलाया था कि वे उनकी बातों पर जरूर अमल करेंगे, लेकिन वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।

**24** फरवरी 2022 को शुरू हुआ रूस यूक्रेन युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है और इस युद्ध को चलते हुए सवा साल से भी अधिक का समय हो गया है। दोनों ही देशों में कोई भी देश युद्ध में पीछे हटने को तैयार नहीं है और लगातार युद्ध जारी है। इसी बीच, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से फोन पर बातचीत कर एक बार फिर से यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील की है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपसी बातचीत और कूटनीति के जरिए इस मामले का हल निकालने की कोशिश की जानी चाहिए। पुतिन ने प्रधानमंत्री की सलाह को गंभीरता से सुना है, लेकिन यूक्रेन पर यह आरोप लगाया कि वह रूस से बातचीत और कूटनीति से साफ इनकार करता है। यह पहली बार नहीं है जब भारत के प्रधानमंत्री ने युद्ध विराम को लेकर ऐसी अपील की है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने की अपील की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में पुतिन से आमने- सामने मिल कर उन्होंने पुतिन को जंग खत्म करने की सलाह दी थी। तब पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री को यह विश्वास दिलाया था कि वे उनकी बातों पर जरूर अमल करेंगे, लेकिन वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। पाठकों को बता दूं कि रूस यूक्रेन युद्ध से विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे गंभीर मानवीय संकटों में से एक को जन्म दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध से न केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर बल्कि संपूर्ण विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ रहा है। दोनों देशों के बीच युद्ध से विश्व में गरीबी और भूख में इजाफा हुआ है। खाद्य कीमतों में अभूतपूर्व उछाल आया है और यही कारण है कि विश्व में अनेक देशों में लोग गरीबी रेखा से नीचे आ गए हैं। बताया जा रहा है कि यदि दोनों देशों के बीच युद्ध और भी अधिक लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे उप-सहारा अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से लेकर काकेशस और मध्य एशिया तक कुछ क्षेत्रों में अशांति का अधिक खतरा पैदा हो सकता है, जबकि अफ्रीका और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में खाद्य असुरक्षा की और बढ़ने की संभावना है। रूस यूक्रेन युद्ध से आज तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में वृद्धि देखने को मिली है। दोनों ही देश प्रमुख वस्तु उत्पादक हैं, युद्ध से बाजार में उछाल आया है। कमोडिटी व्यापार पर खास प्रभाव युद्ध से पड़ा है। युद्ध के कारण विभिन्न सेवाएं और यात्राएं भी बाधित हुई हैं। यदि रूस यूक्रेन युद्ध जारी रहता है तो इससे भारत पर भी



प्रभाव पड़ना लाजिमी ही है, क्यों कि रूस सैन्य हार्डवेयर का भारत का सबसे बड़ा और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। यह रूस के कारण है कि एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने चीन के खिलाफ भारत की रक्षा क्षमता को बढ़ाया है। मास्को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का एक विश्वसनीय सहयोगी भी है। इतना ही नहीं, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के क्षेत्र में रूस भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। वास्तव में दोनों देशों को यह चाहिए कि वे युद्ध का समाधान करने की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाएं, क्यों कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है। आज यूक्रेन लगभग लगभग पूरी तरह बर्बाद हो चुका है। रूस को भी नुकसान पहुंचा है। दोनों ही देशों में संपत्ति, धन व जानों का काफी नुकसान हुआ है। युद्ध से दोनों ही देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत बुरा असर पड़ा है। सच तो यह है कि अब दोनों ही देशों के बीच वार्ता को फिर से शुरू करने का समय है। मध्यस्थता की दिशा में पहल करने के लिए भारत के पास सुनहरा अवसर है। भारत लगातार बातचीत और कूटनीति को एकमात्र समाधान के रूप में रखता आया है, क्यों कि भारत हमेशा हमेशा से पंचशील के सिद्धांतों में विश्वास करता आया है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए आपसी सम्मान, आपसी गैर-आक्रामकता, एक-दूसरे के आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप, समानता और पारस्परिक लाभ, और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व पंचशील संधि के पांच सिद्धांत हैं। बहरहाल, दुनिया के तमाम देश भारत की तरफ नजरें लगाए हुए हैं कि अगर वह मध्यस्थता करे तो रूस- यूक्रेन युद्ध रुक सकता है। रूस तो वैसे भी भारत का एक मित्र देश रहा है और जहां तक यूक्रेन की बात है तो बताता चलूं कि युद्ध विराम के सिलसिले में भारत के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलोदिमीर जैलेंस्की से भी बातचीत की थी। बातचीत के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जऐलएंस्कई ने इस पर अपना सकारात्मक रुख भी दिखाया था, लेकिन यह बहुत ही गंभीर, संवेदनशील और महत्वपूर्ण है कि करीब सवा साल से चल रहे इस युद्ध में दोनों देश वैश्विक गुटबंदियों में कुछ इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें इससे बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि यूक्रेन को सबसे ज़्यादा सैन्य सहायता अमेरिका ने दी और उसके बाद ब्रिटेन ने भी ऐसा ही किया। पिछले साल अमेरिका ने यूक्रेन को ढाई अरब डॉलर की सैनिक सहायता दी, जो कि बहुत बड़ी सहायता है और इतनी ही सहायता वर्ष 2023 में अमेरिका ने यूक्रेन को देने का वादा भी किया है। पश्चिमी देश लगातार यूक्रेन की मदद कर रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि जनवरी में अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को चैलेंजर 2 टैंक और जर्मनी ने अपने लेपर्ड टैंक देने का वादा किया। युद्ध की शुरुआत से यूक्रेन के सहयोगी उसे हर महीने दो अरब डॉलर की लागत के हथियार और दूसरी सैनिक सहायता देते रहे हैं। एक आंकड़े के अनुसार अमेरिका यूक्रेन को पच्चीस अरब डॉलर से अधिक की मदद दे चुका है। रूस चाहता है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता न ले, मगर यूक्रेन नाटो की सदस्यता में ही स्वयं को सुरक्षित मान रहा है। नाटो से जुड़े पश्चिमी देश यूक्रेन के समर्थन में हैं, जबकि रूस इन सभी के खिलाफ है। जानकारी देना चाहूंगा कि रूस को चीन का समर्थन हासिल है, जो अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन के वर्चस्व को चुनौती देता रहता है। इस तरह रूस- यूक्रेन युद्ध में दुनिया आज दो ध्रुवों में बंट गई है और दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा जैसे मंडराने लगा है। रूस यूक्रेन युद्ध के कारण आज महंगाई में इजाफा हो गया है, संपूर्ण विश्व की आपूर्ति भी कहीं न कहीं बाधित हुई प्रतीत हुई है। आज कोई भी देश रूस यूक्रेन युद्ध संघर्ष में खुलकर सामने नहीं आ रहा है लेकिन पश्चिमी देश यूक्रेन को और विश्व के अन्य देश रूस को सपोर्ट कर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। यूक्रेन अनाज उत्पादन के मामले में विश्व की एक टोकरी कहलाता है लेकिन युद्ध से भूमि के उपजाऊपन व पर्यावरण पर विशेष असर तो पड़ा ही है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से अच्छे संबंध हैं और अमेरिका ब्रिटेन से भी। वर्तमान स्थितियों में विभिन्न पश्चिमी देश चाहते हैं कि भारत रूस यूक्रेन के बीच मध्यस्थता करे। इस वक्त भारत समूह-बीस की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए भी उसका इस समूह के देशों पर दबाव बना कर युद्ध को विराम देने का दायित्व बढ़ गया है।

# विपक्षी एकता के प्रयासों को धक्का

विपक्षी पार्टियों के लिए यह 'प्रथम ग्रासे मक्षिका' वाला प्रसंग है। बाकी पार्टियों में भी हो-हल्ला होने लगा है। सबसे ज्यादा हलचल तो नीतीश बाबू की जेडीयू में है। पटना वाले खेला में नीतीश बाबू ही लालू यादव जी के बेटे तेजस्वी यादव के साथ मिल कर उत्साह से लबरेज थे। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इनमें से भाजपा और लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल के पास 80-80 विधायक हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू के पास 45 और सोनिया कांग्रेस के पास 19 विधायक हैं। इसे नीतीश कुमार की राजनीतिक दक्षता ही कहना पड़ेगा कि वे 45 के बावजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। शायद इसी के कारण नीतीश बाबू को लगा होगा कि राजनीति तो उनकी हथेली पर नाचती है। इसी के कारण उन्होंने शरद पवार के साथ मिल कर एक ऊंची उड़ान भरने की योजना बना ली होगी। शरद पवार के राजनीतिक पंख तो अब आकर उनके भतीजे ने काटे, लेकिन नीतीश कुमार तो कटे पंखों के साथ ही सुपरमैन की वर्दी पहन कर लम्बी उड़ान की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन उनके छत्ते की मधुमक्खियों को लगने लगा कि हमारी यह रानी मक्खी खुद भी गिरेगी और हमें भी कहीं का नहीं छोड़ेगी।

**पटना** में लिखी गई विपक्षी एकता की इबारत की अभी स्याही भी सूखी नहीं थी कि एकता के केन्द्र में योजना पूर्वक बिठाए गए, राजनीति के चतुर खिलाड़ी 83 वर्षीय शरद पवार के घर में स्याही की दवात ही टूट गई और सारी स्याही इबारत के पन्नों पर बिखर गई। अब पटना की इबारत साफ-साफ पढ़ी नहीं जा रही। शरद पवार ने कई दशक पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, जिसे अंग्रेजी में एनसीपी कहा गया, बनाई थी। तब उनका मानना था कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अब राष्ट्रीय नहीं रह गई है क्योंकि उसने अपनी रस्सी सोनिया गान्धी के हाथों में दे दी है जो विदेशी मूल की हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय रहे, इसलिए उन्होंने अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस बना ली। देश में तो नहीं, लेकिन अपने प्रदेश की राजनीति में उन्होंने जरूर अपनी पार्टी के लिए जगह बना ली और सोनिया गान्धी कांग्रेस को कुछ हलकों तक सीमित कर दिया। लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों में उन्होंने महाराष्ट्र में सत्ता के लिए सोनिया जी की कांग्रेस के साथ मिल कर महाराष्ट्र विकास अगाड़ी बना ली और उसमें शिव सेना को भी शामिल कर लिया। लेकिन बढ़ती उम्र के कारण वे अपनी पार्टी अपने परिवार वालों के हवाले कर शायद सुख की नींद लेना चाहते थे। सुख की नींद का मतलब यह नहीं कि राजनीति छोडऩे की योजना बना रहे थे। बस इतना ही कि महाराष्ट्र में पार्टी अपने उत्तराधिकारी को सौंप कर स्वयं दिल्ली की राजनीति में हाथ आजमा लें। छोटी-बड़ी विपक्षी पार्टियां यदि मिल जाएं तो हो सकता है भारतीय जनता पार्टी को बहुमत न मिले और जोड़-तोड़ की राजनीति में शरद पवार के हाथ भी कोई मोटी चीज लग जाए। इसलिए वह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश बाबू को आगे करके अपने मोहरे चलने लगे। जहां तक उनकी पार्टी एनसीपी का सवाल था तो परिवार में उसके दो सशक्त उत्तराधिकारी थे। एक उनके भतीजे अजीत पवार और दूसरी उनकी पुत्री सुप्रिया सुले। कहा जाता है कि पार्टी को बनाने में शरद पवार के साथ उनके इस भतीजे ने ही लम्बे अरसे तक भागदौड़ की थी। लेकिन जब विधिवत उत्तराधिकारी नियुक्त करने की बात आई तो शरद पवार ने भतीजे को नहीं बल्कि पुत्री को ही अधिमान दिया। परिवार की राजनीतिक धन-सम्पत्ति परिवार में बांट कर शरद पवार तो पटना वाला खेल खेलने में मशगूल हो गए और इधर उनके भतीजे के धैर्य का अन्त हो गया। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा में शरद पवार की पार्टी के 53 सदस्य हैं। अजीत पवार उनमें से चालीस सदस्य ले उड़े और भाजपा के साथ मिल ही नहीं गए, बल्कि अपने आठ सहयोगियों सहित मंत्री भी बन गए। उसके बाद शरद पवार का साथ छोडऩे वालों की रुक-रुक कर खबरें आने लगीं। चाचा-भतीजा ने एक-दूसरे को पार्टी से निकाल देने का कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक निपटा दिया। लेकिन दुर्भाग्य से अब शरद पवार के हिस्से उनकी अपनी ही पार्टी में, मेला उजड़ जाने के बाद इधर उधर बिखरी हुई कुछ पत्तलें ही बची हैं। अब जब वे विपक्षी पार्टियों की बेंगलूर में होने वाली अगली बैठक में जाएंगे तो उनकी इन पत्तलों का वहां कौन खरीददार मिलेगा? मिल भी गया तो औने पौने दाम में ही खरीदेगा। जो शरद पवार कभी सोनिया गान्धी और राहुल गान्धी को हौसला देते थे कि हम आपके साथ हैं, उनको राहुल गान्धी और सोनिया गान्धी का फोन आया कि उम्र की इस चौथ में धैर्य मत छोडऩा, हम आपके साथ हैं। उस सोनिया गान्धी का जो अभी भी हैं तो विदेशी मूल की हीं। शरद पवार ने ये दिन भी देखने थे? यदि पटना-पटना खेला न खेलते तो शायद कोई उनकी ओर ध्यान ही न देता और वे चुपचाप अपनी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की साफ सफाई करते रहते। लेकिन जब कोई मधुमक्खियों के छत्ते के नाटक में स्वयं के लिए 'रानी मक्खी' की भूमिका तय करेगा तो उसे इसके खतरों का भी पता होना चाहिए था। यह समझ से परे है कि इतने समझदार शरद पवार इतनी राजनीतिक नासमझी कैसे कर बैठे? विपक्षी पार्टियों के लिए यह 'प्रथम ग्रासे मक्षिका' वाला प्रसंग है। बाकी पार्टियों में भी हो हल्ला होने लगा है। सबसे ज्यादा हलचल तो नीतीश बाबू की जेडीयू में है। पटना वाला खेला में नीतीश बाबू ही लालू यादव जी के बेटे तेजस्वी यादव के साथ मिल कर उत्साह से लबरेज थे। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। इनमें से भाजपा और लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल के पास 80-80 विधायक हैं। नीतीश कुमार की जेडीयू के पास 45 और सोनिया कांग्रेस के पास 19 विधायक हैं। इसे नीतीश कुमार की राजनीतिक दक्षता ही कहना पड़ेगा कि वे 45 के बावजूद मुख्यमंत्री बने हुए हैं। शायद इसी के कारण नीतीश बाबू को लगा होगा कि राजनीति तो उनकी हथेली पर नाचती है। इसी के कारण उन्होंने शरद पवार के साथ मिल कर एक ऊंची उड़ान भरने की योजना बना ली होगी। शरद पवार के राजनीतिक पंख तो अब आकर उनके भतीजे ने काटे, लेकिन नीतीश कुमार तो कटे पंखों के साथ ही सुपरमैन की वर्दी पहन कर लम्बी उड़ान की तैयारियां कर रहे थे। लेकिन उनके छत्ते की मधुमक्खियों को लगने लगा कि हमारी यह रानी मक्खी खुद भी गिरेगी और हमें भी कहीं का नहीं छोड़ेगी। लालू की सन्तानें छत्ते का शहद निकालने के लिए बर्तन लेकर घूम रहे हैं। अब खबरें आ रही हैं कि नीतीश बाबू के छत्ते में भी हलचल मची हुई है। वैसे तो विपक्ष को भयभीत कर देने वाली खबरें कर्नाटक से भी आनी शुरू हो गई हैं। फिलहाल पश्चिमी बंगाल में स्थानीय निकाय चुनावों के परिणाम की प्रतीक्षा करनी होगी। ममता की रणनीति तभी पता चलेगी। इस तरह विपक्ष एकजुट होने के प्रयास जरूर करता है, लेकिन साथ ही वह टूटता जाता है। विपक्ष में एकता नजर नहीं आ रही है। इसका लाभ भाजपा तथा मोदी को ही मिलेगा। फिलहाल भाजपा लाभ की स्थिति में लगती है, हालांकि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद विभिन्न दलों की प्रतिक्रिया देखने योग्य होगी। कुछ इंतजार करना होगा।

## देश दुनीया से

# विद्यार्थियों की सेहत और शिक्षण संस्थान

**पिछले** वर्षों में पूरा विश्व कोरोना महामारी के कारण अस्त व्यस्त रहा है। इस कारण लोगों का ध्यान खानपान व फिटनेस पर केन्द्रित हुआ है, मगर उतना नहीं जिससे संपूर्ण स्वास्थ्य मिल सके। हमारे देश के पहली कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक के करोड़ों विद्यार्थी जहां सुचारू शिक्षण मिल रहा है, वहीं पर उनकी सामान्य फिटनेस के लिए जो थोड़े बहुत कार्यक्रम थे वो भी नहीं हो पा रहे हैं। पांच से लेकर सोलह वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को जहां सुचारू फिटनेस कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत होती है, वहीं पर हर उम्र के लिए भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत है। आज जब घर पर बच्चा नियमित न तो कोई घरेलू काम कर रहा है और न ही शिक्षा संस्थान के पास फिटनेस का भी कोई कार्यक्रम है, ऐसे में हमें पहले मानव के वृद्धि व विकास की प्रक्रिया को ठीक से समझना होगा और फिर एक संतुलित फिटनेस कार्यक्रम लागू करना होगा। इस सबके लिए अभिभावकों का जागरूक होना जरूरी है। इस कॉलम के माध्यम से बार-बार इस विषय पर लिखा जा चुका है। खेल व शारीरिक क्रियाओं का जिक्र होते ही आम जनमानस की यह धारणा होती है कि खिलाडियों की बात हो रही है, मगर वास्तव में हर नागरिक को यदि उम्रभर स्वस्थ व खुशहाल रहना है तो फिटनेस कार्यक्रम बहुत ही जरूरी है। खेल प्रशिक्षक व शारीरिक शिक्षक को यह ज्ञान जहां बहुत ही जरूरी है वहीं पर हर अभिभावक को भी मानव वृद्धि व विकास के सिद्धांतों को समझना अनिवार्य हो जाता है। संसार के विकसित देशों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा पद्धति व मनोरंजन के क्षेत्र में बहुत ज्यादा प्रगति कर ली है और इन्हें बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज कौन देश कितना हर क्षेत्र में आगे है, इस बात का पता ओलंपिक में जीते हुए पदकों से चलता है जहां विकसित देश ही अधिक पदक विजेता होते हैं। विकसित देशों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के साथ साथ खेल क्षेत्र में काफी प्रगति की है। मानव की वृद्धि व विकास जानने के लिए उसके जन्म से लेकर अंत तक विभिन्न अवस्थाओं का अध्ययन बहुत जरूरी है। जन्म के पहले तीन महीनों तक शिशु बिल्कुल लाचार होता है, वह स्वयं हिल-डुल भी नहीं सकता है, फिर वह पलटना सीखता है। आठवें व नौवें महीनों तक वह सहायता से खड़ा होना और चलना सीखता है। शिशु अपने दूसरे व तीसरे वर्ष में चलना, दौडऩा, कूदना, चढऩा, खैंचना, धक्का देना व फैंकना का काफी धीमी गति से प्रारंभिक स्तर सीख लेता है। यही समय है जब बच्चा बोलना व भाषा को समझने लगता है। बचपन के पहले चार से सात सालों में बच्चों में शारीरिक क्रियाओं को करने की प्रबल इच्छा होती है। साथी बच्चों के साथ सहभागिता सीखता है। पहले सिखी गई क्रियाओं में और सुधार आता है, इसके अतिरिक्त कैचिंग, हापिंग व स्किपिंग आदि कोआर्डिनेशन वाली क्रियाओं को भी करने लग जाता है। बहुत सी शारीरिक क्रियाओं को करने की शुरुआत इस आयु से हो जाती है। जिम्नास्टिक व तैराकी जैसे खेलों का प्रशिक्षण इस उम्र से शुरू हो जाता है। इस अवस्था में बच्चे की सही शारीरिक संरचना व शारीरिक क्षमताओं को विकसित करते हुए सर्वांगीण विकास का ध्यान रखना जरूरी है। बचपन के मध्य भाग जो सात से दस साल तक चलता है, इस समय बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास समान रूप से हो रहा होता है। समाज में क्या घटित हो रहा है उसे बच्चा बहुत तेजी से सीखता है। इसलिए बच्चे को अच्छा स्कूल चाहिए होता है जो उसके शारीरिक व मानसिक विकास को सही गति दे सके। बच्चे की इस अवस्था में स्ट्रैंथ व स्पीड का विकास तेजी से होता है। बुनियादी इडोरैंस का विकास भी इस उम्र में तेजी से होता है।

हमारे देश के पहली कक्षा से लेकर विश्वविद्यालय तक के करोड़ों विद्यार्थी जहां सुचारू शिक्षण मिल रहा है, वहीं पर उनकी सामान्य फिटनेस के लिए जो थोड़े बहुत कार्यक्रम थे वो भी नहीं हो पा रहे हैं। पांच से लेकर सोलह वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को जहां सुचारू फिटनेस कार्यक्रम की बहुत ज्यादा जरूरत होती है, वहीं पर हर उम्र के लिए भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत है। आज जब घर पर बच्चा नियमित न तो कोई घरेलू काम कर रहा है और न ही शिक्षा संस्थान के पास फिटनेस का भी कोई कार्यक्रम है, ऐसे में हमें पहले मानव के वृद्धि व विकास की प्रक्रिया को ठीक से समझना होगा और फिर एक संतुलित फिटनेस कार्यक्रम लागू करना होगा।

## नागरिक बोध

# हाय रे लाल टमाटर!

**घर** की काम वाली बाई ने बताया कि बड़ी मंडी में टमाटर बीस रुपए किलो बिक रहा है तो मुंह में पानी आ गया, क्योंकि पिछले पंद्रह दिनों से सलाद में टमाटर गायब था। मैंने बच्चे से कहा -'यार टिंकू, गाड़ी निकाल, मंडी से टमाटर लाएंगे।' वह बोला -'पापा, टमाटर में गाड़ी क्या करेगी? अपनी स्कूटी ले जाओ और ले आओ टमाटर। कोई गाड़ी भरकर टमाटर थोड़े ही लाना है। एक थैले में आ जाएगा टमाटर।' मैं बोला -'तू समझता नहीं, अस्सी रुपए किलो का टमाटर है। मंडी में भीड़-भाड़ रहती है। थैला हाथ से छूट गया या गाय ने सींग मार दिया तो टमाटर खरीदना, नहीं खरीदना बराबर हो जाएगा।' मन मारकर वह तैयार हो गया। मंडी पहुंचे तो एक सब्जी विक्रेता के पास सड़ा-गला सा टमाटरों का ढेर देखा तो, वही टमाटर सलादी और रसदार लगा। मैंने भाव पूछा तो विक्रेता ने बताया कि टमाटर पचास रुपए लगा देंगे। मैंने मन में सोचा – चलो तीस रुपए किलो का फायदा है। सब्जी और सलाद के लिए यह बुरा नहीं है। बच्चा मेरी बात समझ गया, बोला -'क्या ले रहे हैं पापा। ये सड़े हुए टमाटर हैं। बदबू मार रहे हैं, आगे चलो, ताजा टमाटर लेंगे।' मैंने कहा भी कि यार पचास में बुरे नहीं हैं। वह नहीं माना, हम आगे बढ़े तो टमाटर गायब था। पचासों दुकानों पर उसे तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। मैं बोला -'टिंकू, मैंने कहा नहीं था, वहीं से ले लो। वही ठीक है। अब पता नहीं वह भी मिलेगा या नहीं?' थक-हार कर हम दोनों फिर उसी दुकान पर आ गए। टमाटरों को जस का तस देखकर मन को तसल्ली हुई। मैंने कहा -'भाई पांच किलो तोल दो।' बच्चा बोला -'पांच दिन में इससे घर की हालत दुर्गन्ध के कारण बहुत बुरी होगी। क्योंकि यह पहले ही सड़ा हुआ है। चार-पांच दिनों में तो यह और सड़ जाएगा।' मैंने कहा -'अस्सी का पचास में मिल रहा है, गाड़ी लेकर आए हैं। पैट्रोल का खर्चा पांच किलो में ही निकलेगा। नहीं होने से तो काना मामा ही भला होता है।' यह कहकर मैंने पांच किलो तुलवा कर थैले में भरा और सावधानी से गाड़ी में धर दिया। सीना गर्व से फूला जा रहा था कि आज तो सलाद में टमाटर होगा। सामान्य आदमी के लिए टमाटर सेब की जगह होता है। टमाटर का थैला घर में लाकर रखा तो पत्नी ने नाक बंद कर ली और बोली-'क्या लाए हो, जिससे दिमाग तक सड़ गया है।' बच्चे ने ही जवाब दिया-'सड़ा हुआ टमाटर।' पत्नी ने थैला खोला तो दुर्गन्ध और फैली और वह बोली-'इससे तत्काल बाहर कूड़ेदान में डालो, वरना सारा घर बीमार हो जाएगा।' मैंने कहा भी -'भागवान यह क्या कर रही हो? पचास रुपए किलो का है। पूरी मंडी छान मारी, एक दुकानदार के यहां ही था। वह ले आया। अब इसे सब्जी में काम ले लो।' पत्नी गुस्से में भुनभुनायी -'आप का तो दिमाग सड़ गया है। नाक में घ्राण शक्ति रही नहीं और ले आए यह सड़ा-गला।' यह कहकर उसने पूरा थैला बाहर कूड़ेदान में उंडेल दिया और राहत की सांस ली और मैंने लम्बी सांस लेकर यही कहा -'हाय रे मेरे लाल टमाटर।' टिंकू लगातार हंसे जा रहा था। मैंने कहा -'अब देखता हूं क्या खाओगे सलाद में?' उसने कहा -'हम बिना सलाद के खा लेंगे, लेकिन उफ! आपके इस सड़े टमाटर से तो बचे।' मैं गुस्से में ऑफिस जाने की तैयारी में जुट गया, बाहर से टमाटरों की गंध अभी भी मेरे नथुनों को राहत दे रही थी।



# यूक्रेन को क्लस्टर बम देगा अमेरिका : फ्रांस-ब्रिटेन समेत 108 देशों में बैन; पाकिस्तान ने भारत पर लगाया था इनके इस्तेमाल का आरोप

**वॉशिंगटन।**
रूस से जंग के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को क्लस्टर बम देने का फैसला किया है। घोषणा शुक्रवार देर रात तक कर दी जाएगी। 3 अमेरिकी अधिकारियों ने बताया है कि यूक्रेन को दिए जाने वाले वेपन पैकेज में क्लस्टर हथियार होंगे, जिन्हें होवित्जर तोप से दागा जाएगा। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति जो बाइडेन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस दौरान विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यूक्रेन को क्लस्टर हथियार देने का सुझाव दिया था। यह फैसला तब लिया जा रहा है, जब 2008 में 108 देश क्लस्टर बम पर बैन लगाने के यूएन कंवेंशन को साइन कर चुके हैं। इनमें फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अमेरिका के सहयोगी देश भी शामिल हैं।

**रिपोर्ट में दावा- रूस और यूक्रेन, दोनों क्लस्टर बन का इस्तेमाल कर रहे** - ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक रूस और यूक्रेन दोनों ही जंग में क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रहे हैं। 2022 में यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाके में क्लस्टर बम दागे थे। इसमें 8 बेगुनाह नागरिकों की मौत हो गई थी। एचआरडब्लू की अधिकारी मैरी वेयरहेम के मुताबिक जंग में क्लस्टर बम के इस्तेमाल से लोगों की जान जा रही है और सालों तक जाती रहेगी। दरअसल रूस, अमेरिका और यूक्रेन, तीनों ही देशों ने 2008 की क्लस्टर बमों के इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली यूएन की संधि पर साइन नहीं किया है। जेलेंस्की काफी समय से अमेरिका से क्लस्टर हथियारों की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि इनके इस्तेमाल से वो रूसी सैनिकों के ठिकानों को आसानी से तबाह कर पाएंगे।

**क्या होते हैं क्लस्टर बम** - क्लस्टर बम एक ऐसा हथियार है, जिसे हवा में रिलीज करने पर कई छोटे-छोटे बम निकलते होते हैं। ये छोटे बम साधारण बमों की तुलना में ज्यादा इलाके को प्रभावित करते हैं। ये खतरनाक इसलिए माने जाते हैं क्योंकि मुख्य बम से निकलने वाले कई सारे छोटे विस्फोटक निर्धारित लक्ष्य के आसपास भी नुकसान पहुंचाते हैं। ज्यादातर मामलों में इनकी चपेट में आम नागरिक भी आते हैं। इन्हें लड़ाकू विमानों के जरिए आसमान और तोपों के जरिए जमीन से भी दागा जा सकता है। बम के फटने के बाद आसपास गिरने वाले छोटे विस्फोटक लंबे समय तक पड़े रह सकते हैं। ऐसे में जंग खत्म हो के बाद भी इनकी चपेट में आने से जान जा सकती है। यह विरोधी सैनिकों को मारने या उनके वाहनों को नुकसान पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। पाकिस्तान ने 2019 में कहा था- इंडिया ने क्लस्टर बम का इस्तेमाल किया, निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया 2019 की बात है, भारतीय सेना ने पाकिस्तान की तरफ से होने वाली घुसपैठ को रोकने के लिए कार्रवाई की। इसके बाद पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भारतीय सेना पर क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- भारत ने नियंत्रण रेखा पर आम नागरिकों को निशाना बनाया है, क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया है जो निंदनीय है। ये जिनेवा संधि और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।

## न्यूज ब्रीफ

### आधुनिक युग में बार्टर सिस्टम से कारोबार की पाकिस्तान की योजना मुंह के बल गिरी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार कर्ज की नई किस्त देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को मनाने में कामयाब रही, लेकिन देश को आर्थिक संकट से निकालने की उसकी एक दूसरी रणनीति मुंह के बल गिर पड़ी है।



महीने भर पहले पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान, ईरान और रूस के साथ वस्तुओं की अदला-बदली (बार्टर सिस्टम के जरिए) कारोबार करने का प्रावधान किया था। यह निर्णय विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से आ रही गिरावट को रोकने के लिए लिया गया था। लेकिन यह रणनीति आगे नहीं बढ़ पाई है। पाकिस्तान सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने 57 ऐसी वस्तुओं की सूची पिछले महीने जारी की थी, जिनमें एक के बदले दूसरी चीज का आदान-प्रदान कर तीन देशों के साथ व्यापार किया जा सकता है। इन वस्तों में कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार ने इसके लिए बिजनेस-टू-बिजनेस बार्टर ट्रेड मेकेनिज्म 2023 नाम से आदेश जारी किया था। अब महीने भर जानकारों का कहना है कि यह सिस्टम कारोबारियों का ध्यान तक नहीं खिंच पाया है। यह भी खबर है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने इस सिस्टम के तहत कारोबार करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्राचीन और मध्य काल में बार्टर सिस्टम ही प्रचलित था। लेकिन आधुनिक दौर में इस माध्यम से कारोबार लगभग ना के बराबर रह गया है। पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनवा के व्यापारियों की संस्था सरहद चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शाहिद हुसैन ने बताया- 'सीमाई इलाकों में रहने वाले कई व्यापारी पहले ही अफगानिस्तान से चीजें मंगवाते हैं और उनके बदले पाकिस्तान में निर्मित होने वाली वस्तुएं उन्हें देते हैं। लेकिन ऐसे कारोबार की मात्रा बहुत थोड़ी है।

### सिंगापुर के सांसदों ने भारतीय मूल के वरिष्ठ मंत्री को दी शुभकामना; राष्ट्रपति चुनाव में ठोकेंगे ताल

**सिंगापुर ।** सिंगापुर की संसद में सांसदों ने वरिष्ठ मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम को उनकी आखिरी संसदीय बैठक के दौरान शुभकामनाएं दी।



थर्मन ने पिछले दो दशक से अधिक समय से देश की जनता के लिए काम किया। अब वह सभी राजनीतिक और आधिकारिक पदों से इस्तीफा देकर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इससे पहले भारतीय मूल के 66 वर्षीय थर्मन ने वरिष्ठ मंत्री, सामाजिक नीतियों के लिए समन्वय मंत्री और पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को वह अपने आखिरी संसदीय बैठक में शामिल हुए थे। उनके आखिरी संसदीय बैठक पर सदन की नेता इंद्राणी राजा ने कहा कि हम एसएम थर्मन और उनके प्रभावशाली भाषणों को बहुत याद करेंगे। उनका सबसे बड़ा तोहफा जटिल आर्थिक सिद्धांतों को सरल बनाना है। उन्होंने आगे कहा कि हम उनकी बुद्धिमता और हास्य को भी बहुत याद करेंगे। यहां ज्यादातर लोग उन्हें एक दोस्त और संसद के सदस्य के तौर पर याद करेंगे। थर्मन ने साल 2001 में राजनीति में कदम रखा था। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट में कई पद भी संभाले। वह देश के उप-प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सिंगापुर का मौद्रिक प्राधिकरण और वास्तविक केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष और सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के उपाध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। थर्मन आर्थिक विकास बोर्ड की अंतर्राष्टीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष भी रहे। सिंगापुर में हर छह साल में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव इस साल वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब के कार्यकाल (13 सितंबर) खत्म होने से पहले होना है।

### पुलिस वैन का इस्तेमाल कर लूटते थे खाना पकाने का तेल, गिरोह के पांच संदिग्ध गिरफ्तार

**कराची ।** पाकिस्तान के कराची से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। वहां एक ऐसा गिरोह सामने आया है, जो पुलिस की गाड़ी का इस्तेमाल करके खाना पकाने वाले तेल को लूटता था। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक गोदाम का मालिक, एक कर्मचारी और एक पुलिसकर्मी शामिल हैं। बता दें, पुलिस ने गार्डन मुख्यालय के पास छापेमारी की थी। इस दौरान गिरोह के पांच से अधिक संदिग्ध सदस्यों के बारे में जानकारी हुई थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन आरोपियों ने डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल में खाना पकाने के तेल का स्टॉक ले जाने वाले मालवाहक वाहनों से लूटपाट करने के लिए एक पुलिस वैन का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि पिछले महीने ऐसी दर्जनों लूट की घटनाएं सामने आई थीं। पुलिस ने बताया कि आरोपी गोदाम में तेल छिपाते थे। दरअसल, पुलिस को इस महीने की शुरुआत में एक गुप्त सूचना मिली, जिसपर डिफेंस और क्लिफटन क्षेत्र में अभियान चलाया गया, जहां से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। संदिग्धों अशरफ उर्फ अच्छू और आसिफ पर चोरों के एक गिरोह को चलाने का आरोप है, जिन्होंने कराची में कई डकैतियां कीं।

## पाकिस्तान ने यूएनएससी में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

# भारत बोला- पाक कट्टरता में डूबा, हमें समझ नहीं सकता, उसकी सोच से फर्क नहीं पड़ता

**लंदन।**
भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में एक बार फिर पाकिस्तान को लताड़ा है। बुधवार को ब्रिटेन में हुई यूएनएससी की एक बैठक में पाकिस्तान ने फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। इस पर यूएन में भारत के मिशन काउंसलर आशीष शर्मा ने कहा- लद्दाख और जम्मू-कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे और रहेंगे। इस पर पाकिस्तान क्या सोचता या चाहता है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ब्रिटेन में यूएनएससी के मेंबर्स चिल्ड्रन एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट पर चर्चा में शामिल हुए थे। इस दौरान पाकिस्तान के डिप्लोमैट मुनीर अकरम ने अपने बयान में कश्मीर का मुद्दा उठाया। अकरम ने कहा- चिल्ड्रन एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट पर यूएन सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस की नई रिपोर्ट में भारत का जिक्र नहीं है, जो एक गलती है।

### भारत ने कहा- पाकिस्तान यूएनएससी का ध्यान भटका रहा

अकरम के इस बयान का जवाब देते हुए भारतीय डिप्लोमैट आशीष शर्मा ने कहा- यूएनएससी में एक डेलिगेशन ने मेरे देश के खिलाफ जहर उगला है, जो राजनीति से प्रेरित है। हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। जो लोग खुद कट्टरता में डूबे हुए हैं वो भारत के समाज और यहां रह रहे अलग-अलग समुदाय के लोगों की एकता को नहीं समझ सकते। हम इस तरह के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। इस तरह के बयान से पाकिस्तान उनके देश में बच्चों के खिलाफ लगातार हो रहे अपराधों से परिषद का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। इसके अलावा शर्मा ने वैश्विक आतंकवाद और आतंकी गतिविधियों में बच्चों को शामिल करने को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा- आतंकवाद से निपटने और बच्चों की रक्षा के लिए हमें साथ मिलकर काम करना होगा। इसके लिए सभी मेंबर देशों को आतंकियों और उनको फंडिंग देने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेना होगा। उन्होंने बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध करने वालों पर दया न करने की अपील की।

### यूएन के सेक्रेटरी जनरल बोले- भारत में बच्चों की रक्षा के लिए हो रहा बेहतर काम

यूएन के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस ने चिल्ड्रन एंड आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट 2023 की रिपोर्ट से भारत का नाम हटा दिया था। इसके लिए उन्होंने भारत में बच्चों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे बेहतर कदम का हवाला दिया था। उन्होंने कहा- भारत सरकार बच्चों के लिए अच्छा काम कर रही है और हम उनके प्रयासों की सराहना करते हैं।

### एससीओ में पाक का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने उठाया था आतंकवाद का मुद्दा

इससे पहले 4 जुलाई को एससीओ समिट में भी पीएम मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया था। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा था कि कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ये क्षेत्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है। आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में दोहरे मापदंड नहीं रखने चाहते।



### न्यूयॉर्क में दो बसों की जोरदार भिडंत, 75 से ज्यादा लोग घायल, कुछ को मौके पर ही देनी पड़ी ऑक्सीजन

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में गुरुवार को दो बसों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में अब तक 75 से ज्यादा लोगों के घायल होने की संभावना है। गनीमत रही कि किसी की अभी तक जान नहीं गई है, सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर एक डबल डेकर टूर बस और सिटी बस के बीच हुई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि सत्ताईस लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि 50 अन्य का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ लोगों को मौके पर ही ऑक्सीजन देनी पड़ी है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार लगभग 7 : 15 बजे (स्थानीय समय) मैनहट्टन में ईस्ट 23 स्ट्रीट और फर्स्ट एवेन्यू पर यात्रा करने वाली टूर बस ने एक एमटीए एक्सप्रेस बस को पीछे से टक्कर मार दी जिससे यह दुर्घटना हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, किसी भी पीड़ित को जानलेवा चोट नहीं आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के समय दोनों बसें खचाखच भरी हुई थीं, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में यात्री घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के उप प्रमुख केविन मर्फी ने कहा कि खचाखच भरी हुई दो बसों की टक्कर हुई है जिसमें बड़ी संख्या में मरीज घायल हुए हैं। इसलिए तुरंत लोगों की इतनी संख्या को देखते हुए आपातकालीन सेवाओं ने अच्छा काम किया। मर्फी ने कहा कि डबल डेकर बस में काफी यात्री फंसे थे, उसमें बचाव कार्य जटिल हो गए क्योंकि अग्निशामकों को डबल-डेकर बस के शीर्ष स्तर से यात्रियों को नीचे लाने के लिए खिड़कियां तोड़नी पड़ीं और सीढ़ियों और रस्सियों का उपयोग करना पड़ा।

# म्यांमार की सेना के लिए चीनी हित सर्वोपरि, अपने नागरिकों की जान की परवाह नहीं

**यंगून ।**
म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध के बीच सेना ने चीनी ठिकानों को बचाने की कोशिश में अपने नागरिकों की जान के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। म्यांमार के सैनिक शासकों को चीन का समर्थन हासिल रहा है। इसलिए सैनिक शासन की प्राथमिकता चीनी कंपनियों के कार्य-स्थलों को हर हाल में सुरक्षित बनाना है। ताजा खबरों के मुताबिक ताबें की एक खदान के आसपास बिछाई गई बारूदी सुरंगों के कारण अनगिनत आम लोग हताहत हुए हैं। इस खदान में खुदाई का ठेका एक चीनी कंपनी को मिला हुआ है। म्यांमार की सेना ने फरवरी 2021 में निर्वाचित प्रतिनिधियों का तख्ता पलट कर देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। उसके बाद से देश में गृह युद्ध जैसी हालत है। इस दौरान सैनिक शासन की कोशिश चीनी हितों को गृह युद्ध के असर से बचाए रखने की रही है। इनमें लातपादाउंग तांबा खदान भी शामिल है। खबरों के मुताबिक गृह युद्ध के दौर में बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल बढ़ गया है। इनकी चपेट में आकर जान गंवाने वाले लोगों की संख्या हाल के महीनों में काफी बढ़ी है। म्यांमार की स्थिति पर नजर रखने वाले अमेरिकी थिंक टैंक यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस में म्यांमार के कंट्री डायरेक्टर जेसन टॉवर के मुताबिक बारूदी सुरंगों का इस्तेमाल सेना ने चीनी संपत्तियों को बचाने के मकसद से शुरू किया था। लातपादाउंग खदान के चारों तरफ इन सुरंगों को बिछा दिया गया, ताकि खदान को विद्रोहियों के हमले से बचाया जा सके। म्यांमार के सैनिक शासन के खिलाफ विद्रोह में शामिल 16 हथियारबंद गुटों ने मिल कर पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) का गठन किया है।



पीडीएफ ने कई जगहों पर सेना और उससे जुड़े ठिकानों पर घातक हमले किए हैं। सैनिक शासन को चीन के समर्थन के कारण चीनी कंपनियां भी पीडीएफ के निशाने पर बताई जाती हैं। लातपादाउंग खदान में चीन की कंपनी वानबाओ माइनिंग की सहायक कंपनी खुदाई कर रही है। इस खदान के बारूदी सुरंगों से घेरने की खबर पर वानबाओ माइनिंग की टिप्पणी लेने की कोशिश की। लेकिन कंपनी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। लातपादाउंग खदान के चारों ओर बारूदी सुरंगों के बिछाए जाने की खबर सबसे पहले पिछले साल अगस्त में आई थी। वैसे उसके पहले भी यह खदान विवादों से घिरा रही है। तांबे की खुदाई के कारण उस इलाके में फैले जहरीले पदार्थों के कारण स्थानीय निवासी कई साल से इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। बताया जाता है कि खुदाई के साथ निकले जहरीले पदार्थों के कारण इलाके में जमीन के नीचे का पानी प्रदूषित हो गया है। अब गृह युद्ध फैलने के साथ म्यांमार में काम कर रही कई दूसरी चीनी कंपनियों की सुरक्षा के लिए सेना की तरफ से उठाए गए कदमों पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जाता है कि शान राज्य में चीन-म्यांमार गैस पाइपलाइन की रक्षा के लिए भी सैन्य शासन ने बारूदी सुरंगे बिछाई हैं।

# बिम्सटेक को बनाएं सीमा-मुक्त व्यापक पर्यटन क्षेत्र, श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का सुझाव

**कोलंबो ।**
श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बंगाल की खाड़ी स्थित देशों के मंच बिम्सटेक को पर्यटन के लिहाज से एक सीमा-मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया है।



बता दें, बिम्सटेक में भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमा, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं विक्रमसिंघे गुरुवार को भारतीय ट्रैवल एजेंट संघ (टीएएआई) के 67वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी स्थित सात देशों के बहु-क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग मंच बिम्सटेक को पर्यटन का एक सीमा-मुक्त क्षेत्र बना दिया जाना चाहिए। चार दिवसीय टीएएआई सम्मेलन का विषय सीमाओं को पार करना, जीवन को बदलना है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका को दिवालियापन का सामना करना पड़ा और अब जब हम इससे बाहर निकल रहे हैं, तो ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें अभी भी याद रखना होगा कि व्यापार संतुलन हमारे पक्ष में नहीं है। इसलिए, हमें आने वाले समय में व्यापार का सकारात्मक संतुलन सुनिश्चित करना होगा। धन जुटाने का एक तरीका जो ऋण पैदा करने वाला नहीं है, वह पर्यटन है। इसलिए इसका भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा। विक्रमसिंघे ने श्रीलंका को 2022 के संकट से तेजी से उबरने में मदद करने के लिए उनकी सरकार द्वारा बनाई गई सात गोल्फ कोर्स और अधिक रिसॉर्ट्स सहित कई परियोजनाओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र की योजनाओं को समायोजित करने के लिए कुछ कानूनों में बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में आपके पास एक नया उद्योग होगा। इसके लिए हमें अपनी संपर्क सुविधाओं को भी तैयार करना होगा। विक्रमसिंघे ने कहा कि मेरा सुझाव है कि समूचे बिम्सटेक को ही क्यों नहीं एक व्यापक पर्यटन क्षेत्र बना दिया जाए। हम बिम्सटेक को खोलते क्यों नहीं हैं हम बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल समुद्रा सफर के लिए क्यों नहीं करते' उन्होंने कहा कि बिम्सटेक को खोलने से यह बाहर से यहां आने वाले किसी भी सैलानी के लिए एक सीमा-मुक्त व्यापक पर्यटन क्षेत्र बन जाएगा। श्रीलंका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन का योगदान लगभग 5 प्रतिशत है, जिसमें ब्रिटेन, भारत और चीन मुख्य बाजार हैं। पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, पिछले साल श्रीलंका में 719,978 पर्यटक आए थे, जो साल 2021 की तुलना में 270.2 प्रतिशत अधिक थे। दरअसल, साल 2021 में 194,495 पर्यटक यहां आए थे।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी इलाके में भूस्खलन, क्रिकेट खेल रहे कई बच्चे मलबे में दबे, आठ की मौत

**इस्लामाबाद ।**
उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पहाड़ी इलाके में भूस्खलन के कारण गुरुवार को आठ बच्चों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शांगला जिले के मार्टुंग क्षेत्र में लगभग नौ से 14 बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान भारी भूस्खलन हुआ और सभी इसकी चपेट में आ गए। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की उम्र 12-14 साल के बीच थी, जो भूस्खलन के मलबे में फंस गए थे, जबकि एक बच्चा अभी भी लापता है। भूस्खलन के बाद बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और बच्चों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बचाव कार्य में भारी मशीनें लगाई गई हैं। वहीं, प्रशासन ने स्थानीय अस्पतालों में आपातकाल घोषित किया है।



### घर में आग लगने से चार बच्चों की मौत

इसी साल मई में सिंध के संघर जिले के एकरो थार क्षेत्र में चार बच्चों की अपने ही घर में आग लगने से जलकर मौत हो गई थी। बचावदल के सूत्रों ने बताया कि घर में आग लगने से जलकर मारे गए बच्चे एक दूसरे के भाई-बहन है। उनके पिता भी इस हादसे में गंभीर रूप से जल गए थे। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने शवों और घायलों को इलाज के लिए अस्तपताल भेजा। इस हादसे में घर के किछ समान और कुछ बकरियों को भी नुकसान पहुंचा।

### लालटेन से लगी पूरे घर में आग

ऐसी ही एक घटना निचले कोहिस्तान के पत्तन इलाके में मार्च में घटी। जहां एक ही परिवार के दस सदस्य गर में आग लगने के कारण जलकर मर गए। यह आग लालटेन की वजह से लगी थी। गटना की जानकारी पाकर स्थानीय लोग बचाव के लिए गटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने सदस्यों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भारी बारिश के कारण पाकिस्तान में अबतक 50 लोगों की मौत पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश के कारण 50 लोगों की मौत जबकि 87 घायल हो गए। बारी बारिश के कारण पिछले कुछ दिनों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।

## पाकिस्तान की नेशनल असेंबली 13 अगस्त को होगी भंग

# कानून मंत्री बोले- अगस्त में खत्म हो जाएगा टेन्योर; अगला चुनाव लड़ सकेंगे नवाज शरीफ


**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान की नेशनल असेंबली 13 अगस्त को भंग हो जाएगी। पाकिस्तान के कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने इसकी जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि अब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भी चुनाव लड़ सकेंगे। तरार ने कहा- नए इलेक्शन एक्ट के बाद सुप्रीमो पर लगा बैन हट गया है। अब वो और पाकिस्तान शुगर माफिया जहांगीर खान चुनाव लड़ने के योग्य हैं।

पाकिस्तान के एक प्राइवेट न्यूज चैनल को कहा- पाक संसद का टेन्योर अगस्त में समाप्त हो जाएगा। इसके बाद एक केयरटेकर सेट-अप बनाया जाएगा, जिससे चुनाव होने तक संसद की कार्यवाही जारी रह सके। हालांकि, देश के राजनीतिक हालात को देखते हुए कार्यकाल खत्म होने से पहले ही नेशनल असंबली भंग होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### पाकिस्तान में कोई भी जीवनभर के लिए नहीं होगा डिस्क्वॉलिफाई

कानून मंत्री ने कहा- पाकिस्तान के नए कानून के तहत अब किसी को भी जीवनभर के लिए डिस्क्वॉलिफाई नहीं किया जाएगा। अब इसकी अधिकतम अवधि 5 साल ही होगी। अभी अगर किसी एक को इस बदलाव से फायदा मिल रहा है तो कल किसी दूसरे को मिलेगा। पाकिस्तान में संसद के अलावा कोई भी कानून नहीं बदल सकता है। साथ ही तरार ने बताया कि पाकिस्तान में गठबंधन की सरकार बिना अपने पार्टनर्स से चर्चा किए कोई फैसला नहीं लेती है।

### नवाज और तरीन को कैसे फायदा मिलेगा



नवाज शरीफ को सियासी साजिश के तहत जून 2017 में कई मामलों में सजा सुनाई गई थी। इसी वक्त सुप्रीम कोर्ट ने उनके ताउम्र चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगा दी। संविधान के अनुच्छेद 62 (1) के तहत उन्हें बेईमान करार भी दिया गया।

संसद के अपर हाउस सीनेट में इस महीने की शुरुआत में अयोग्यता कानून को बदलने के लिए नया बिल पेश किया गया था। इसे यहां से पारित कर दिया गया। इसके बाद 24 जून को यही बिल निचले सदन नेशनल असेंबली में पेश किया गया। यहां 25 जून को इसे पारित कर दिया गया। नए बिल के मुताबिक किसी भी सांसद या विधायक को 5 साल से ज्यादा के लिए अयोग्य करार नहीं दिया जा सकता। मान लीजिए अगर किसी सांसद या विधायक को 2023 में अयोग्य करार दिया जाता है तो वो ज्यादा से ज्यादा पांच साल यानी 2028 तक ही चुनाव नहीं लड़ सकेगा। नए कानून के लिहाज से नवाज और जहांगीर खान तरीन दोनों अब न सिर्फ चुनाव लड़ सकेंगे, बल्कि प्रधानमंत्री समेत मुल्क के किसी भी ओहदे पर काबिज हो सकेंगे।

### 3 बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन चुके हैं नवाज शरीफ

नवाज शरीफ अब तक 3 बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में नवाज शरीफ को पनामा पेपर्स मामले में अयोग्य घोषित कर दिया था, जिसके बाद उन्हें किसी भी पार्टी में शामिल होने से रोक दिया गया था। लाहौर हाईकोर्ट ने 2019 में नवाज को इलाज कराने के लिए चार हफ्ते के लिए विदेश जाने की इजाजत दी थी। 19 नवंबर, 2019 को नवाज लंदन आए थे और तब से देश वापस नहीं लौटे।

कोर्ट ने 2018 में नवाज को अल-अजीजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई थी। वहीं एवनफील्ड प्रॉपर्टी मामले में उन्हें 11 साल की सजा सुनाई गई थी और 80 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया था। 16 नवंबर 2019 को लाहौर हाई कोर्ट ने नवाज की सजा सस्पेंड करते हुए उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की इजाजत दी।

## पंजाब : डीजल चोरी करते दो चालक गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने कहा है कि राज्य की सार्वजनिक बस सेवा में गलत प्रवृत्तियों पर नकेल डालने के लिए शुरू की गई मुहिम के अंतर्गत दो विभिन्न मामलों में 35 लीटर डीजल चोरी करने वाले दो चालकों को गिरफ्तार किया है। परिवहन मंत्री के अनुसार मनिस्टर फ्लायंग स्क्वाड ने बीते दिन हरियाणा में विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की। उन्होंने बताया कि सिरसा बस स्टैंड में गुरुवार रात की गई चैकिंग के दौरान पनबस डीपू रूपनगर की बस के ड्राइवर राजपाल सिंह को करीब 20 लीटर डीजल चोरी करते हुए रंगे-हाथों पकड़ लिया। इसी तरह हिसार के बस स्टैंड पर रात के समय चैकिंग के दौरान पनबस डीपू मुक्तसर साहिब की बस के ड्राइवर लखविन्दर सिंह को करीब 15 लीटर डीजल चोरी के मामले में रिपोर्ट किया गया। भुल्लर ने बताया कि इसके अलावा मनिस्टर फ्लायंग स्क्वाड ने अनाधिकृत रूट पर चल रही एक बस को भी रिपोर्ट किया है। इस मामले में मुल्लांपुर दाखा में चैकिंग के दौरान ड्राइवर बलदेव सिंह और कंडक्टर हरपाल सिंह को बस को अनाधिकृत रूट पर ले जाते हुए पकड़ा गया, जो वास्तविक रूट पर सवारियों को छोड़कर विभाग को वित्तीय नुकसान पहुंचा रहे थे। फिरोजपुर डीपू की यह बस मुल्लांपुर बस स्टैंड की बजाय पुल पर से ले जाई जा रही थी। इसी तरह बलाचौर में अमृतसर-2 डीपू की बस को अनाधिकृत ढाबे पर खड़ा पाया गया। इस मामले में ड्राइवर रणजीत सिंह और कंडक्टर जगजीत सिंह को रिपोर्ट किया गया है। परिवहन मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को इन मामलों में नामजद ड्राइवरों और कंडक्टरों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की आमसभा भव्य और ऐतिहासिक होगी : भाजपा

**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व विधानसभा में उपनेता सतीश पूनिया ने संयुक्त रुप से दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शनिवार को बीकानेर के समीप नौरंगदेसर में होने वाली आमसभा न केवल ऐतिहासिक बल्कि भव्य होगी। राठौड़ ने कहा कि अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन का कार्यक्रम सबसे बड़ा है, इसलिए सड़क एवं यातायात मंत्री नितिन गडकरी इस कार्यक्रम में मोदी के साथ शामिल होंगे। यहां रेलवे से जुड़े कई शिलान्यास भी होंगे ऐसे में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इसी तरह श्रम एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव भी ऑनलाइन रहेंगे। बीकानेर के नौरंगदेसर में मुख्य कार्यक्रम होने के साथ ही रेलवे स्टेशन, ईएसआई हॉस्पिटल, रतनगढ़ रेलवे स्टेशन एवं चूरू रेलवे स्टेशन पर भी वर्चुअल कार्यक्रम होंगे। भाजपा नेता शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पत्रकार सम्मेलन में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि पीएम राजस्थान पहली बार नहीं आ रहे हैं। अक्सर उनके विजिट को चुनाव से जोड़ा जाता है। लेकिन बीते एक साल में वो छह बार से ज्यादा आए है। अलग-अलग कार्यक्रमों में आए है। वर्ष 2014 में सरकार बनने से लेकर कई तरह की योजनाएं चलाई, उसका फायदा राजस्थान को मिला है। पीएम मोदी के आगमन को लेकर जनता में उत्साह है। राजस्थान की जनता का उनके प्रति स्नेह है। बीकानेर में उनका आगमन यह संकेत करता है कि यह सभा ऐतिहासिक होगी। राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार कहती है कि सोलर में प्रदेश आत्म निर्भर हो गया है। सोलर में प्रदेश सरकार का आत्म निर्भर बनने का दावा खोखला है। जो बिजली सोलर से प्राप्त कर रहे है, वो महज 23 प्रतिशत ही है। बिजली की कटौती आपके सामने और छूट के बाद भी बिजली के बिलों की बढ़ोत्तरी भी लगातार हो रही है, जो आपके सामने है। प्रदेश में सोलर प्लांटों के दौरान हो रही पेड़ों की कटाई के सवाल पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम ने कहा कि राजस्थान सरकार इसे रोके। हमारा काम पॉलिसी बनाना है, उसे लागू करना राज्य सरकार का काम है। मुझे भी शिकायत मिली तो, मैं देखकर आया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कहां रोक पा रही है, यहां जिप्सम का अवैध रूप से खनन हो रहा है। उसे कहा रोक रही है सरकार। यह भी तो एक तरीके से *धरती कहे पुकार के* है। पर्यावरण को नुकसान तो पहुंच रहा है। इस अवसर पर विधायक सिद्धीकुमारी भी मौजूद थीं।

## पंजाब सरकार ने अंबेडकर भवन निर्माण को दिए तीन करोड़ : बलजीत कौर



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार अनुसूचित जातियों, पिछड़ी श्रेणियों और अन्य गरीब वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लगातार कार्यशील है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री बलजीत कौर ने बताया कि तरनतारन में बीआर अंबेडकर भवन का निर्माण कराने के लिए 3 करोड़ रुपए जारी किये गए हैं। सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री बलजीत कौर ने बताया कि जिला तरनतारन में डॉ. अंबेडकर भवन स्थापित करने के लिए जमीन का प्रबंध पहले ही किया जा चुका है। सरकार की तरफ से हर जिले में डॉ. बीआर अंबेडकर भवन स्थापित करने का फैसला लिया गया था, जिससे अनुसूचित जातियों, पिछड़ी श्रेणियों और अन्य गरीब वर्ग के लोगों के लिए एक छत के नीचे सहूलियतें मुहैया करवाई जा सकें। मंत्री ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि तरनतारन में डॉ. अंबेडकर भवन के निर्माण में पारदर्शिता और गुणवत्ता को यकीनी बनाएं और वित्तीय नियमों का सख्ती से पालन करें।

## तीन बच्चों के साथ मां टांके में कूदी, चारों मरे

**बीकानेर ( हिंस )।** पांचू थाना क्षेत्र के स्वरूपसर गांव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ टांके में कूदकर सुसाइड कर लिया। हादसे के दौरान घर के सभी लोग खेत पर काम करने गए हुए थे। जब शाम को लौटे तो हादसे का पता चला। हादसा गुरुवार का है। हादसे में मां समेत उसकी दो बेटी और एक बेटे की मौत हो गई। महिला के ससुर केशुराम मेघवाल ने बताया कि इस हादसे में पुत्रवधु नैनी देवी (32) पत्नी गोपीराम और उसकी बेटी पूजा (7), उर्मिला (5) और बेटा भावेश (1) की जान चली गई। इस दौरान शाम को खेत में आसपास के लोगों ने खबर दी कि उनकी पुत्रवधू बच्चों को लेकर टांके में कूद गई है। पांचू एसएचओ मनोज कुमार यादव ने बताया कि स्वरूपसर गांव की रोही में गोपीराम अपनी पत्नी नैनी देवी व बच्चों के साथ खेत में ढाणी बनाकर रहता है। परिवार में आपस में अनबन चल रही थी। गुरुवार को घर के सभी सदस्य दूसरे खेत को जोतने के लिए गए हुए थे। पीछे से नैनी देवी अपने दो बेटी और एक बेटे के साथ पानी की टांके में कूद गई। घटना की सूचना शाम पांच बजे मिली, तो पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पांचू स्थित मोर्चरी में रखवाया है। परिवार को लोग गांव के वालों के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों के शव पानी के नीचे कीचड़ में फंसे हुए थे। बरसात होने के कारण गोपीराम के खेत मे बने टैंक में बरसाती पानी से भरा हुआ था। इस कारण तीनों के शव को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। टैंक से नैनी देवी को सबसे पहले और बाद में उसके एक वर्षीय बेटे को निकाला गया, तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

## विदेशों में फंसे पंजाबियों की घर वापसी में मदद करेगी पंजाब सरकार : धालीवाल

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार विदेशों में फंसे पंजाबियों की सुरक्षित घर वापसी के लिए हर संभव मदद करेगी और ठग ट्रैवल एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की लाएगी। इस बारे में एनआरआई विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों की एक विशेष बैठक 11 जुलाई को मीटिंग बुलायी गई है। पंजाब के एनआरआई मामलों सबंधी मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने शुक्रवार को बताया कि पंजाब सरकार ने राज्य के नौजवानों के साथ ठगी करने का नाजायज धंधा कर रहे ट्रैवल एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि एनआरआई विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों की एक विशेष बैठक 11 जुलाई को मीटिंग बुलायी गई है, जिसमें ठग ट्रैवल एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने पर विचार किया जाएगा। एनआरआई मंत्री ने बताया कि प्रवासी मामलों के विभाग ने ठग ट्रैवल एजेंटों की लिस्ट पहले ही तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के नौजवानों की भलाई के लिए वचनबद्ध है और किसी भी नौजवान के साथ अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के नौजवान ट्रैवल एजेंटों की ठगी के कारण विदेशों में फंसे हुए हैं, उनकी घर वापसी के लिए पंजाब सरकार हर संभव मदद करेगी। धालीवाल ने पंजाब में



ठगी का कारोबार कर रहे ट्रैवल एजेंटों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह ऐसे काम छोड़ दें, नहीं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। धालीवाल के प्रयासों से इराक में फंसी पंजाब की एक बेटी की पिछले दिनों सुरक्षित घर वापसी हुई थी। यह लड़की अपने अच्छे भविष्य और घर की वित्तीय हालत सुधारने के लिए अमृतसर से इराक गई थी, जिसको गुरदासपुर के एक एजेंट ने धोखे से फंसा दिया था और उसके सभी पैसे और पासपोर्ट अपने पास रख लिए थे। इस लड़की की अमृतसर वापसी के मौके पर धालीवाल स्वयं अमृतसर एयरपोर्ट में पहुंचे थे।

## नर्सेज सरकार को घेरेंगे : 10 को जुटेंगे, मांगें नहीं मानी तो करेंगे आंदोलन

**बीकानेर ( हिंस )।** राज्य में नर्सेज संगठन अपनी मांगों को लेकर काफी लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। अब सरकार से मांगे मनवाने के लिए विभिन्न नर्सेज सगठनों ने मिलकर राजस्थान सयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति का गठन किया है तथा सामूहिक संघर्ष का फैसला लिया है। जिसको समर्थन देने के लिए आज राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत) जिला शाखा बीकानेर के मुख्य पदाधिकारियों की बैठक संगठन के सम्भाग प्रभारी आदराम चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य भवन में हुई। बैठक में सभी ने उक्त संयुक्त संघर्ष समिति के आंदोलन में शामिल होने एवम अन्य नर्सेज संगठनों से बात करके राज्य स्तर की तर्ज पर बीकानेर में भी




नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति बनाकर राज्यव्यापी आंदोलन को सफल बनाने का निर्णय लिया। जिलाध्यक्ष अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने बताया कि आंदोलन की रणनीति को लेकर संघर्ष समिति के द्वारा 10 को जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में स्थित सभागार में प्रदेश व्यापी मीटिंग आहूत की गई है। इसमें प्रदेश भर से नर्सेज प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि नर्सेज 11 सूत्री मांगों को लेकर संघर्षरत है जैसे संविदा नर्सेज का नियमितीकरण, नर्सिंग निदेशालय की स्थापना, प्राथमिक उपचार का अधिकार, कैडररिव्यू, समयबद्ध पदोन्नति, नर्सिंग ट्यूटर एएनएम एलएचवी का नाम परिवर्तन सहित अन्य मांगे शामिल है। बैठक में सम्भाग प्रभारी आदराम चौधरी, जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा, नर्सेज नेता छोटूराम चौधरी, महीपाल चौधरी, राजेंद्र बिजारनिया, अमित वशिष्ठ, नरेंद्र यादव, सुनिल सेन, नवीन महला सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

## बिजली संकट को ले आप ने सरकार को घेरा

**भिवानी ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी की हरियाणा इकाई ने प्रदेश में गहराए बिजली संकट को लेकर वर्तमान सरकार को घेरा। बिजली को लेकर राज्यभर में आंदोलन शुरू करने की आआप पार्टी ने घोषणा की है। आआप के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पवन हिंदुस्तानी एवं जिला अध्यक्ष गीता श्योराण लाखलाण ने बताया कि हरियाणा में भी पार्टी पंजाब की तर्ज पर बिजली आंदोलन को शुरू करेगी, इसकी शुरुआत 9 जुलाई को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पंचकूला से करेंगे। आआप जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में आआप के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पवन हिंदुस्तानी एवं जिला अध्यक्ष गीता श्योराण लाखलाण ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने अदाणी को फायदा पहुंचाने के लिए अप्रैल में 11.55 रुपए प्रति यूनिट, मई में 8.13 रुपए प्रति यूनिट और जून में 7.30 रुपए प्रति यूनिट की दर से महंगी बिजली खरीदी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार 2008 में हुए समझौते के हिसाब से बिजली खरीदनी चाहिए थी। जब अदाणी के ऊपर चारों तरफ से संकट गहराने लगा तो उसको फायदा पहुंचाने के लिए ये साजिश रची और पूरे हरियाणा के उपभोक्ता पर इसका भार पड़ा। आआप पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट से गृहिणी, किसान, दुकानदार और उद्योगपति सभी परेशान हैं। बिजली समस्या से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी का नारा है नो कट नो बिल 24 घंटे फ्री बिजली। आप इस व्यवस्था को बदलने के लिए हरियाणा में आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली समस्या पर वर्तमान सरकार का कोई ध्यान नहीं है। तत्कालीन हुड्डा सरकार विपक्ष ने भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया था।

## मालवाहक वाहन चिनाब नदी में गिरा तीन लोगों की मौत

**रामबन ( हिंस )।** रामबन जिले में शुक्रवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर चिनाब नदी में गिर गया जिसके चलते बाप-बेटे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। उधमपुर से रामबन जा रहा एक मालवाहक वाहन अचानक नियत्रंण खो बैठा और बाहन रामबन के मेहर और कैफेटेरिया मोड़ इलाकों के बीच नदी में गिर गया। अधिकारियों ने कहा कि तेजी से बचाव अभियान शुरू किया जिसमें रामबन पुलिस, एसडीआरएफ और क्यूआरटी रामबन शामिल है। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों के बावजूद वाहन में सवार लोगों का कोई पता नहीं चला है क्योकि पानी का बहाव बहुत तेज है। दो मोबाइल फोन और एक व्यक्ति के पहचान पत्र की बरामदगी से पता चला कि तीन स्थानीय लोग दुर्भाग्यपूर्ण वाहन में थे। जिन लापता व्यक्तियों के चिनाब नदी में मृत होने की आशंका है उनकी पहचान भरत सिंह 52 उसका बेटा सेना का जवान विक्रम सिंह 30 और 11वीं कक्षा के छात्र रोहित कटोच 17 के रूप में की गई है। खबर लिखे जाने तक तीनों की तलाशी जारी थी।

## लुधियाना में एक ही परिवार के तीन व्यक्तियों की हत्या

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के लुधियाना में अज्ञात व्यक्तियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को मौत के घाट उतार दिया। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे जब घर में दूध देने वाला घर पहुंचा, तब घटना की जानकारी लोगों को हुई। पुलिस ने मौका-ए- वारदात का निरीक्षण कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार लुधियाना के सलेम टाबरी क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीनगर में चमन लाल, अपनी पत्नी सुरिंदर कौर और मां बचन कौर के साथ एक ही घर में रहते थे। इनके बच्चे विदेश में रहते हैं। पड़ोसियों के अनुसार इस परिवार के तीनों लोग ज्यादातर समय घर के भीतर ही रहते थे। इसलिए शुक्रवार को किसी को संदेह नहीं हुआ।

## पंजाब में मनरेगा की दिहाड़ी 381 रुपए रोजाना की जाए : भगवंत मान

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट (मनरेगा) के अंतर्गत अधिसूचित मजदूरी दर को बढ़ाकर अकुशल कृषि श्रमिकों के लिए अधिसूचित दर 381.06 रुपए करने की मांग की है। शुक्रवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने इस स्कीम के अंतर्गत मजदूरों के लिए अधिसूचित की दरों में विस्तार करने की मांग की है, क्योंकि मौजूदा दरें बहुत कम हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हरियाणा के लिए 357 रुपए के मुकाबले पंजाब राज्य के लिए 303 रुपए मजदूरी दर अधिसूचित की गई है। भगवंत मान ने कहा कि दोनों राज्यों की भौगोलिक और आर्थिक स्थितियां एक ही जैसी हैं परन्तु इसके बावजूद यह अंतर स्कीम की शुरुआत से ही मौजूद है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पंजाब राज श्रम विभाग की तरफ से नोटीफाइड अकुशल खेती मजदूरों की 381.06 रुपए मेहनताना दर, मनरेगा की मजदूरी दर की अपेक्षा भी अधिक है। इससे पता चलता है कि इस स्कीम के लाभार्थियों को उनका बनता हक देने से



इन्कार किया जा रहा है, जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि हरियाणा में अकुशल श्रमिकों को पंजाब के मुकाबले एक ही जैसे काम के लिए अधिक अदायगी मिलती है, जो श्रमिकों के साथ सरासर नाइंसाफी है। मुख्यमंत्री ने मामले की दोबारा जांच करवाने और पंजाब की मेहनताना दरों को हरियाणा के बराबर या पंजाब राज श्रम विभाग की मेहनताना दरों के बराबर बढ़ाने के लिए केंद्रीय मंत्री के दखल की मांग की है। उन्होंने कहा कि मेहनताना में विस्तार लाभार्थियों की रोजी-रोटी के आधार को बेहतर बनाने समेत उनको इस योजना के अंतर्गत उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

## लिपिकों ने किया ऐलान...जब तक वेतनमान नहीं तब तक काम नहीं

**हिसार ( हिंस )।** क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी के आह्वान पर पिछले तीन दिनों से लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर बैठे लिपिकों ने ऐलान किया है कि जब तक सरकार उन्हें वेतनमान नहीं देगी, तब तक काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी केवल एक ही मांग है और वो सरकार को पूरी करनी होगी। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित एसोसिएशन का धरना शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने अपने-अपने संबंधित विभागों के वरिष्ठ कर्मचारियों को भी साथ जोड़ा।



लिपिकीय वर्ग ने कहा कि जब तक सरकार 35400 का नोटिफिकेशन जारी नहीं करती है, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। जब तक वेतनमान नहीं, तब तक काम नहीं नारों की गूज पूरे लघु सचिवालय में गूंजती रहीं। क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी की राज्य महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला हुड्डा ने धरना स्थल पर पहुंचकर लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों में नया जोश भरा। शर्मिला हुड्डा ने कहा कि जब तक सरकार की तानाशाही चलेगी, तब तक यह धरना एक विस्फोट का रूप ले लेगा और यह विस्फोट कभी भी और किसी भी हद तक गुजर सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा 35400 हमें नहीं मिलेगा तब तक लिपिकीय वर्ग अपने काम पर नहीं जाएगा। सरकार हमारे हकों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन सरकार के झांसे में नहीं आने वाली है। जिला प्रधान जितेन्द्र श्योराण ने बताया कि अन्य संगठनों के समर्थन ने क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी को और अधिक मजबूत कर दिया है। उन्होंने सभी संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी व कर्मचारी हमारी ताकत है। हम उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे। धरना स्थल का संचालन उपायुक्त कार्यालय के प्रधान राजेश घोटिया ने किया जबकि मंच का संचालन रविशंकर शर्मा ने किया।

## अतिक्रमण हटाने से व्यापारी नाराज आयुक्त और सभापति के साथ की बैठक

**अलवर ( हिंस )।** शहर के घंटाघर, चूड़ी मार्केट सहित आसपास के बाजार से नगर परिषद द्वारा देर रात को अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। अलवर जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रमेश जुनेजा का कहना है कि नगर परिषद की कार्रवाई सही है लेकिन तरीका गलत था। जबकि आयुक्त का कहना है कि यह न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। सभी दुकानदारों को पहले से सूचित कर दिया गया था। कुछ दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण हटा लिया लेकिन कुछ नहीं हटा रहे थे, जिसे नगर परिषद द्वारा हटाया गया। 75 प्रतिशत अतिक्रमण हटा लिया गया है। 25 प्रतिशत और हटाया जाएगा। कार्रवाई के विरोध में आज दोपहर व्यापारी होप सर्कस पर एकत्रित होकर नगर परिषद पहुंचे।

## स्पा सेंटरों में सात युवतियां और 2 युवक आपत्तिजनक हालत में मिले

**पलवल ( हिंस )।** पुलिस ने स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने रेड के दौरान 10 के करीब युवक-युवतियों को काबू किया है। पलवल व होडल स्थित दो होटलों से 2 युवक व 7 युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। वहीं दोनों सेंटरों के संचालकों को भी गिरफ्तार कर सभी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी विजयपाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पुराना जीटी रोड़ स्थित कृष्णा कांप्लेक्स की बेसमैंट में बने ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर व होडल के करमन बार्डर के निकट स्थित राज गेस्ट हाउस (होटल) में चल रहे स्पा सेंटरों पर देह व्यापार का धंधा चल रहा है। एसपी लोकेंद्र सिंह ने के निर्देश पर डीएसपी हेड क्वार्टर शाकिर हुसैन के नेतृत्व में महिला टीम के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान वहां चल रहे स्पा सेंटरों मे फर्जी ग्राहक के जरिए पुलिस ने दबिश दी। डीएसपी ने बताया कि ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर से 3 युवतियां व सेंटर संचालक गोरिल्ला मोहल्ला निवासी विक्रम उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। वहीं



होडल स्थित करमन बार्डर के नजदीक राज गेस्ट हाउस में चल रहे स्पा सेंटरों पर पुलिस के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने वहां कमरों से निकल कर भागते समय 4 महिला व 2 पुरुषों को पकड़ लिया। इसके अलावा गेस्ट हाउस संचालक जिला मुथरा (यूपी) के खरोट गांव निवासी विजय को भी गिरफ्तार कर लिया।

## जर्मन राजदूत ने पंजाब के राज्यपाल से की मुलाकात

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित से शुक्रवार को पंजाब राजभवन में भेंट की। बैठक के दौरान राज्यपाल और राजदूत ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें धान की पराली को सीएनजी में परिवर्तित करने के लिए जर्मन मशीनरी का उपयोग करना एक प्रमुख विषय था। राज्यपाल ने क्षेत्र में पर्यावरण और कृषि चुनौतियों से निपटने में प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में गहरी रुचि दिखाई। स्टूडेंट एक्सचेंजिस के अवसर तलाशने और पंजाब की तकनीकी प्रगति के लिए जर्मन विशेषज्ञता का लाभ उठाने पर भी चर्चा की गई। राज्यपाल ने भारत, इसकी चुनावी प्रक्रिया, राजनीति और भारतीय संविधान के विभिन्न पहलुओं संबंधी जर्मन राजदूत के व्यापक ज्ञान की सराहना की, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह राष्ट्रों के बीच सामंजस्य और जुड़ाव के महत्व को दर्शाता है।

## स्कूल में मटके का पानी पीया तो शिक्षक ने कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**बाड़मेर ( हिंस )।** जिले के चौहटन क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले एक नाबालिग दलित छात्र की स्कूल के अध्यापक ने बेरहमी से पिटाई कर दी। चौहटन उप अधीक्षक धर्मेंद्र डऊकिया ने बताया कि स्कूल के टीचर पर आरोप है कि सरकारी स्कूल में रखी मटकी से पानी पीने के बाद दलित छात्र को शिक्षक ने लात मारी और जाति सूचक शब्द भी कहे। हालांकि आरोपी शिक्षक डूंगर राम का कहना है कि राजनीतिक व अन्य कारणों से मुझे परेशान किया जा रहा है। स्टूडेंट्स के साथ कभी कोई मारपीट नहीं की। यह घटना 3 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित छात्र के पिता की लिखित शिकायत के आधार पर बाड़मेर जिले की चौहटन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। डऊकिया ने बताया कि छात्र के पिता ने पुलिस थाना चौहटन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेतराड में उनका 17 वर्षीय बेटा कक्षा 12वीं में अध्यनरत है। सोमवार सुबह जब स्कूल गया था और स्कूल में रखी मटकी से पानी पी रहा था, जिसे देखकर नामजद अध्यापक डूंगर राम ने उसे अपने पास बुलाया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लातों, थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। यहां तक कि उसके गुप्तांग पर भी लात मार दी। इसकी वजह से वह दर्द से कराहते हुए नीचे गिर पड़ा। स्कूल में पढ़ने वाले अन्य स्टूडेंट्स ने उसे घर पहुंचाया। घटना के दूसरे दिन ज्यादा दर्द होने पर छात्र को अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में 6 जुलाई को चौहटन थाने में मामला दर्ज किया गया। पीड़ित छात्र ने बताया कि स्कूल के ऑफिस में पानी पीने गया था। नामजद अध्यापक ने जातिसूचक शब्द बोलते हुए लात और थप्पड़ मारा, जिससे वह नीचे गिर गया और स्कूल में पढ़ने वाली उसकी बहन उठाकर उसे कक्षा में ले गई। इस बारे में घर वालों को नहीं बताया लेकिन दूसरे दिन पीड़ित के भाई ने परिवार वालों को इस घटना की जानकारी दी। पीड़ित छात्र के भाई ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन शिक्षक से मिलने स्कूल गए लेकिन स्कूल प्रशासन ने कोई जवाब नहीं दिया। दो-तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तब थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। शिक्षक डूंगर राम का कहना है कि एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिली है, लेकिन ऐसा कोई मामला नहीं है। सोमवार की बात है जब प्रार्थना का सत्र चल रहा था तब एक छात्र लेट स्कूल आया था। तब उसे सिर्फ इतना ही कहा गया था कि दौड़कर जल्दी लाइन में खड़े हो जाओ, बाकी इसके सिवा कुछ भी नहीं हुआ। राजनीतिक व अन्य कारणों से मुझे परेशान किया जा रहा है। स्टूडेंट्स के साथ कभी मारपीट नहीं हुई है। शिक्षक का कहना है कि यह जांच का विषय है, जांच होगी तभी सब कुछ सामने आ जाएगा। डऊकिया के अनुसार लिखित रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर छात्र का मेडिकल करवाया गया है। मटकी से पानी पीने जैसे आरोप लगाए गए हैं वो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएंगे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। चौहटन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अमराराम के अनुसार इस मामले की जानकारी मिलने पर चार सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया है। समिति स्कूल में जाकर बच्चों और शिक्षकों के बयान दर्ज करेगी उसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।



# गो फर्स्ट को राहत मिलने के आसार, एसआईएसी ने पीएंडडब्ल्यू से कहा– दिसंबर तक हर महीने पांच इंजन मुहैया कराए कंपनी

**नई दिल्ली।**

वित्तीय संकट से जूझ रही भारतीय एयरलाइन गो फर्स्ट को जल्द राहत मिल सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार एयरलाइन को इस साल अगस्त से दिसंबर तक अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी प्रैट एंड व्हिटनी (पीएंडडब्ल्यू) से 20 इंजनों की आपूर्ति हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) ने गुरुवार को इंजन निर्माता कंपनी पीएंडडब्ल्यू को निर्देश दिया है कि वो 1 अगस्त, 2023 से संकटग्रस्त गो फर्स्ट एयरलाइन को हर महीने 5 इंजन मुहैया कराए। एसआईएसी ने पीएंडडब्ल्यू को दिए अपने निर्देश में कहा है कि वो दिसंबर 2023 तक गो फर्स्ट को इंजनों की आपूर्ति सुनिश्चित करे। भारतीय विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने 13 मार्च, 2023 को इंजन आपूर्ति में देरी के लिए प्रैट एंड व्हिटनी को जिम्मेदार ठहराते हुए सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) में अर्जी दी थी। उससे पहले 10 मई को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने एयरलाइन की स्वैच्छिक दिवाला समाधान याचिका को स्वीकार कर लिया था और कंपनी का प्रबंधन करने के लिए अभिलाष लाल को आईआरपी नियुक्त किया था। नकदी संकट से जूझ रही कंपनी गो फर्स्ट ने 3 मई को अपने विमानों को रद्द करने का फैसला किया था। कंपनी उसके बाद से अब तक 13 बार अपनी उड़ानों को रद्द कर चुकी है। बीते चार जुलाई को गो फर्स्ट ने 10 जुलाई तक तक के लिए अपने सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। गो फर्स्ट ने अपने उड़ानों को रद्द करते हुए इसके लिए अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी पीएंडडब्ल्यू को जिम्मेदार ठहराया था। एयरलाइन ने कहा था कि इंजन आपूर्ति की समस्या के कारण उसके 54 विमानों से आधे खड़े हैं और उड़ान नहीं भर पा रहे हैं। गो फर्स्ट ने कहा था कि उसे प्रैट एंड व्हिटनी से इंजन नहीं मिलने के कारण स्वैच्छिक दिवाला समाधान कार्यवाही के लिए मजबूर होना पड़ा है। गो फर्स्ट की ओर से कहा गया था कि इंजन निर्माता की ओर से मुहैया कराए गए तञ्जस्त्र (गियर्ड टर्बोफैन) इंजन में बार-बार समस्या आ रही है, जिसके कारण वह उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही है। यही कारण है कि उसे नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में दिवालिया आवेदन देने के लिए मजबूत होना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### इस साल सात प्रतिशत बढ़ी दोपहिया की बिक्री, ट्रैक्टर की खरीद में 75 फीसदी की बढ़त



**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में यात्री और दोपहिया वाहन समेत गाड़ियों की कुल खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़कर 18,63,868 इकाई पहुंच गई। हालांकि, मासिक आधार पर बिक्री में 7.70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल जून में कुल 17,01,105 वाहन बिके थे, जबकि मई, 2023 में यह आंकड़ा 20,19,414 इकाई रहा था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहनों की बिक्री पिछले माह 5प्रतिशत बढ़कर 2,95,299 इकाई पहुंच गई। जून, 2022 में घरेलू बाजार में 2,81,811 वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, मासिक आधार पर बिक्री में गिरावट वाहन बाजार में नरमी का इशारा करता है। सिंघानिया ने कहा कि मासिक आधार पर दोपहिया वाहनों की बिक्री जून में 12 फीसदी घट गई। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-वाहन) की बिक्री में भी मासिक आधार पर 56 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इसकी प्रमुख वजह सरकार की ओर से फेम योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी में कटौती है। टोयोटा किर्लोस्कर ने इनोवा, क्रिस्टा और फॉर्च्यूनर जैसे वाहनों की कीमतों में एक फीसदी की बढ़ोतरी की है।नई कीमत 5 जुलाई से लागू हो गईहै। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि कई तरह की लागत बढ़ने के कारण उसे यह कदम उठाना पड़ा है। हालांकि, ग्राहकों पर वह इसका सीमित भार ही डाल रही है।

### देश के हवाईअड्डे बनेंगे हाईटेक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एसआईटीए से किया करार

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
Airports Authority of India

**नई दिल्ली।** देश के 43 हवाईअड्डों पर यात्रियों और सामान प्रसंस्करण के लिए क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने एसआईटीए से करार किया है। एसआईटीए हवाई परिवहन उद्योग में वैश्विक सूचना और दूरसंचार समाधान सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था है। इस सौदे से 2,700 से अधिक यात्री टचपॉइंट्स में सुधार देखने को मिलेगा, जिससे आधुनिक यात्रियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए नए युग के समाधानों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रारंभ में 43 हवाई अड्डों पर तैनात होने के बाद ये प्रौद्योगिकियां अगले सात वर्षों में अतिरिक्त 40 हवाई अड्डों तक पहुंच सकती हैं। इस अवधि के दौरान 500 मिलियन से अधिक यात्रियों को इस सुविधा की मदद से सेवा दी जाएगी। एसआईटीए के अध्यक्ष (एशिया प्रशांत) सुमेश पटेल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस सुविधा के इस्तेमाल से एयरलाइनों के सेवा शुल्क में कमी देखने को मिलेगी और वे यात्रियों के लिए बेहतर अनुभव बनाने के लिए एक चुस्त प्रौद्योगिकी मंच का लाभ उठा सकेंगे। क्लाउड समाधानों को अपनाने से यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ हवाई अड्डे के संचालन को कुशलतापूर्वक बढ़ाने में भी लचीलापन आता है।

### कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने 3.28 लाख करोड रुपये का बजट किया पेश



**नई दिल्ली।** कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्य का बजट पेश किया। उन्होंने बजट में एलान किया कि कुल व्यय 3,27,747 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। जिसमें 2,50,933 करोड़ रुपये का राजस्व व्यय, 54,374 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय और 22,441 करोड़ रुपये का ऋणों के भुगतान के मद होने वाला व्यय शामिल है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आज दोपहर 12 बजे राज्य का बजट पेश किया जो 10 मई को विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की भारी जीत के बाद राज्य में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद पहला बजट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य का बजट पेश करने के लिए बेंगलुरु के विधानसभा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री एचके पाटिल ने कहा, लोगों को हम से बहुत उम्मीदें और भरोसा है।

## ट्विटर ने मेटा को लीगल एक्शन की धमकी दी

# मस्क बोले– कॉम्पिटिशन ठीक है, पर चीटिंग नहीं ; दो दिन पहले लॉन्च हुआ थ्रेड्स

**नई दिल्ली।**

मेटा की नई माइक्रो ब्लागिंग साइट थ्रेड्स की लॉन्चिंग के एक दिन बाद ही ट्विटर ने उसे लीगल नोटिस भेजा है। ट्विटर के वकील एलेक्स स्पिरो ने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को भेजे नोटिस में ट्विटर के पूर्व कर्मचारियों को नौकरी पर रखकर उनके बिजनेस सीक्रेट्स और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी को गैरकानूनी रूप से इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

ट्विटर ने दावा किया कि उसके पूर्व कर्मचारियों के पास कॉन्फिडेंशियल इंफॉर्मेशन का एक्सेस था। इसी का फायदा उठाकर मेटा ने स्टेट एंड फेडरल लॉ दोनों का उल्लंघन करते हुए ट्विटर का कॉपीकैट ऐप बनाया है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने कहा कि कॉम्पिटिशन ठीक है, चीटिंग नहीं। वहीं, मेटा ने ट्विटर के आरोपों को खारिज किया है।

मेटा के कम्युनिकेशन डॉयरेक्टर एंडी स्टोन ने थ्रेड्स पोस्ट के जरिए लिखा, थ्रेड्स इंजीनियरिंग टीम में ट्विटर का कोई भी पूर्व कर्मचारी नहीं है। थ्रेड्स को बुधवार रात करीब 11.30 बजे 100 देशों में लॉन्च किया गया था। 16 घंटे में 3 करोड़ यूजर जुड़ गए थे।

### कॉन्फिडेंशियल इंफॉर्मेशन का यूज बंद करे मेटा

स्पाइरो ने मेटा से ट्विटर की कॉन्फिडेंशियल इंफॉर्मेशन का इस्तेमाल बंद करने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह मेटा के लिए एक फॉर्मल नोटिस है।

### टेक्सट बेस्ड प्लेटफॉर्म है थ्रेड्स ऐप



थ्रेड्स एक टेक्सट बेस्ड प्लेटफॉर्म है। इस पर 500 कैरेक्टर तक लंबे थ्रेड्स पोस्ट पब्लिश कर सकते हैं। लिंक, फोटो और वीडियो भी शेयर किए जा सकते हैं। वीडियो 5 मिनट तक लंबे हो सकते हैं। इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी ने कहा कि एलन मस्क के अंडर ट्विटर की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने मेटा को ट्विटर के साथ कॉम्पिटिशन करने का मौका दिया।

### कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा कर सकेंगी

इस नए ऐप के जरिए कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा करने के लिए एक साथ आ सकते हैं। इसके जरिए आप अपने फेवरेट क्रिएटर्स के साथ भी कनेक्ट हो सकते हैं। अपने आइडिया और ओपिनियन को शेयर कर आप अपनी एक लॉयल फॉलोइंग भी बिल्ड कर सकते हैं। ये ऐप आपकी फाइनेंशियल इंफो, कॉन्टेक्ट इंफो जैसा डेटा कलेक्ट करता है।

### थ्रेड्स अकाउंट डिलीट करने के लिए इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करना होगा

मेटा के इस नए प्लेटफॉर्म थ्रेड्स के इस्तेमाल के लिए कोई वेबसाइट नहीं है। अभी इसे केवल ऐप के जरिए एक्सेस किया जा सकता है। वहीं थ्रेड्स प्रोफाइल बनाने के बाद अगर आप इसका इस्तेमाल बंद करना चाहते हैं तो इसे डीएक्टिवेट करना होगा। क्योंकि ये इंस्टाग्राम के साथ जुड़ा हुआ है इसलिए इसे अकेले डिलीट नहीं कर सकते।

### थ्रेड ऐप के कारण मस्क और जुकरबर्ग के बीच केज फाइट

बीते दिनों जुकरबर्ग की कंपनी मेटा ने ट्विटर जैसा प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की बात कही थी। इसके बाद डेली मेल ने एक रिपोर्ट पब्लिश की, जिसकी हेडलाइन थी– ट्विटर को खत्म करने का जुकरबर्ग का मास्टर प्लान सामने आया। इस रिपोर्ट को ट्विटर पर शेयर किया जाने लगा। इससे जुड़े एक कन्वर्सेशन पर रिएक्ट करते हुए मस्क ने जुकरबर्ग को केज फाइट का चैलेंज दिया था जिसे जुकरबर्ग ने एक्सेप्ट कर लिया था।

### वेगास ऑक्टागन या रोमन कोलोसियम में हो सकती है फाइट

मस्क ने शुरुआत में इस फाइट की लोकेशन वेगास ऑक्टागन बताई थी। बाद में उन्होंने कहा कि ये फाइट रोमन कोलोसियम में भी हो सकती है। हालांकि, ये फाइट कब होगी इसकी अभी तक कोई डिटेल्स सामने नहीं आई है। मस्क और जुकरबर्ग दोनों ने केज फाइट के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है। ट्रेनिंग की फोटोज और वीडियो सामने आए थे। इनमें वो पॉपुलर पॉडकास्टर और रिसर्चर लेक्स फ्रिडमैन के साथ लड़ रहे थे।

### मस्क ने ट्विटर में कई सारे बदलाव किए

एलन मस्क ने पिछले साल यानी 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण किया था। इसके बाद से उन्होंने ट्विटर में कई सारे बदलाव किए हैं। सबसे बड़ा बदलाव उन्होंने ब्लू टिक को लेकर किया है। अब केवल उन्हीं यूजर्स को ये टिक मिलता है जो पेड ब्लू सब्सक्रिप्शन लेते हैं। इसके अलावा मस्क ने कैरेक्टर लिमिट को भी बढ़ाकर 25,000 कर दिया है। पहले ये 280 थी।

## मैकडॉनल्ड्स ने बर्गर से टमाटर हटाया


# कहा- अच्छी क्वालिटी के टमाटर नहीं मिल रहे; देश में कई जगह कीमतें 250 रुपए किलो

**नई दिल्ली।**

मैकडॉनल्ड्स ने बर्गर से टमाटर को हटा दिया है। मैकडॉनल्ड्स इंडिया की नॉर्थ एंड ईस्ट फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा सीजनल इश्यू की वजह से कुछ समय के लिए किया गया है। सारी कोशिशों के बाद भी हमें अच्छी क्वालिटी के टमाटर नहीं मिल पा रहे हैं। फ्रेंचाइजी ने कहा कि हम इसका समाधान खोज रहे हैं और जल्द ही इसे हम हमारे आइटम्स में शामिल करेंगे। उधर, भारी बारिश के कारण देश में टमाटर की कीमत 250 रुपए तक पहुंच गई है। उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में टमाटर 250 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। वहीं उत्तरकाशी जिले में ये 180 से 200 रुपए प्रति किलो के भाव बिक रहा है।

### मैकडॉनल्ड्स इंडिया की नॉर्थ एंड ईस्ट फ्रेंचाइजी का पूरा बयान...

फूड क्वालिटी और सेफ्टी के हाइएस्ट स्टैंडर्ड्स के लिए कमिटेड एक ब्रांड के रूप में, हम क्वालिटी और सेफ्टी चेक के बाद ही सामग्री का इस्तेमाल करते हैं। सीजनल इश्यूज के कारण और हमारे सभी प्रयासों के बावजूद, हम ऐसे टमाटर नहीं खरीद पा रहे हैं जो हमारे वर्ल्ड क्लास क्वालिटी चेक से पास हो सकें। इसलिए, हम अपने कुछ रेस्तरां में मेन्यू से टमाटर हटा रहे हैं। स्टेटमेंट में कहा कि यह एक टेंपररी इश्यू है और हम अपने ग्राहकों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम उन्हें मेन्यू में वापस लाने के सभी संभावित तरीकों पर विचार कर रहे हैं। टमाटर बहुत जल्द हमारे मेन्यू में शामिल होगा। साल 2016 में भी नॉर्थ एंड ईस्ट फ्रेंचाइजीज ने टमाटर को अपने मेन्यू से बाहर कर दिया था। तब भी इसका कारण टमाटर की खराब क्वालिटी थी। वेस्ट और साउथ फ्रेंचाइजीज ने भी 10-15प्रतिशत स्टोर्स पर टमाटर सर्व करना बंद किया उधर, मैकडॉनल्ड्स इंडिया की वेस्ट और साउथ फ्रेंचाइजीज ने भी 10-15प्रतिशत स्टोर्स पर टमाटर सर्व करना बंद कर दिया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि मानसून के दौरान फ्रूट फ्लाइज एक आम परेशानी हैं। इस कारण खराब टमाटर के बैचों को हटा दिया जाता है। यह एक मौसमी समस्या है जिसका सामना हर रेस्टोरेंट मानसून में करता है। पिछले साल यानी 2022 में सप्लाई चेन की समस्या के कारण मैकडॉनल्ड्स ने अपने च रेस्तरां में टमाटर को मेन्यू से बाहर कर दिया था। फास्ट फूड की दिग्गज कंपनी ने कहा था कि उसे अपने कुछ प्रोडक्ट में टमाटर की मात्रा में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



# बेहतर आर्थिक प्रबंधन से अन्य देशों की तुलना में तेज सुधार, लंबे समय तक ऊंची रहेगी विकास दर

**नई दिल्ली।**

वैश्विक चुनौतियों के बीच बेहतर आर्थिक प्रबंधन से भारत अन्य देशों की तुलना में अधिक तेजी से सुधार की राह पर है। आपूर्ति पक्ष से जुड़े बुनियादी ढांचे में निवेश ने कई दशकों के मुकाबले लंबे समय के लिए भारत की सतत आर्थिक वृद्धि की संभावना को बढ़ा दिया है।

वित्त मंत्रालय की बृहस्पतिवार को जारी 2023 की सालाना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वृद्धि को पहले के मुकाबले अधिक टिकाऊ तरीके से बरकरार रखने की स्थिति में है। इसके बावजूद हमें इन उपलब्धियों पर संतोष नहीं करना चाहिए और न ही कड़ी मेहनत और सतर्कता से हासिल की गई आर्थिक स्थिरता को कम होने देना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ वर्षों में भारतीय बैंकिंग और गैर-वित्तीय कॉरपोरेट क्षेत्रों में बहीखाते की दिक्कतों व वैश्विक चुनौतियों के बीच आर्थिक प्रबंधन शानदार रहा है। इसका वृहद आर्थिक स्थिरता बढ़ाने में बड़ा योगदान है।



### सुझाव : शुल्क में कटौती करे सरकार

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सरकार महंगाई का दबाव कम करने के लिए शुल्कों में कटौती कर सकती है। कल्याणकारी कार्यों पर खर्च बढ़ा सकती है। इसके अलावा, सरकार अपने पूंजीगत खर्च के बढ़े प्रावधान को कायम रख सकती है, जिसकी वजह से आज निजी निवेश लाने में मदद मिल रही है।

### संकेत...जो पेश कर रहे हैं मजबूत तस्वीर

- शहरी मांग मजबूत बनी हुई है। यूपीआई लेनदेन बढ़ रहा है।
- वाहनों की बिक्री व ईंधन खपत बढ़ी है।
- ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है।
- जीएसटी संग्रह लगातार बढ़ रहा है।
- विनिर्माण और सेवा पीएमआई में विस्तार हो रहा है।

# एनपीए पर पारदर्शी तरीके से नजर रखें सरकारी बैंक, वित्त मंत्री सीतारमण का बैंक प्रमुखों को निर्देश

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों के प्रमुखों से कहा कि वे बुरे फंसे कर्ज यानी एनपीए की निष्पक्ष एवं पारदर्शी पहचान सुनिश्चित करें।साथ ही, विकास और लाभप्रदता की स्थिति बनाए रखने के लिए मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को अपनाएं।वित्त मंत्री ने गुरुवार को सरकारी बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक में उनके कामकाज की समीक्षा की और प्रदर्शन में सुधार को लेकर जरूरी सुझाव भी दिए।इस दौरान सकारात्मक वृहत आर्थिक रुझान, बेहतर कारोबारी धारणा और इन बैंकों के प्रदर्शन पर चर्चा हुई।

### ग्रामीण-कृषि क्षेत्र को दें पर्याप्त कर्ज

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों को खास निर्देश दिया कि वे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के कर्ज



(पीएसएल) मानदंडों को पूरा करने के लिए ग्रामीण, कृषि और समाजिक क्षेत्रों को पर्याप्त कर्ज दें। यह भी सुनिश्चित करें कि इन क्षेत्रों को कर्ज देने संबंधी सारे लक्ष्य हासिल हों।उन्होंने रेहड़ी-पटरी पर दुकान लगाने वालों को भी वित्तीय सुविधा देने पर जोर दिया। पीएमस्वनिधि नाम से एक बैंकिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वित्त मंत्री को बताया गया कि इस कार्यक्रम के तहत 33 लाख लोगों को फायदा पहुंचाया जा चुका है।

### पीएमस्वनिधि का कवरेज बढ़ाने को चलेगा अभियान

वित्त मंत्री ने कहा, पीएमस्वनिधि के लाभार्थियों को डिजिटल भुगतान का फायदा दिलाने का अभियान शुरू किया जाए। वित्त राज्य मंत्री डॉ. बीके कराड इसकी निगरानी करेंगे। वे शहरी निकायों संग मिलकर अभियान चलाएंगे। 2022-23 के वित्तीय नतीजे आने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सरकारी बैंक प्रमुखों के साथ यह पहली समीक्षा बैठक थी। पिछले वित्त वर्ष में इन बैंकों को रिकॉर्ड 1.04 लाख करोड़ का लाभ हुआ था। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की लगभग आधी हिस्सेदारी थी। वित्त वर्ष 2017-18 में 85,390 करोड़ रुपये का कुल शुद्ध घाटा दर्ज करने से सरकारी बैंकों ने तेजी से रिकवरी की है और 2022-23 में इन बैंकों का लाभ 1,04,649 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर लग सकता है 28 फीसदी जीएसटी, गोवा ने दिया सुझाव


**नई दिल्ली।**

ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी देना पड़ सकता है। जीएसटी परिषद के मंत्रियों का समूह (जीओएम) इन पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने पर सहमत हो गया है। हालांकि, ऑनलाइन गेमिंग पर कर की दर को लेकर गोवा असहमत है। राज्य ने इस पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का सुझाव दिया है।

सूत्रों ने बताया कि जीएसटी परिषद की 11 जुलाई को होने वाली बैठक में कर की दर के साथ कुछ अन्य चीजों पर विचार किया जाएगा। बैठक में इस पर भी चर्चा होगी कि क्या जीएसटी कुल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) या मंच की ओर से लिए जाने वाले शुल्क पर लगना चाहिए। परिषद इस बात पर भी विचार करेगी कि ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ या कसीनो में खिलाड़ियों की ओर से लगाए जाने वाले पूरे दांव पर कर लगाया जाना चाहिए। सूत्रों ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद को यह भी फैसला लेना है कि क्या ये तीन गतिविधियां सट्टेबाजी और जुए के तहत कार्रवाई योग्य दावे की श्रेणी में आती हैं।

**महंगे हो सकते हैं उपयोगी वाहन** – बैठक में 22 फीसदी उपकर लगाने के लिए उपयोगी वाहनों की परिभाषा भी स्पष्ट की जा सकती है। फिटमेंट समिति ने 28 फीसदी जीएसटी के अलावा 22 फीसदी क्षतिपूर्ति उपकर लगाने के मामले में बहु-उपयोगी वाहन (एमयूवी) या बहुउद्देशीय वाहन या क्रॉसओवर यूटिलिटी वाहन (एक्सयूवी) को स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की तरह परिभाषित करने की सिफारिश की है। समिति ने सिफारिश की है कि चाहे वे किसी भी नाम से पुकारे जाएं, सभी उपयोगी वाहनों पर 22 फीसदी उपकर लगेगा। इसके लिए शर्त है कि वे तीन मापदंडों...लंबाई चार मीटर से अधिक, इंजन क्षमता 1,500 सीसी से ज्यादा और ग्राउंड क्लीयरेंस 'बिना लोड वाली स्थिति' में 170 मिमी से अधिक...को पूरा करते हों।

**कैंसर की दवा के आयात पर कर छूट संभव** – जीएसटी परिषद कैंसर के



इलाज में उपयोगी व्यक्तिगत रूप से आयातित दवा डिनुटूक्सिमैब पर कर में छूट दे सकती है। वर्तमान में ऐसे आयात पर 5 या 12 फीसदी आईजीएसटी लगता है। फिटमेंट समिति ने सुझाव दिया है कि जिस दवा की लागत 36 लाख रुपये है, उसे जीएसटी से छूट दी जानी चाहिए।

**सिनेमाघरों में सस्ते हो सकते हैं खाने-पीने के सामान** – फिटमेंट समिति ने कहा, सिनेमाघरों में परोसे जाने वाले भोजन व पेय पदार्थों पर 5 फीसदी कर लगाया जाए न कि 18 फीसदी, जैसा कुछ मल्टीप्लेक्स में किया जा रहा है। पंजीकरण नियम सख्त हो सकते हैं इसके तहत पंजीकरण चाहने वाले व्यक्ति के पैन से जुड़े बैंक खाते का ब्योरा जमा करने की अवधि 45 दिनों से घटाकर 30 दिन की जा सकती है। 'उच्च जोखिम' वाले आवेदकों के कारोबारी परिसर का भौतिक सत्यापन अनिवार्य हो सकता है।

**पहाड़ी राज्यों को केंद्र से मिल सकती है अधिक प्रतिपूर्ति** – जीएसटी परिषद 11 हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों में स्थित औद्योगिक इकाइयों की पूर्ण सीजीएसटी और आईजीएसटी भुगतान के 50 फीसदी की प्रतिपूर्ति की मांग पर चर्चा कर सकती है। केंद्र अभी सीजीएसटी का 58 फीसदी और आईजीएसटी का 29प्रतिशत वापस करता है। सूत्रों ने कहा, इन राज्यों में औद्योगिक इकाइयां नकद भुगतान में सीजीएसटी के शेष 42प्रतिशत और आईजीएसटी के 21प्रतिशत की उचित ब्याज के साथ वापसी के लिए एक व्यवस्था चाह रही हैं।

**ये हैं 11 राज्य** – जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम व त्रिपुरा को कर अवकाश या छूट मिली हुई थी।


**तंबाकू की कीमत बढ़ाए केंद्र : हरियाणा** – तंबाकू उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के लिए हरियाणा सरकार ने केंद्र से सिफारिश की है। राज्य के आबकारी एवं कराधान विभाग ने पत्र में कहा है कि दाम बढ़ाने से तंबाकू के खिलाफ अभियान को बल मिल सकता है। जीएसटी परिषद की बैठक में इस पर विचार हो सकता है। अभी देश में सिगरेट पर 52 फीसदी, बीड़ी पर 22 फीसदी और धुआंरहित तंबाकू पर 64प्रतिशत कर लगता है।

# जॉली एलएलबी 3 में अक्षय कुमार के साथ नजर आयेंगे अरशद



अब अभिनेता अरशद वारसी फिल्म जॉली एलएलबी 3 से एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करेंगे। इस फिल्म में काम करने की पुष्टि अरशद ने भी की है। यह फिल्म अगले साल आयेगी। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था। अरशद ने कहा है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं। आजकल वह अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था। रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे।

# हाउसफुल 5 में नजर आयेंगे अक्षय ओर रितेश




हाल ही में बालीवुड के खतरों के खिलाडी यानि की एक्टर अक्षय कुमार ने कहा है कि हाउसफुल 5 की घोषणा के साथ ही 2024 का दिवाली समारोह हंसी और पागलपन से चार गुना अधिक होने वाला है। हाउसफुल अपनी अगली किस्त के साथ आने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे यह भारतीय सिनेमा में 5 किस्तों वाली पहली फ्रेंचाइजी फिल्म बन जाएगी। अक्षय कुमार ने ट्विटर पर एक पोस्टर के साथ यह खबर स-झा की, जिसने प्रशंसकों के बीच प्रत्याशा की लहर पैदा कर दी। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित, हाउसफुल 5 मौज-मस्ती, मनोरंजन और कॉमेडी की एक रोलर-कोस्टर सवारी के वादे के साथ 2024 में आपकी दिवाली को जगमगाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो आपको झकझोर कर रख देगी।अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ इसमें कई स्टार कलाकार भी शामिल होंगे। अक्षय के पास ओह माई गॉड की दूसरी किस्त भी है। वह सोरारई पोटरू के हिंदी रीमेक में राधिका मदान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगे। उपरोक्त फिल्मों के अलावा, अभिनेता हेरा फेरी 3 के लिए सुनील शेट्टी और परेश रावल के साथ फिर से जुड़े हैं। वह वेदत मराठे वीर दौडले सात के साथ मराठी फिल्म उद्योग में भी अपनी शुरूआत करेंगे। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है और यह दिवाली 2024 के दौरान रिलीज होगी। अक्षय कुमार की कुछ रोमांचक फिल्में पाइपलाइन में हैं। अभिनेता बड़े मियां छोटे मियां में सोनाक्षी सिन्हा और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आएंगे।

# जेनिफर लोपेज अपने पति और सौतेली बेटी के साथ हुई स्पॉट



हॉलीवुड स्टार जेनिफर लोपेज अक्सर पति बेन एफ्लेक संग आउटिंग पर स्पॉट होती रहती हैं, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब चर्चा में रहती हैं। इसी बीच जेनिफर को पति और सौतेली बेटी वायलेट संग हैम्पटन में अरबपति सपोर्ट्स दिग्गज माइकल रुबिन की सितारों से सजी पार्टी में स्पॉट किया गया, जहां उनका गॉर्जियल लुक देखने को मिला। अब जेनिफर की पति और बेटी संग ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तब इस दौरान 53 वर्षीय जेनिफर व्हाइट ड्रेस में बेहद गॉर्जियस लगीं। इस लुक को उन्होंने गले में चेन और हाई पोनी के साथ कंप्लीट किया। वहीं उनकी बेटी भी व्हाइट मैक्सी ड्रेस में बेहद प्यारी दिखीं, जबकि पति बेन भी दोनों के साथ ट्विनिंग करते नजर आए। फैंस एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं।

# फिल्मों को लेकर बहुत सेलेक्टिव रहेंगी सोनम

**-हर साल दो ही प्रोजेक्ट करेगी एक्ट्रेस**



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने कहा है कि वह फिल्मों को लेकर बहुत सेलेक्टिव रहेंगी। एक्ट्रेस का कहना है कि हर साल दो ही प्रोजेक्ट करेगी। सोनम अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाहती हैं और साल में दो फिल्में करने से वह बेहतर तरीके से टाइम को मैनेज कर सकती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, मैंने दो साल की छुट्टी ले ली क्योंकि मैं प्रेग्नेंट थी और फिर अपने बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहती थी। अभी दो साल पूरे नहीं हुए हैं और मैंने दो प्रोजेक्ट पर साइन किए हैं, एक शो और एक फिल्म, जिस पर मैं काम करना शुरू करूंगी। यह अगले साल रिलीज होगी, क्योंकि फिल्में इसी तरह चलती हैं। फिर मेरा आ-इडिया हर साल दो कंटेंट बनाने का है, बस इतना ही, इससे ज्यादा नहीं क्योंकि मैं अपने परिवार के साथ भी समय बिताना चाहती हूं। एक्ट्रेस, जो जल्द ही स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट ब्लाइंड में लीड रोल में नजर आएंगी, को हाल ही में भारत और विश्व स्तर पर सांस्कृतिक प्रभाव का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटिश प्रधानमंत्री के स्वागत समारोह में आमंत्रित किया गया था। एक्ट्रेस को यह भी लगता है कि भारत इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ रहा है क्योंकि भारतीय हस्तियों के पास जबरदस्त सॉफ्ट पावर है। उन्होंने कहा, इंटरनेशनल ब्रांड भारतीय अभिनेताओं को ब्रांड एंबेसडर के रूप में ले रहे हैं और वे उन्हें अधिक प्रदर्शित कर रहे हैं।

# होम्बले फिल्म्स ने नील की प्रभास स्टारर यूनिवर्स सालार पार्ट 1 का टीजर रिलीज किया




एक लंबे इंतजार के बाद, प्रशांत नील द्वारा डायरेक्टेड प्रभास स्टारर भारतीय फिल्म सालार पार्ट 1: सीजफायर के मच अवेटेड टीजर को रिलीज कर दिया गया है। बता दें कि कुछ अलग करने की सोच रखते हुए, निमार्ताओं ने सुबह 5:12 बजे टीजर के आने की घोषणा करके दर्शकों के बीच उत्साह को बढ़ा दिया था, जिस्-।की उम्मीद थी। जानेमाने निर्देशक प्रशांत नील द्वारा निर्मित यह यूनिवर्स हैरान कर देने वाले एक्शन की झलक पेश करता है। लीड किरदार को सभी से परिचित कराने वाले जबरदस्त डायलॉग्स से भरपूर, असल में यह आश्चर्यजनक और सबसे कमाल का टीजर यह दिखाने में कामयाब हुआ है कि यह हाई बजट वाली भारतीय फिल्म रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार है, जिसकी शुरूआत हो चुकी है। इसमें कोई दो राय नही है कि वाकई एक होश उड़ा देने वाला टीजर है जो आ गया है। भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को सबसे बड़ी एक्शन फिल्म्स देने वाले निर्देश-।क प्रशांत नील सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर केजीएफ के पीछे मौजूद एक अहम नाम हैं। ऐसे में निर्देशक ने एक नई दुनिया बनाई है जो भविष्य में अपनी खुद की विरासत स्थापित करने के लिए कई सीक्वेल को लीड कर सकती है। बड़े पैमाने और शानदार स्टार कास्ट से सजी इस फिल्म के निमार्ताओं ने हमें सबसे जबरदस्त टीजर में सिर्फ कुछ आकर्षक झलकियाँ दिखाई हैं, जबकि उन्होंने मेजर कंटेंट को सिर्फ मेन थिएटर ट्रेलर के लिए संभाल कर रखा है, जो जल्दी रिलीज होगी। हालाँकि, यहाँ ध्यान देने लायक दिलचस्प बात यह है कि यह सिर्फ पार्ट 1 है, और सालार यूनिवर्स से जिसका नाम सालार पार्ट 1: सीजफायर है। इसके अलावा, सालार पार्ट 1: सीजफायर एक आगामी भारतीय फिल्म है जो पहली बार जानेमाने निर्देशक प्रशांत नील और सुपरस्टार प्रभास की ड्रीम टीम को एक साथ लाती है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी के निमार्ता होम्बले फिल्म्स के विजय किरागांदुर द्वारा किया गया है, और इसमें केजीएफ फ्रेंचाइजी की वही तकनीकी टीम भी शामिल है। रामोजी फिल्म सिटी और उसके आसपास 14 बेहद बड़े सेटों के निर्माण के साथ, यह फिल्म ऐसी शानदार पेशकश करने का वादा करती है जो बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं देखी गई है। होम्बले फिल्म्स का सालार पार्ट 1: सीजफायर में प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू के साथ कई टैलेंटेड बड़े कलाकार शामिल होने के लिए तैयार हैं। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित, बहुप्रतीक्षित फिल्म 28 सितंबर, 2023 को तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल और हिंदी के साथ 5 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। चौंका देने वाले बजट के साथ, सालार पार्ट 1: सीजफायर अब तक बनी सबसे बड़ी भारतीय फिल्मों में से एक है, जो बाहुबली और केजीएफ फ्रांचीजी जैसी पॉपुलर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बराबर है। निमार्ताओं ने सीन्स को अच्छी तरह से बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, हाई केवल के वीएफएक्स और दिल जीत लेने वाले एक्शन सीन्स को देने के लिए उन्होंने फॉरेन स्टूडियो और स्टंटमैन की खासियत को शामिल किया है। टीजर रिलीज ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और प्रत्याशा की लहर जगा दी है, जो सालार के विशाल यूनिवर्स को समझने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो हो जाइए शानदार सिनेमाई यात्रा के लिए तैयार हो, क्योंकि प्रभास, पृथ्वीराज, श्रुति हासन, ईश्वरी राव, जगपति बाबू, श्रिया रेड्डी और अन्य लोग बड़े पर्दे पर अपने किरदारों में जान फूंकते नजर आने वाले हैं।

# रिचर्ड बर्डन को टाइगर 3 के लिए चुना

सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर 3 के लिए हॉलीवुड के टॉप स्टंट प्रोफेशनल रिचर्ड बर्डन को चुना गया है। फिल्म में सलमान जासूस टाइगर और कैटरीना जोया की भूमिका में हैं।टाइगर 3 में जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस है। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और इसमें शाहरुख खान भी होंगे, जो अपने पठान अवतार को दोहराएंगे। फिल्म में फ्रांज स्पिलहौस (वॉर), परवेज शेख (टाइगर जिंदा है, वॉर) और से-योंग ओह (वॉर) जैसे बेस्ट एक्शन निर्देशक हैं, जो विजुअल स्टनिंग एक्शन सेट-पीस को कोरियोग्राफ कर रहे हैं। लेटेस्ट बज यह है कि टीम ने टॉप हॉलीवुड एक्शन क्रिस बार्न्स को भी शामिल किया है, जिन्होंने मार्वल की ऐतिहासिक हिट एवेंजर्सः एंडगेम के साथ-साथ द बॉर्न अल्टीमेटम, आई एम लीजेंड, जोकर, डॉक्टर स्ट्रेंज, स्पाइडर-मैनः फार फ्रॉम होम, एव-ेंजर्सः इन्फिनिटी वॉर समेत अन्य फिल्मों में काम किया है। यह फिल्म इस दिवाली पर रिलीज होने वाली है।

# रोजिक को चूमने पर उर्फी ने की आलोचना



अभिनेत्री उर्फी जावेद ने बिग बॉस ओटीटी 2 में हाउस गेस्ट अब्दु रोजिक को जबरन चूमने की आलोचना की है। अब्दु रोजिक को प्रतियोगी मनीषा रानी ने जबरन चूम लिया, जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बिग बॉस ओटीटी 2 में अब्दु को अपनी पसंद के चार प्रतियोगियों के साथ अपने गाने चालक ब्रो और छोटा भाईजान पर एक रील शूट करना था। अब्दु ने जद हदीद, मनीषा रानी, अविनाश सचदेव, जिया शंकर के साथ रील शूट करने का फैसला किया। यह फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मनीषा की अनुचित व्यवहार के लिए आलोचना की गई। उर्फी ने लिखा, यह देखना बहुत मु-शिकल था। वह उसे जबरदस्ती क्यों चूम रही थी? वह बच्चा नहीं है। घटना के बाद अब्दु परेशान दिखे। उन्होंने कहा बिग बॉस मेरा काम हो गया। उसने मुझे मार डाला। मैंने उस्-।की जगह किसी और को क्यों नहीं चुना? ये मेरी जिंदगी की एक बड़ी गलती थी, वह पागल है।

# पुष्पा इम्पॉसिबल की कहानी दिलचस्प मोड पर



छोटे परदे का शो पुष्पा इम्पॉसिबल में अभिनेता हेमंत खेर भी शामिल हो गए है। कहानी एक दिलचस्प मोड़ लेने के लिए तैयार है। यह शो एक दृढ़निश्चयी सिंगल मां की कहानी पर आधारित है। इसमें हेमंत, वीरेन सीतलवाड की भूमिका निभाएंगे, जो एक व्यापारी है। वो पाटन में पटोला बुनकरों की बागडोर संभालता है। अपने किरदार पर हेमंत ने कहा कि पुष्पा इम्पॉसिबल जैसे शो के साथ टेलीविजन में कदम रखने का मौका मिलना आशीर्वाद है। वीरेन का किर-दार वास्तव में मुझे चरित्र की गहराइयों का पता लगाने का मौका देता है। उन्होंने कहा, इस किरदार को निभाने में कई चुनौतियां आई हैं, लेकिन मैं इसके लिए उत्सुक हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वीरेन की एंट्री पुष्पा के लिए किस तरह की नई परेशानी लेकर आएगी।

# चंद्रमुखी के रूप में भी दिखाई देंगी कंगना



अभिनेत्री कंगना रनौट वापसी की तैयारियों में हैं। वह दर्शकों को अब चंद्रमुखी के रूप में दिखाई देंगी। अभिनेत्री कंगना ने चंद्रमुखी 2 की रिलीज डेट का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। कंगना ने इंस्टाग्राम पर रिलीज की घोषणा के साथ राघव लॉरेंस का फर्स्ट-लुक पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में, राघव लॉरेंस को एक इंटेंस लुक में देखा गया। वहां एक बड़े से दरवाजे के की होल से झांकते हुए नजर आए। चन्द्रमुखी-2 के पोस्टर को साझा करते हुए कंगना ने पुष्टि की कि चंद्रमुखी इस गणेश चतुर्थी पर रिलीज हो रही है। उन्होंने लिखा, इस सितंबर वह वापस आ रही है... क्या आप तैयार हैं चंद्रमुखी 2 फिल्म गणेश चतुर्थी पर रिलीज होने वाली है, जो 19 सितंबर को मनाई जाएगी। पी वासु निर्देशित, चंद्रमुखी 2 ब्लॉकबस्टर हिट तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म चंद्रमुखी की अगली कड़ी है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका ने मुख्य भूमिका निभाई थी। चंद्रमुखी 2 में कंगना, राजा के दरबार में एक नर्तकी की भूमिका निभाएंगी, जो अपनी सुंदरता और नृत्य कौशल के लिए जानी जाती थी। फिल्म में कंगना के साथ तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस मुख्य भूमिका निभाएंगे। लाइका प्रोडक्शन और सुबास्करण की निर्मित यह फिल्म सितंबर में तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। एक यूजर ने लिखा, क्विन फॉर ए रीजन। एक दूसरे यूजर ने लिखा, हे भगवान, मैं आपको देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। एक फैन ने लिखा, बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

# वीएफएक्स से रणवीर ने तुम क्या मिले गाने पर बनायी रील



फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्टर रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने के प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर के किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अब बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अब रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है, बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनका आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स के जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया। शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा, आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टैग भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट कर उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो पर लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेयर में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा आदिपुरुष से बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है। एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये कोई तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का। 1 ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है। बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकारों में होती है। शायद ही कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भरी वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।

## सूडोकु नवताल- 6485

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6484 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

## शब्दजाल - 7232

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | ग | र | द | शा | व | ता | र | र | क |
| दा | वि | ल | ग | श | जी | ग | द | इ | द | ली |
| द | स्ता | ना | ल | र | छ | ची | द | रा | स्त | क |
| री | ज | र | दो | थ | ज | न | ह | न | र | क |
| क | खु | द | भा | लू | लं | का | न | ग | ख्वा | क |
| जी | द | श | ल | य | ख | पू | ना | हि | न | को |
| ती | लो | क | ड़ी | ब | प | र | श | र | र | द |
| क | र्ज | ल्जा | ई | धा | द | क | गो | लो | श | र्श |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | हे | लू | री | श | प | नी |
| तें | दु | आ | प | व | ज | र्त | ऐ | बें | हा | य |
| क | द | स्ता | वे | ज | ल | गा | य | द | प | थ |

*शब्द जाल में 'द' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

दशावतार, दहेज, दशक, दस्ताना, दहन, दस्तावेज, दशरथ, दर्शनीय, दलबदलू, दस्तरख्वान

### शब्दजाल - 7231 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | पु | र्त | गा | ल | ह | ट | झ | क | स्वि |
| यू | च | र | ह | रिं | लै | ता | दि | शा | को | ट |
| ना | र | ह | इं | ग्लैं | ड | ज | बे | ला | ल | ज |
| न | म | दा | लैं | ल | क | र्म | हा | दा | र | र |
| व | रा | र | ड | हा | मि | नी | चि | स | र | लैं |
| ह | बु | प | व | दा | ला | ट | वि | या | न | ड |
| ट | ल्गा | डे | अं | र | वी | ट | ह | ला | ह | क |
| बा | रि | वा | न | क | छ | सौ | न | हा | लैं | ड |
| स | या | तें | व | मा | ज | दा | ने | दा | र | द |
| र | ल | प | ति | रं | के | ऐ | स्वी | ड | न | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बौ | ख | ला | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6185

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | 7 | 35 | 4 |
| | 2 | | | 4 | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | | 5 | | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 24 | | 30 | |
| 7 | 6 | | 4 | | | 5 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6184 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 2 | 26 | 4 | 40 | 7 | 38 | 4 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 5 | 34 | 3 | 37 | 6 | 30 | 1 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 33 | 2 | 24 | 1 | 27 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# ऐशेज सीरीज...तीसरा टेस्ट : पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 263 पर ऑलआउट, मार्श का शतक; स्टंप्स तक इंग्लैंड- 68/3

**लीड्स।**
इंग्लैंड के लीड्स में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच ऐशेज सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की टीम 263 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम से मिचेल मार्श ने शतक लगाया। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने भी अपनी पहली पारी शुरू कर दी। टीम ने 3 विकेट खो कर 68 रन बना लिए। जो रूट (19) और जॉनी बेयरसटो (1) नॉटआउट लौटे। इंग्लैंड अब भी पहली पारी में 195 रन पीछे हैं, दूसरे दिन का खेल शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

**25 ओवर में 4 विकेट गंवाए** – टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम का टॉप आर्डर पूरी तरह फेल रहा। डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा ओपनिंग करने उतरे। वॉर्नर टेस्ट करियर में 16वीं बार स्टुअर्ट ब्रॉड का शिकार हुए। ऑफ स्टंप के बाहर आउट स्विंगर बॉल पर वार्नर सेकेंड स्लिप में जैक क्रॉले को कैच थमा बैठे। उन्होंने 4 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा 13 रन बनाकर मार्क वुड की गेंद पर बोल्ड हो गए। दूसरे टेस्ट में शतक लगाने वाले स्टीव स्मिथ 22 रन बना कर आउट हुए। वहीं मार्नस लाबुशेन 21 रन बना कर क्रिस वोक्स का शिकार हुए। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के 4 विकेट 25 ओवर के अंदर ही गिर गए।

**मार्श ने लगाया शतक** – शुरुआती ओवरों में विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने संभाला। दोनों ने 115 रन की साझेदारी की। हेड 39 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद विकेटकीपर एलेक्स कैरी भी 8 रन ही बनाकर पवैलियन लौट गए। मिचेल मार्श ने 118 रन की पारी खेली। उनके अलावा मिचेल स्टार्क 2, कप्तान पैट कमिंस 0 और टॉड मर्फी 13 रन बना कर आउट हुए। स्कॉट बोलैंड 0 रन के स्कोर पर नाबाद रहे।

**मार्क वुड ने 5 विकेट लिए** – इंग्लैंड से मार्क वुड का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। वुड ने 5 विकेट लिए। वहीं, क्रिस वोक्स को 3 और स्टुअर्ट ब्रॉड को 2 विकेट मिले।

**इंग्लैंड की पारी लडखड़ाई** – पहले दिन ही इंग्लैंड ने अपनी पारी शुरू कर दी। ओपनिंग करने उतरे बेन डकेट 2 रन और जैक क्रॉले 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 24 वर्षीय हैरी ब्रूक भी 3 रन ही बना सके और कमिंस का शिकार हो गए। जो रूट 19 और जॉनी बेयरस्टो 1 रन बना कर नॉटआउट लौटे। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया से पैट कमिंस ने 2 और मिचेल मार्श ने 1 विकेट लिया।

**प्लेइंग-11 में इंग्लैंड ने किए तीन बदलाव** – मेजबान टीम ने अपनी टीम में तीन बदलाव किए। अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। उनकी जगह तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ


### इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार भोजपुरी समेत 11भाषाओं में कमेंटरी भारत और : वेस्टइंडीज मुकाबलों में जियो सिनेमा पर सुनाई देंगी; आईपीएल में हुआ था प्रयोग



**नई दिल्ली ।** आईपीएल में सफल होने के बाद अब इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों की कमेंटरी भोजपुरी, पंजाबी, तमिल, तेलगू और कन्नड़ जैसी 11 क्षेत्रीय भाषाओं पर होगी। ऐसा पहली बार होगा जब हिंदी-इंग्लिश के अलावा क्षेत्रीय भाषाओं पर इंटरनेशनल मुकाबलों की कमेंटरी की जाएगी। इसकी शुरुआत भारतीय टीम के वेस्टइंडीज टूर से हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जियो ने वेस्टइंडीज टूर के मुकाबलों की कमेंटरी क्षेत्रीय भाषाओं में करने का मन बनाया है। उसने वेस्टइंडीज दौरे के लिए फैन कोड के साथ करार किया है। फैन कोड के पास प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीमिंग के अधिकार है। जियो के एक अधिकारी ने बताया, हम वेस्टइंडीज टूर के लिए क्षेत्रीय भाषाओं की कमेंटरी का पैनल बना रहे हैं। वेस्टइंडीज टूर 12 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। वहां टीम इंडिया को 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। इंटरनेशनल मैचों की क्षेत्रीय भाषाओं में कमेंटरी 27 जुलाई से होगी। इस दिन से टीम इंडिया को वेस्टइंडीज के साथ तीन वनडे और पांच टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। वनडे सीरीज का पहला मैच 27 जुलाई को, दूसरा 29 जुलाई को और तीसरा एक अगस्त को खेला जाएगा। शुरुआती दो मुकाबले केनसिंगटन ओवल बारबडोस में खेले जाएंगे, जबकि आखिरी मैच ब्रायन लारा अकादमी त्रिनिदाद में होगा। जियो ने यह पहल आईपीएल मैचों में भोजपुरी सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की कमेंटरी की सफलता के बाद की है। बता दें कि आईपीएल मैचों के दौरान फेंस ने भोजपुरी कमेंटरी को खूब पसंद किया है। खास तौर पर हिंदी बेल्ट (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, झारखंड और बिहार) के फेंस ने भोजपुरी कमेंट्री में खासी रुचि दिखाई थी। आईपीएल के भोजपुरी कमेंट्री पैनल में रवि किशन सहित 10 नाम शामिल थे।

### पीएसएल टीम मुल्तान सुल्तान्स के मालिक ने किया सुसाइडः पाकिस्तान में बिजनेसमैन थे आलमगीर तरीन, रिपोर्ट्स में दावा- खुद को गोली मारी

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तान्स के मालिक आलमगीर तरीन ने खुद को



गोली मार कर सुसाइड कर ली है। लाहौर के गुलबर्ग इलाके में स्थित उनके घर पर 63 वर्षीय बिजनेसमैन का शव मिला। उनकी टीम की कप्तानी पाकिस्तान टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान करते हैं। आलमगीर पाकिस्तान के साउथ पंजाब में वाटर प्यूरिफिकेशन का बिजनेस चलाते थे। 63 वर्षीय आलमगीर अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट भी रहे। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, उनकी आत्महत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। मुल्तान सुल्तान्स के सीईओ हैदर अजहर ने इस खबर की पुष्टि की है। अजहर ने तरीन के परिवार के प्रति गहरा दुख और संवेदना व्यक्त की। अजहर ने लिखा, आलमगीर तरीन हमारी टीम के खास मेंबर थे। हम उनकी अचानक और बेवक्त मौत से दुखी हैं। इस कठिन दौर में हमारी दुआएं उनके परिवार के साथ हैं। आलमगीर ने 2018 में अपने भतीजे अली खान तरीन के साथ सुल्तान्स फ्रेंचाइजी का खरीदी थी। तरीन परिवार काफी लंबे समय से साउथ पंजाब में रह रहा है।

### अपने शानदार प्रदर्शन के कारण उपकप्तान बने सूर्या : चोपड़ा

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने वेस्टईडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए आक्राम बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उप-कप्तान बनाये जाने को एक सही फैसला बताया। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि सूर्युकमार यादव अपने शानदार प्रदर्शन के कारण ही उप-कप्तान बने हैं। चोपड़ा ने कहा, जिस तरह से सूर्यकुमार यादव ने प्रदर्शन किया है, उसे देखते हुए उन्हें उप-कप्तानी देना सही कदम है। उन्होंने साथ ही कहा, यह सिर्फ टीम में वरिष्ठता का मामला नहीं है, बल्कि अगर आप अन्य तरीके से भी देखें, तो सूर्या बहुत सारे क्रिकेट अनुभव के साथ आए थे। थोड़ा देर से उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उप-कप्तान, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा विकल्प है। हार्दिक पंड्या, जिन्हें टी20 विश्व कप के बाद कप्तानी सौंपी गई थी। अब ऐसा लगता है कि यह अब अंतिम फैसला है, कि हार्दिक ही आने वाले समय में भारतीय टी20 टीम का नेतृत्व करेंगे। भारत के लिए टी20 क्रिकेट में 2021 में डेब्यू करने के बाद से ही सूर्यकुमार ने टी20 फॉर्मेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक 48 टी20 अंतर्राष्टीय मैचों मं कुल 1,675 रन बनाए हैं।

नीदरलैंड वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई

# 278 का टारगेट 42.5 ओवर में चेज किया, बास डी लीड की सेंचुरी ; स्कॉटलैंड बाहर

**बुलावायो।**
नीदरलैंड ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम के ऑलराउंडर बास डी लीड ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 5 विकेट लिए, फिर दूसरी पारी में सेंचुरी लगाते हुए टीम को 278 रन का टारगेट 42.5 ओवर में ही चेज करा दिया। नीदरलैंड को क्वालिफाई करने के लिए मुकाबला 44 ओवर में जीतना था। नीदरलैंड ने क्वालिफायर के सुपर-6 स्टेज में स्कॉटलैंड को हराया। अब नीदरलैंड और श्रीलंका के बीच 9 जुलाई क्वालिफायर स्टेज का फाइनल मैच खेला जाएगा। श्रीलंका भी वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।

**44 ओवर में चेज करना था टारगेट** – बुलवायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में शुक्रवार को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के बीच क्वालिफायर के सुपर-6 स्टेज का अहम मुकाबला खेला गया। स्कॉटलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 277 रन बनाए। टीम से ब्रेंडन मैकमुलेन ने सेंचुरी लगाई। नीदरलैंड को क्वालिफाई करने के लिए 44 ओवर में टारगेट हासिल करना था। अगर नीदरलैंड 44 ओवर के बाद जीत हासिल करती तो स्कॉटलैंड बेहतर रन रेट के कारण क्वालिफाई कर जाती। 278 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर्स ने 65 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन 72 रन तक दोनों ओपनर्स आउट हो गए। नंबर-3 पर उतरे वेसली बारेसी भी 11 रन ही बना सके।



**लीड ने किया ऐतिहासिक प्रदर्शन** – नीदरलैंड से पहली पारी में 5 विकेट लेने वाले बास डी लीड दूसरी पारी में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे। उनके सामने बैटर्स लगातार विकेट गंवा रहे थे, लेकिन लीड ने एक एंड संभाले रखा। एक समय टीम को क्वालिफाई करने के लिए 13 ओवर में 115 रन की जरूरत थी। यहां से लीड ने बड़े शॉट्स लगाने शुरू किए। लीड ने पहले कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। फिर साकिब जुल्फिकार के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। लीड 92 गेंद पर 123 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 7 चौके और 5 छक्के लगाए, लेकिन टीम को जीत दिलाने से 2 रन पहले वह आउट हो गए। उनके बाद उतरे लोगन वान बीक ने 43वें ओवर की पांचवीं गेंद पर एक रन लिया और टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी।

**कॉलिंगवुड-रिचर्ड्स के रिकॉर्ड की बराबरी की** – बास डी लीड वनडे इंटरनेशनल में 5 विकेट लेने के साथ सेंचुरी बनाने वाले चौथे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले वेस्टइंडीज के विवियन रिचर्ड्स, इंग्लैंड के पॉल कॉलिंगवुड और रोहन मुस्तफा ही ऐसा कर सके थे।

**बास डी लीड के पिता ले चुके हैं सचिन-द्रविड़ के विकेट** – वनडे वर्ल्ड कप 3 महीने बाद 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होगा। फॉर्म को देखते हुए बास डी लीड भी टूर्नामेंट में नीदरलैंड टीम का हिस्सा होंगे। वह अपने परिवार से वर्ल्ड कप खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बनेंगे। उनके पिता भी 1996, 2003 और 2007 में वनडे वर्ल्ड कप खेल चुके हैं। 2003 के वर्ल्ड कप में तो उनके पिता ने भारत के खिलाफ 4 विकेट लिए थे, इनमें सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के विकेट भी शामिल हैं। हालांकि टीम को जीत नहीं मिली थी।

**12 साल बाद वर्ल्ड कप खेलेगी नीदरलैंड्स टीम** – नीदरलैंड्स टीम ने 2011 में आखिरी बार वनडे वर्ल्ड कप खेला था। टीम 2015 और 2019 के वर्ल्ड कप में क्वालिफाई नहीं कर सकी और अब 12 साल बाद टीम फिर से वर्ल्ड कप खेलने उतरेगी। टीम पांचवीं बार वर्ल्ड कप में उतरेगी। अब तक वर्ल्ड कप में टीम ने 20 मैच खेले, लेकिन 18 में उन्हें हार मिली। टीम 2 ही मुकाबले जीत सकी।

**वर्ल्ड कप में पहुंच चुकीं टीमें...**
1. न्यूजीलैंड 2. इंग्लैंड 3. भारत 4. ऑस्ट्रेलिया 5. पाकिस्तान 6. साउथ अफ्रीका 7. बांग्लादेश 8. अफगानिस्तान 9. श्रीलंका 10. नीदरलैंड

**स्कॉटलैंड से मैकमुलेन ने शतक लगाया** – टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने दूसरी ही बॉल पर मैथ्यू क्रॉस (0 रन) का विकेट गंवा दिया। क्रिस्टोफर मैक्ब्रिज 32 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर खेलने उतरे ब्रैंडन मैकमुलेन (106 रन) ने शतक लगाया। कप्तान रिची बैरिंगटन ने 64 रन की पारी खेली। जॉर्ज मुन्सी 9 रन, माइकल लीस्क 1, टॉमस मैकिंतोश 38, क्रिस ग्रीव्स 18 और सुफियान शरीफ 2 रन बनाकर आउट हुए। नीदरलैंड की ओर से बास डी लीड ने 5 विकेट चटकाए। रयान क्लेन को 2 और लोगन वान बीक को एक विकेट मिला।

बाबर बोले- इंडिया-पाकिस्तान का मैच वर्ल्ड कप से बड़ा नहीं

# पाकिस्तानी कप्तान ने कहा- हमारा मकसद चैंपियन बनना, उसके लिए सभी को हराना होगा



**नई दिल्ली ।**
पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि इंडिया-पाकिस्तान का मुकाबला वर्ल्ड कप चैंपियनशिप से बड़ा नहीं है। उन्होंने कहा, सिर्फ भारत को हराना काफी नहीं, 8 और टीमें हैं। इनको हराने के बाद ही पाकिस्तान फाइनल खेल सकेगी। टीम का मकसद चैंपियन बनना है। मैच किसी भी वेन्यू पर हो, पाकिस्तान सभी टीमों के लिए तैयार है। वनडे वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से भारत में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

**1. हम वर्ल्ड कप खेलने आए, केवल भारत के खिलाफ खेलने नहीं आए** – पाकिस्तान टीम श्रीलंका दौरे से पहले कराची में ट्रेनिंग कैम्प कर रही है। यहां बाबर आजम ने कहा, हम वर्ल्ड कप खेलने जाएंगे, न कि सिर्फ भारत के खिलाफ खेलने। भारत के अलावा 8 टीमें और भी रहेंगी। हमारा फोकस सिर्फ एक टीम पर नहीं, बल्कि पूरे टूर्नामेंट पर है। हम सभी के खिलाफ अच्छा खेलकर जीतने का प्लान बना रहे हैं।

**2. किसी भी कंडीशन में खेलने को तैयार, इसे चैलेंज की तरह लेता हूं** – पाकिस्तान सरकार ने अब तक टीम का भारत जाना कन्फर्म नहीं किया है। इस पर बाबर बोले, मैच कहीं भी, किसी के भी खिलाफ हो, टीम पूरी तरह तैयार है। हम प्रोफेशनल क्रिकेट खेलेंगे, इंटरनेशनल लेवल पर आप किसी भी तरह की कंडीशन में खेलने के लिए तैयार रहते हैं। मैं एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में इस तरह के चैलेंज लेता हूं और हर देश में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश करता हूं। मैं हर बार पाकिस्तान को जीतते हुए देखना चाहता हूं।

**बाबर ने भारत के खिलाफ 5 वनडे खेले** – बाबर आजम ने भारत के खिलाफ 5 वनडे मैच खेले और 158 रन बनाए। इनमें वह एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। 48 रन उनका बेस्ट स्कोर है, जो उन्होंने 2019 के वनडे वर्ल्ड कप में बनाया था। इसके अलावा उन्होंने 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में भी भारत के खिलाफ वनडे मुकाबले हैं।

# स्वितोलिना और सोफिया केनिन तीसरे दौर में पहुंचीं, बेल्जियम की मर्टेंस और चीन की वेंग बाहर

**नई दिल्ली ।**
यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना और अमेरिका की सोफिया केनिन ने गुरुवार को विंबलडन टेनिस के चौथे दिन जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। क्वालिफाइंग दौर से पहुंचीं अमेरिका की सोफिया केनिन ने मुख्य ड्रॉ में लगातार अपना दूसरा मैच जीतते हुए चीन की वेंग को 6-4, 6-3 से हराया। स्वितोलिना ने दूसरे दौर में बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस को तीन सेटों तक चले मुकाबले में 6-1, 1-6, 6-1 से पराजित किया।



**चार साल पुरानी फॉर्म में** – स्वितोलिना ने अप्रैल में बिटिया को जन्म देने के बाद टूर में वापसी की है। इससे पिछले ग्रैंडस्लैम में वह क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में सफल रहीं थी। उन्होंने यहां अपने पहले दौर में अमेरिका की 43 साल की पांच बार की विजेता अमेरिका की वीनस विलियम्स को हराया था। 28 साल की स्वितोलिना ने मर्टेंस ने पहले सेट में दो ब्रेक के साथ आसानी से नियंत्रण बना लिया था। दुनिया की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी ने वैसी ही फॉर्म की झलक दिखाई है जैसे 2019 में दिखी थी, तब वह सेमीफाइनल तक पहुंची थी। दूसरे सेट में मर्टेंस ने लय हासिल कर ली और 5-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे सेट के दूसरे गेम में स्वितोलिना ने ब्रेक प्वाइंट हासिल किया और फिर नियंत्रण बनाते हुए सेट और मैच कब्जे में कर लिया।

**तीसरे दौर में सोफिया-एलिना की भिड़ंत** – क्वालिफायर दौर में तीन मैच जीतने वाली पूर्व ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन केनिन की मौजूदा रैंकिंग 128 है लेकिन एक समय वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी रह चुकी हैं। मुख्य ड्रॉ के अपने पहले मैच में उन्होंने अमेरिका की सातवीं वरीयता की कोको गाफ को हराकर उलटफेर किया था। पिछले महीने फ्रेंच ओपन में सू वेई के साथ युगल खिताब जीतने वालीं वेंग के खिलाफ एकल में केनिन की लगातार तीसरी जीत है। हालांकि चीनी खिलाड़ी के खिलाफ सोफिया ने कम विनर लगाए लेकिन बेजा गलतियां कम रहीं। सात में से चार ब्रेक प्वाइंट भुनाए। केनिन का सामना अब तीसरे दौर में यूक्रेन की एलिना स्तितोलिना से होगा। स्वितोलिना के साथ उनके पांच मुकाबले हुए हैं, जिसमें तीन बार स्वितोलिना जीतने में सफल रही हैं। ये सभी पांच मुकाबले 2019 में हुए थे।

**38 साल के वावरिंका तीन साल में पहली बार तीसरे दौर में** – पुरुष वर्ग में 38 साल के स्टेन वावरिंका ने दूसरे दौर में अपने से 15 साल छोटे अर्जेंटीना के थामस ऐचवेरी को 6-3, 4-6, 6-4, 6-2 से पराजित किया। तीन साल में पहली वावरिंका किसी ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में पहुंचे हैं। 88वीं रैंकिंग के वावरिंका पिछले छह ग्रैंडस्लैम में पहले या दूसरे दौर में बाहर होते रहे हैं।

# दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल...दूसरा दिन : नॉर्थ जोन को 54 रन की बढ़त; सेंट्रल जोन 128 पर ऑलआउट

**अल्लूर/बेंगलुरु ।**
दलीप ट्रॉफी में 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले जा रहे हैं। पहला नॉर्थ और साउथ जोन के बीच चल रहा है। वहीं, दूसरा मुकाबला सेंट्रल और वेस्ट जोन के बीच खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नॉर्थ जोन ने दूसरी पारी में साउथ जोन पर 54 रन की लीड बना ली। पहले दिन नॉर्थ जोन ने 198 रन बनाए थे। जवाब में साउथ जोन 195 रन ढेर हो गई।

वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन दूसरे दिन 128 रन पर ऑलआउट हो गई। वेस्ट जोन ने पहले दिन 220 रन बनाए थे। अब वेस्ट जोन ने दूसरी पारी में 3 विकेट खो कर 149 रन बना लिए है।

### साउथ जोन की पहली पारी में मिडिल ऑर्डर फेल

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में साउथ और नॉर्थ जोन के बीच सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन नॉर्थ जोन 198 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन साउथ जोन की टीम भी 195 रन ही बना सकी। टीम से मयंक अगरवाल ने 76 और तिलक वर्मा ने 46 रन बनाए।



उनके अलावा बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। साई सुदर्शन 9, रविकुमार समर्थ 1, हनुमा विहारी 0, रिकी भुई 0, वॉशिंगटन सुंदर 12, साई किशोर 21, केवी श्रीकांत 0 और विजय कुमार वैशाख 2 रन बनाकर आउट हुए। नॉर्थ जोन दूसरे ही दिन अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। प्रशांत चोपड़ा 19 और ध्रुव शोरे 5 रन बनाकर आउट हुए। अंकित कलसी 21 और प्रभसिमरन सिंह 6 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 51 रन पर 2 विकेट गंवा दिए, उनकी कुल बढ़त 54 रन की हो चुकी है।

### वेस्ट जोन ने की शानदार गेंदबाजी

अलुर क्रिकेट ग्राउंड पर वेस्ट और सेंट्रल जोन के बीच दूसरा सेमीफाइनल जारी है। दूसरे दिन वेस्ट जोन की टीम 220 रन पर ऑलआउट हो गई। शिवम मावी ने 6 विकेट लिए।

सेंट्रल जोन ने अपनी पारी शुरू की, लेकिन टीम 128 रन ही बना सकी। टीम से ध्रुव जुरेल 46 और रिंकू सिंह 48 रन बना सके। बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। ओपनर विवेक सिंह 2, हिमांशु मंत्री 4, अमरदीप खरे 4, उपेंद्र यादव 5, सारांश जैन 3, सौरभ कुमार 2, शिवम मावी 1 और आवेश खान 0 रन बनाकर आउट हुए। वेस्ट जोन से अर्जन नागवासवाला ने 5, चिंतन गाजा ने 2 और अतित सेठ ने 3 विकेट लिए।

### वेस्ट जोन की स्थिति मजबूत

वेस्ट जोन दूसरे ही दिन अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम से पृथ्वी शॉ 25 और कप्तान प्रियांक पांचाल 15 रन बनाकर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव ने 52 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक चेतेश्वर पुजारा 50 और सरफराज खान 6 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 3 विकेट पर 149 रन बना लिए, उनकी कुल बढ़त 241 रन की हो चुकी है।

बालिग पहलवानों का यौन शोषण केस

# बृजभूषण को कोर्ट में पेश होने का आदेश, सेक्रेटरी विनोद को भी समन

**पानीपत।**
भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर को तलब किया है। इसको लेकर कोर्ट ने समन जारी कर दोनों को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। इससे पहले इस केस की सुनवाई 1 जुलाई को हुई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने पर विचार के लिए 7 जुलाई की तारीख तय की थी।

**नाबालिग पहलवान और उसके पिता को नोटिस दे चुकी कोर्ट** – बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान के बयानों पर दर्ज केस की क्लोजर रिपोर्ट पर बीते मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कैंसिलेशन रिपोर्ट पर चर्चा के बाद कोर्ट ने बयान बदलने पर नाबालिग पहलवान और उसके पिता को नोटिस जारी कर बयान बदलने की वजह पूछी है। कोर्ट ने 1 अगस्त तक जवाब मांगा है। इस दौरान जज ने कहा कि कोर्ट नाबालिग का पक्ष जनना चाहता है। नाबालिग का पक्ष आने के बाद ही कोर्ट केस को रद्द करने पर फैसला लेगा। कुछ दिन पहले नाबालिग पहलवान ने कोर्ट में भी अपने बयानों को बदलते हुए कहा था कि मामला यौन शोषण का नहीं, भेदभाव का है। उसने झूठी शिकायत दी थी। इस पर दिल्ली पुलिस ने 15 जून को कोर्ट में कैंसिलेशन रिपोर्ट दायर की थी। इसमें कहा था कि जांच में यौन शोषण के कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसलिए इस केस को बंद कर रहे हैं।

**15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश की थी चार्जशीट** – बता दें कि दिल्ली पुलिस ने 15 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। आरोपियों में बृजभूषण के अलावा असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर का नाम भी है। चार्जशीट में पहलवानों के मजिस्ट्रेट के सामने दिए गए बयान को अहम आधार माना गया है।



बृजभूषण के खिलाफ करीब 7 गवाह मिले हैं। वहीं यौन शोषण की कथित जगह पर उनकी मौजूदगी के भी सबूत मिले हैं। चार्जशीट की पहली सुनवाई पर कोर्ट ने इसे कोर्ट में ट्रांसफर किया था। इसके अलावा, सोमवार को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को चार्जशीट की एक कॉपी शिकायतकर्ता पहलवानों को देने के आदेश दिए हैं।

**रास्ता रोकने या पीछा करने का केस 2012 का** – दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, बृजभूषण पर जो रास्ता रोकने या पीछा करने का केस है, वह 2012 का है। इसमें शिकायत करने वाली महिला पहलवान ने बताया था कि बृजभूषण ने एक टूर्नामेंट के दौरान उसकी मां से बात की और उसे अपने कमरे में बुलाकर कस कर गले लगाया।

जब महिला पहलवान घर लौटी तो अलग-अलग बहाने से कई बार उसकी मां के नंबर पर फोन करना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि बृजभषण की कॉल से बचने के लिए उसे अपना फोन नंबर तक बदलना पड़ा। हालांकि, इन आरोपों को साबित करने के मामले में कोई टेक्निकल एविडेंस नहीं मिले हैं।

**बालिग पहलवानों के यौन शोषण की बताई जगहों पर आरोपी मौजूद थे** – बालिग पहलवानों के केस में पुलिस ने 1500 पन्नों की चार्जशीट पेश की। इसमें पुलिस ने पहलवानों की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के आगे दिए बयान को चार्जशीट का प्रमुख आधार माना है। पुलिस ने कहा कि बालिग पहलवानों ने जिस जगह पर उनके साथ यौन शोषण के आरोप लगाए हैं, वहां आरोपियों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं।

पहलवानों ने पुलिस को जांच के दौरान सबूत के तौर पर 5 फोटो सौंपी हैं। इसके अलावा और भी डिजिटल सबूत दिए गए, उन्हें पेन ड्राइव में कोर्ट को सौंपा गया है। चार्जशीट में करीब 25 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। 7 गवाहों ने पीड़ित बालिग पहलवानों के आरोपों का सपोर्ट किया है। बाकी आरोपियों के पक्ष में बोले हैं। ट्रायल के दौरान इनका क्रॉस एग्जामिनेशन होगा।

पुलिस ने कजाकिस्तान, मंगोलिया और इंडोनेशिया के कुश्ती संघों से उन जगहों की फुटेज और फोटो देने को कहा है, जहां महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। अभी ये नहीं मिले हैं। इनके मिलने पर पुलिस केस में सप्लिमेंट्री चालान पेश करेगी।



# तनाव तो नहीं पेट की गड़बड़ी का कारण?

**तनाव** शरीर के अलग-अलग अंगों पर प्रभाव डालता है। पेट भी इससे अछूता नहीं रहता। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम पेट की एक आम समस्या है, जो बड़ी आंत पर असर डालती है। होमियोपैथी एवं मेटाफिजिक्स एक्सपर्ट डॉ. रश्मि अरोड़ा के अनुसार आमतौर पर पेट की समस्याओं से परेशान रहने वालों में तनाव एक बड़ा कारण पाया गया है। क्या हर तरह का तनाव रोग का कारण बनता है? उत्तर है नहीं। अप्रत्याशित तनाव, जिससे पहली बार सामना होता है या उस स्थिति में जब व्यक्ति को तनाव से दूर होने का तरीका नहीं सूझता, तब पेट पर इसका असर पड़ता है। नतीजतन कुछ को इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) की समस्या हो जाती है।

**तनाव और आइबीएसः** मेटा हेल्थ की नजर से आईबीएस या स्पास्टिक कोलोन लंबे अरसे तक चलने वाली बीमारी होती है, जिसमें बड़ी आंत प्रभावित होती है। आईबीएस में आमतौर पर लक्षण के तौर पर पेट में मरोड़ उठना, पेट दर्द, पेट फूलना, गैस और डायरिया या कब्ज की समस्या होती है। आईबीएस से ग्रस्त अधिकतर व्यक्तियों में तनाव ने घर कर लिया होता है या फिर वे बार-बार तनावपूर्ण स्थितियों से दो-चार होते रहते हैं।



**तनाव की यात्राः** इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में चिड़चिड़ाहट, अधीरता और क्रोध की अधिकता होती है, जो आंत की सूजन का कारण बनती है। सूजन यानी आकार का बढ़ना। क्रोध की अभिव्यक्ति के समय आंखें चौड़ी हो जाती हैं और नाक फूल जाती है। वैसे ही अंदर दबा गुस्सा अंदर के अंग यानी आंत के आकार को बढ़ाता है। मेटा हेल्थ की दृष्टि से इरिटेबल बाउल सिंड्रोम उनको होता है, जिनमें कोई क्रोध दबा हुआ होता है और वह उसे बाहर अभिव्यक्त करने की इच्छा नहीं रखते। रोगी के अवचेतन में यह विचार होता है कि वह इस क्रोध को दूर नहीं कर सकता। मस्तिष्क में आंत संबंधी समस्याएं ब्रेन स्टेम में दर्ज होती हैं और सुलझाई जाती हैं। आईबीएस को बढ़ाने वाली स्थितियां, जिन्हें हम ट्रिगर इवेंट्स कह सकते हैं, व्यक्ति के माहौल में होती हैं। यह शुरू होता है एक बड़े झटके से, फिर उससे तनाव होता है। कई बार तनाव की पहली स्थिति खत्म नहीं होती कि दूसरी शुरू हो जाती है और इस तरह आईबीएस पनपता है।

**उपचार का तरीका:** आईबीएस से ग्रस्त लोगों का सबसे बड़ा विश्वास यह होता है कि अगर उन्होंने उस विशिष्ट स्थिति को अभिव्यक्त किया तो उनके सामान्य जीवन में समस्याएं आ जाएंगी। लोग उनके बारे में नकारात्मक सोच सकते हैं। मेटा हेल्थ अप्रोच के माध्यम से लंबे समय से पेट की गड़बड़ी से जूझ रहे लोगों के ऐसे नकारात्मक अनुभवों की खोज की जाती है। उस अनुभव से संबंधित उनके नजरिए को संकीर्ण की बजाय विस्तार देने की कोशिश की जाती है, ताकि वे उस अनुभव से संबंधित अपने गुस्से या भावनाओं को प्रदर्शित कर सकें। उनके भय को खत्म कर उन लोगों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने की कोशिश की जाती है। यह कुछ महीनों तक चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें थेरेपी और दवाई एक साथ चलते हैं।

## थ्री डी प्रिंटिंग से बनेंगी हड्डियां...



**3 डी** प्रिंटिंग को लेकर कई तरह के रिसर्च चल रहे हैं। इससे अब मानव अंग बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। हाल ही में अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में भी इस पर एक रिसर्च किया गया है। वहां ऐसे मेटेरियल पर रिसर्च चल रहा है, जिसकी मदद से 3डी प्रिंटिंग के जरिए नई हड्डियां बनाई जा सके। इससे पहले 3डी प्रिंटिंग के जरिए जो भी हड्डियां बनाई गई हैं, वे पूरी तरह से कृत्रिम थीं। मगर अब जो हड्डियां तैयार की जा रही हैं, उनके मेटीरियल में 30 प्रतिशत मानव हड्डियां मिली हुई हैं। इसमें बायोडीग्रेडेबल पॉलिएस्टर का इस्तेमाल हुआ है। कृत्रिम चीजों के इस्तेमाल से हमारा शरीर प्लास्टिक की चीज से तालमेल नहीं बैठा पाता है, मगर यदि इसमें बोन पाउडर का प्रयोग होता है, तो यह शरीर की कोशिकाओं को आकर्षित करता है और उसके आसपास नेचुरल टिश्यू बन जाते हैं। इस मेटेरियल का यूज करके इसे किसी भी हड्डी का शेप दिया जा सकता है। अब डॉक्टरों की निर्भरता दूसरों द्वारा दान की हुई हड्डियों पर नहीं होगी। इस रिसर्च में चूहे की खोपड़ी में छोटा-सा छेद कर दिया गया। अब उस छेद को 3डी प्रिंटेड मेटीरियल से भर दिया गया है। इसके साथ में ही स्टेम सेल का भी प्रयोग किया गया। अब उसके ठीक होने की प्रक्रिया पर नजर रखी गई। पता चला कि पूरी तरह से कृत्रिम चीजों से बनी हड्डियों की तुलना में इन नई हड्डियों के आस-पास नए टिश्यू का ग्रोथ अधिक हुआ था।

## क्लॉथ फोल्डिंग मशीन...



अक्सर हम लोग घरों में देखते हैं कि ज्यादातर कपड़े इधर-उधर बिखरे रहते हैं जिन्हें संभालने के लिए महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बात पर ध्यान देते हुए फोल्डीमेट कंपनी ने एक ऐसी आटोमेटिक क्लॉथ फोल्डिंग मशीन विकसित की है जो घर में आपके कपड़ों को संभालने में मदद करेगी। इस मशीन में आपको बस इसके क्लिप पर अपनी टी-शर्ट और पेंट को टांगकर इसे ऑन करना होगा, जिसके बाद यह मशीन रोबोटिक हैंड की मदद से कपड़े को अंदर खींच लेगी और उसे सही तरीके से फोल्ड कर देगी। इसके नेक्सट प्रोसेस में कपड़े को स्टीम ट्रीटमेंट और इस पर परफ्यूम स्प्रे किया जाएगा। इसके बाद कुछ ही समय में इसकी स्क्रीन पर ट्रे फुल शो होगा और प्रेस किए गए कपड़े इस मशीन से बाहर आ जाएंगे। इसके क्रिएटर्स का कहना है कि यह मशीन आपके कपड़ों को दोगुनी तेजी से प्रेस कर देगी। उम्मीद की गई है कि इस मशीन को अगले साल तक बिक्री के लिए उपलब्ध किया जाएगा।



घूमने के लिए इनसान की सीमाएं फिलहाल पृथ्वी तक ही सीमित है, जिसे बढ़ाने के लिए कई देशों के वैज्ञानिक, स्पेस एजेंसियां और निजी कंपनियां पिछले कई दशकों से जुटी हैं। हाल में इस दिशा में कुछ नई कामयाबी हासिल हुई है, जिसके आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि इन्सान के पर्यटन का दायरा अब अन्य ग्रहों तक विस्तार ले सकता है।

# अब स्पेस टूरिज्म की ओर...

**धरती** से आगे कहीं घूमने जाने की योजना बना रहे हैं, तो बस तैयार हो जाइए तारों और ग्रहों की दूसरी दुनिया के सैर पर जाने के लिए। हम अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से कराये जाने वाले उस सैर-सपाटे की बात कर रहे हैं, जो धरती पर नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में की जा सकती है। नासा का कहना है कि हम सबसे पहले बृहस्पति ग्रह की ओर बढ़ रहे हैं और यह बेहद रोमांचक भी है। सौरमंडल की अविश्वसनीय घटनाओं को बिलकुल पास से देखना चाहेंगे? या फिर अपने ग्रहों के चारों ओर की खूबसूरती, शुक्र पर होने वाली अम्ल वर्षा, पृथ्वी से तीन गुना बड़े ग्रह बृहस्पति के चारों ओर उठते तूफान और पड़ोसी चंद्रमा व दूसरे ग्रहों के अद्वितीय सौंदर्य का अनुभव करना चाहेंगे? यदि हां, तो इसके लिए आप भी अंतरिक्ष में सैर की योजना बना सकते हैं। यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से रोमांचक अनुभवों का दावा करने वाले कुछ आकर्षक पोस्टर भी जारी किये हैं। कोई भी व्यक्ति किराया चुका कर अंतरिक्ष भ्रमण का रोमांचक आनंद उठा सकता है, जो एक सपना साकार करने जैसा होगा। अंतरिक्ष सैर-सपाटे के लिए अंतरिक्ष यानों-शटलों की विभिन्न तरह की डिजाइनों पर न केवल काम शुरू हो चुका है, बल्कि कुछ के परीक्षण भी किए जा चुके हैं।

## यात्रा 2018 में संभावित

नासा ने बीते साल 14 दिसंबर से मध्य फरवरी, 2016 तक अंतरिक्ष यात्रा के लिए मंगल ग्रह पर जाने के लिए इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये थे। इसके लिये नासा ने अंतरिक्ष यात्री द्वारा बनाया गया अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दिलचस्प वीडियो भी जारी किया है। खास बात यह है कि मंगल ग्रह पर जाने के लिए तत्पर आवेदकों की संख्या काफी चौंकाने वाली है। कुल 18,300 आवेदकों में से 8 से 14 यात्रियों को चुना जाना तय किया गया है। ट्रेनिंग के बाद उन्हें वहां भेजने के लिए तैयार किया जायेगा। उनकी यह यात्रा वर्ष 2018 में संभावित है। अंतरिक्ष अभियानों के लिए नासा अलग-अलग क्षेत्रों से योग्य अमेरिकी नागरिकों का चयन करती है। इनमें पायलट से लेकर इंजीनियर और वैज्ञानिक से लेकर डॉक्टर या फिर उसकी शर्तें पूरी करने वाला कोई भी सामान्य नागरिक हो सकता है।

## एयर टैक्सियों से यात्रा




स्पेस में सैर के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अंतरिक्ष यान-शटल को खास तरह से डिजाइन किया गया है। इसमें स्पेस टैक्सी स्पोर्ट्स कार की तरह छह सीटों वाली होंगी। नासा के कॉमर्शियल क्रू प्रोग्राम के अध्यक्ष केस ल्यूडर्स के अनुसार, ये टैक्सियां विमान बनाने वाली कंपनी 'बोइंग' और दूसरी कंपनी 'स्पेसएक्स' द्वारा बनाई जा रही हैं। बोइंग द्वारा बनायी जानेवाली टैक्सी 'सीएसटी100' है, जबकि स्पेसएक्स द्वारा बनायी जानेवाली टैक्सी का नाम 'ड्रेगन' रखा जाना है। ये यान न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' तक लाने और ले जाने का काम करेंगे, बल्कि वहां उनके लिए जरूरी सामान भी मुहैया करवाएंगे। इसके लिए इन यानों की सेवाएं 2017 से शुरू हो सकती हैं। इन यानों में ईंधन के रूप में ऑक्सीजन और इथेनॉल के मिश्रण का इस्तेमाल किया जायेगा, जबकि अन्य यानों में हाइड्रोजन पैराक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड गैस के इस्तेमाल का प्रयोग की जांच-परख जारी है।

## ये लोग जाएंगे स्पेस में

इस बारे में नासा के प्रशासक और पूर्व अंतरिक्ष यात्री चार्ली बोल्डेन का कहना है कि चुने गये अमेरिकी धरती से अंतरिक्ष यानों के जरिये उड़ान भरेंगे और इस समूह में कुछ विशेष प्रतिभाशाली पुरुष और महिलाओं को चुना जायेगा। अमेरिकी यान से अंतरिक्ष की ओर शुभारंभ करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि चुने गये प्रतिभागियों को अंतरिक्ष विमान तंत्र, स्पेस वॉकिंग और टीम वर्क का कड़ा प्रशिक्षण दिया जायेगा। उसके बाद ही प्रशिक्षण पूरा होने पर अलग-अलग अंतरिक्ष यानों में से किसी एक पर भेजा जायेगा। सफल प्रतिभागियों की घोषणा वर्ष 2017 के मध्य तक की जायेगी।

## क्यों खास है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म के प्रति आकर्षण के कई कारण हैं। जैसे अंतरिक्ष से दिखनेवाली सबसे खूबसूरत नीली धरती को देखने का आनंद और जीरो ग्रेविटी की अनुभूति के साथ अंतरिक्ष की रोमांचक घटनाओं का अनुभव होने के साथ इससे वैश्विक 'स्टेटस सिंबल' भी हासिल होगा । यही कारण है कि अंतरिक्ष की सैर के सपने पूरे करने वाले आवेदकों की संख्या वर्ष 1978 में 8000 की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो गई है।



## अंतरिक्ष में होटल

ऑर्बिटल टेक्नोलॉजीज नाम की रूसी कंपनी ने अंतरिक्ष में होटल स्थापित करने की भी योजना बनाई है। यह कंपनी वर्ष 2030 तक मंगल ग्रह पर जानेवाले अंतरिक्ष पर्यटकों को आकर्षक सुविधा देने की घोषणाएं करेगी। सरकारी सहयोग से चलने वाली इस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरगई कोस्तेंको के अनुसार, यह महत्वाकांक्षी योजना एक ऐसे आरामदायक होटल की है, जिसका पहला मॉड्यूल करीब 20 घनमीटर का होगा और इसमें सात पर्यटक रह सकेंगे । हालांकि यहां महज पांच दिन बिताने के लिए यात्रियों को करीब 10 लाख डॉलर खर्च करने होंगे।

## अंतरिक्ष पर्यटन के पोस्टर

हाल में ही में नासा ने अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'भविष्य के सपने' का दावा करते हुए 14 विंटेज यात्रा के आकर्षक पोस्टर जारी किए हैं। इसे नासा की जेट प्रोपल्सन लेबोरेटरी ने वर्ष 2016 के कैलेंडर के रूप में बनाया है, जो केवल नासा के कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को बांटे जायेंगे। जेपी एल्ल इसकी डिजिटल प्रतियां हर माह के हिसाब से जारी करेंगी, लेकिन कोई भी व्यक्ति इस फर्म की वेबसाइट से हार्ड कॉपी के रूप में इसे खरीद सकता है । इन पोस्टर में महीने के हिसाब से अलग-अलग विषय रखे गये हैं, जिनमें से एक 'द ग्रेड टूर' नासा के वॉयजर मिशन को दर्शाता है। इस मिशन पर नासा ने हर ग्रह की गुरूत्वाकर्षण के हिसाब से प्रत्येक स्पेसक्राफ्ट की गति को निर्धारित कर दिया था, ताकि स्पेसक्राफ्ट सौरमंडल की सीमाओं से परे जा सके। इस पोस्टर का नामकरण इन्हीं बातों को ध्यान में रख कर किया गया । एक अन्य पोस्टर 'इनसोलाडस' में शनि ग्रह के चंद्रमा को दिखाया गया है, जहां 100 से अधिक झरने हैं।

## 2001 में हुई थी शुरुआत

दो करोड़ डॉलर की टिकट लेकर अंतरिक्ष में सैर पर जानेवाले पहले अंतरिक्ष पर्यटक अमेरिका के एक व्यवसायी डेनिस टीटो थे । 28 अप्रैल, 2001 को उन्हें अमेरिका की कंपनी एक कंपनी स्पेस एडवेंचर लिमिटेड द्वारा रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से स्पेस में भेजा गया था। उनकी 10 दिवसीय रोमांचक यात्रा 6 मई, 2001 को खत्म हुई थी और वे सकुशल पृथ्वी पर लौट आये थे। आज भी किराया चुका कर अंतरिक्ष पर्यटन करवाने वाली एकमात्र संस्था यही है। टीटो के बाद दक्षिण अफ्रीका के कंप्यूटर उद्योगपति मार्क शटलवर्थ ने 25 अप्रैल से 5 मई 2002 तक अंतरिक्ष की सैर की, तो तीसरे अंतरिक्ष पर्यटक के तौर पर ग्रेगरी ओल्सेन एक अक्टूबर से 11 अक्टूबर, 2005 तक का समय गुजारते हुए कुछ प्रयोग भी किये। दुनिया के पहले स्पेस टूरिस्ट के रूप में प्रसिद्ध हो चुके टीटो करीब 500 दिनों की मंगल ग्रह की यात्रा पर जाने की तैयारी कर चुके हैं। उम्मीद जताई गई है कि जनवरी, 2018 में एक स्वयंसेवी संस्थान 'इंस्पिरेशन मार्स फाउंडेशन' के तहत वे मंगल की यात्रा पर जा सकते हैं। अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने के सबसे क़रीब आपको 'स्पेस एडवेंचर' कार्यक्रम ले जाता है, जिसके अंतर्गत प्रतियोगी को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में दस दिनों तक रहने का मौका मिलता है और इसके लिए उसे चुकाने पड़ेंगे करीब दो अरब 75 करोड़ रुपए।



## वर्जिन गेलेक्टिक की वापसी



अंतरिक्ष पर्यटन की दौड़ में वर्जिन गेलेक्टिक की वापसी हो चुकी है। अगर इस परियोजना में सबकुछ ठीक-ठाक रहा, तो छह लोगों को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमतावाले स्पेसक्राफ्ट में विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग के भी अंतरिक्ष पर्यटक बनने की इच्छा है। अपनी यह इच्छा उन्होंने वर्जिन गेलेक्टिक के नये वीएसएस यूनिट के नये स्पेसशिप टू क्राफ्ट के अनावरण के दौरान जताई थी। वर्जिन के मालिक रिचर्ड ब्रैनसन ने इस मौके पर कहा, 'हम नये अंतरिक्ष युग में प्रवेश कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि हमें एक नयी वैश्विक एकता बनाने में मदद मिलेगी ।' प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग ने कहा, 'यदि मैं अंतरिक्ष में जाने के योग्य और सक्षम हूं और रिचर्ड मुझे वहां ले जाना चाहें, तो मुझे स्पेसशिप में उड़ान भरने पर गर्व होगा ।' इस स्पेसक्राफ्ट को इस तरह से डिजाइन किया गया है, ताकि इसमें बैठे यात्रियों को स्पेस की उप-कक्षा में पांच मिनट तक के लिए ले जा सके। इस लिहाज से इसमें यात्रा करनेवाले पर्यटक को कुछ समय तक अंतरिक्ष का नजारा देखने का अनुभव होगा, जो नासा के अंतरिक्ष पर्यटन के उस नजारे से कुछ अलग होगा, जिन्होंने वहां दस दिन तक गुजारे हैं। इसके लिए काफी महंगी टिकट रखी गयी है, जो 2,50,000 डॉलर है ।

# क्यों मात खा गया वीचैट...?

**हर** स्मार्टफोन यूजर फेसबुक और व्हाट्सऐप से वाकिफ है। फेसबुक मैसेंजर भी लोगों के बीच काफी पसंद किया जाता है, लेकिन अगर वही सवाल आप वीचैट के बारे में पूछेंगे, तो लोग उसके बारे में शायद कम जानते होंगे। दुनिया भर में 76 करोड़ से भी ज्यादा लोग वीचैट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उसके बाद भी मैसेजिंग की दुनिया में व्हाट्सऐप बेताज बादशाह है। व्हाट्सऐप के 100 करोड़ से वो बहुत पीछे नहीं है। अपने स्मार्टफोन पर मानो सभी लोग व्हाट्सऐप को जगह जरूर देते हैं, लेकिन वीचैट के लिए वह जगह बनाना मुश्किल हो रहा है। चीन के अंदर वीचैट बेझिझक पहले स्थान पर है, लेकिन कई वजहों से वो दुनिया भर में अपनी छाप नहीं बना पा रहा है।



## क्या है वजह

वर्ष 2012 में जब वीचैट अलग-अलग देशों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा था, तो हर कहीं किसी न किसी चैट ऐप ने अपनी जगह बना ली थी।अमरीका में व्हाट्सऐप, इंडोनेशिया में ब्लैकबेरी मैसेंजर और भारत में भी व्हाट्सऐप काफी पसंद किया जाने लगा था। वीचैट ने चीन पर ध्यान देकर दूसरे देशों में वैसे ही प्रोडक्ट लांच नहीं किए, जैसे कि चीन में अगर आप वीचैट इस्तेमाल कर रहे हैं तो उसने कई गेमिंग कंपनियों के साथ करार किया है, जिससे कि आप गेम भी खेल सकते हैं, ऐसा दूसरे देशों में नहीं किया गया है।

## व्हाट्सऐप ने क्या किया

वीचैट के मुकाबले व्हाट्सऐप ने टेक्स्ट और वॉइस पर ध्यान दिया और जल्दी ही वीडियो कॉलिंग लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। वीचैट इस मामले में पीछे नहीं रहा है, लेकिन फिर भी वो मात खा गया। मैसेजिंग के बाजार में एक बार किसी कंपनी ने ग्राहकों का दिल जीत लिया तो उसके बाद उसे हटाना बहुत मुश्किल होता है। आपके सभी दोस्त अगर व्हाट्सऐप पर होंगे तो आपके वीचैट पसंद करने से कुछ नहीं होगा। ब्लैकबेरी मैसेंजर के साथ शुरुआत में ऐसा ही हुआ था, लेकिन बाद में कंपनी की हालत खराब हो गई। मैसेंजर तब सभी ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ तब नहीं मिलता था। ब्लैकबेरी ने उसे बदलने की कोशिश की पर तब तक काफी देर हो चुकी थी।

# लो ब्लड प्रेशर होने पर तुंरत करें ये काम

लो ब्लड प्रेशर में ब्लड प्रेशर 90 से भी कम हो जाता है। इसकी वजह से शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावति होते हैं। नमक का पानी पीने से ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। कैफीन के अलावा लेमन जूस, किशमिश, तुलसी फायदेमंद है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दिल का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। लेकिन वर्तमान में अनियमित खानपान और अस्वस्थ दिनचर्या के कारण उच्च रक्तचाप और निम्न रक्तचाप की समस्या बढ़ रही है। जब किसी के शरीर में रक्त-प्रवाह सामान्य से कम हो जाता है तो उसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। सामान्यत: ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। यदि ब्लड प्रेशर 90 से कम हो जाए तो उसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। इसे अगर गंभीरता से न लिया जाए तो इसका असर शरीर के दूसरे अंगों पर पड़ता है। ऐसे में शरीर में ब्लड का दबाव कम होने से आवश्यक अंगों तक पूरा ब्लड नही पहुंच पाता जिससे उनके कार्यों में बाधा पहुंचती है। ऐसे में दिल, किडनी, फेफड़े और दिमाग आंशिक रूप से या पूरी तरह से काम करना भी बंद कर सकते हैं। लो ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर तुरंत ये काम करें।

## नमक का पानी


नमक का पानी लो ब्लड प्रेशर के लिए बड़े काम का है। इससे ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। नमक में सोडियम मौजूद होता है और यह ब्लड प्रेशर बढ़ाता है। ध्यान रहे, नमक की मात्रा इतनी भी ना दें कि इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़े। बहुत ज्यादा मात्रा में नमक सेहत के लिए फायदेमंद नहीं माना जाता। कम ब्लड प्रेशर में एक गिलास पानी में डेढ़ चम्मच नमक मिलाकर पी सकते हैं।

## कैफीन का सेवन करें



कॉफी भी बड़े काम की है। ब्लड प्रेशर कम होने पर स्ट्रांग कॉफी, हॉट चॉकलेट, कोला और कैफीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से रक्तचाप सामान्य हो जाता है। यदि आपको अक्सर निम्न रक्तचाप रहता है तो आपको रोजाना सुबह एक कप कॉफी पीना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखें कि इसके साथ कुछ न कुछ जरूर खाएं।

## फायदेमंद है किशमिश



किशमिश को पारंपरिक आयुर्वेदिक दवा के रूप में देखा जाता है। लो ब्लड प्रेशर होने पर किशमिश खाना बहुत फायदेमंद होता है। रात में 30 से 40 किशमिश भिगो दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। जिस पानी में किशमिश भिगोई थी आप उस पानी को भी पी सकते हैं। महीने में आप ऐसा एक बार कर सकते हैं। इसके अलावा एक गिलास दूध में 4-5 बादाम, 15-20 मूंगफली और 10 से 15 किशमिश भी मिलाकर ले सकते हैं।

## गुणकारी है तुलसी



तुलसी कम होते ब्लड प्रेशर को सामान्य करने में मददगार साबित होती है। इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम जैसे कई तत्व पाए जाते हैं जो दिमाग को संतुलित करते हैं और तनाव को भी दूर करते हैं। जूस में 10 से 15 पत्तियां डाल दें। एक चम्मच शहद डाल दें और रोजाना खाली पेट इसका सेवन करें।

## लेमन जूस पिएं

लेमन जूस उच्च रक्तचाप में काफी फायदेमंद होता है लेकिन ये निम्न रक्तचाप में भी फायदेमंद होता है। जब डीहाइड्रेशन की समस्या हो तो यह बहुत ही उपयोगी है। कई बार लेमन जूस में हल्का सा नमक और चीनी डालकर पिया जा सकता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी। साथ ही लीवर भी सही से काम करता है।

हेल्दी खानपान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से भी लो ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**